लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 49, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 37.0° अधिकतम तापमान 20.0° न्यूनतम तापमान आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 05:53 सूर्यास्त 18:29

हल्द्वानी, रविवार, 7 अप्रैल 2024

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज...13

महिला को अर्धनग्न कर घुमाया, चार गिरफ्तार

तरन तारन, एजेंसी

- वायरल वीडियों पर पुलिस ने कहा- घटना 31 मार्च की शाम की
- पंजाब के तरन तारन की 55 वर्षीया महिला से हुई घटना

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़िता के बेटे ने युवती से उसके परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि वोल्टोहा गांव में महिला से मारपीट और उसे अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में वल्टोहा के जीवन नगर के कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी है। यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी। एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की संग भाग गया था और शादी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो, जिसमें महिला को परेड कराते देखा गया था, आरोपियों ने वायरल किया था।

सिसोदिया को 18 तक जेल से राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने शनिवार को ईडी के एक मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ समीक्षा याचिका भी रद कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी रद हो चुकी हैं।

प्रधानमंत्री ने सहारनपुर की चुनावी रैली में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

कमीशन के लिए चुनाव लड़ रहा इंडिया गठबंधन : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी
- भगवा वाहन पर सवार मोदी का गाजियाबाद में पहला रोड शो

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन कमीशन के लिए है जबकि एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है। शक्ति के अपमान को नवरात्र से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले खत्म हो चुकी है। गाजियाबाद में भगवा वाहन से रोड-शो करके मतदाताओं को लुभाते मोदी दिखे।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को सहारनपुर की चुनावी रैली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रदीप चौधरी के लिए जनता से वोट करने की अपील कर रहे थे। मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा। बल्कि विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की 370 से कम व एनडीए की 400 से कम सीटें की जा सके। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं वहीं, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं हो रही।

गाजियाबाद में रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी ने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा वोट

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की तमाम नाकामियां गिनाते हुए कहा कि हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें। जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख सकें। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, सांसद व कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
लोक दर्पण
इस बार के रविवारीय संस्करण में स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन।

सुल्ताना डाकू ने रामनगर और पीलीभीत के जंगलों में डाला था डेरा।

पढ़ें विशेष...

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

2022 विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करके ले जा रही थी जांच एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को हुए विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जा रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। जांच एजेंसी के प्रवक्ता के मुताबिक हमले में एक अधिकारी घायल और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 50 से 60 महिलाओं की भीड़ ने सुबह 6.20 बजे एनआईए अधिकारियों के वाहन पर हमला कर जमकर तोड़फोड़ की। स्थानीय पुलिस थाने में एनआईए ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। शनिवार की इस घटना ने पांच जनवरी की घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि में राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ था।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के कड़े प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई थी। दोनों आरोपी बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों की तलाशी के बाद पकड़ा गया। जाना के घर की तलाशी के दौरान लोगों ने एनआईए के काम में बाधा डालने की कोशिश की। भीड़ ने टीम को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने स्थानीय पुलिस थाने में इसकी शिकायत की है।

- हमले में एक अधिकारी घायल, तोड़फोड़ में एनआईए टीम का एक वाहन क्षतिग्रस्त

जाना और मेइती पर आतंक फैलाने की साजिश का आरोप

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जाना और मेइती पर आतंक फैलाने के लिए देसी बम बनाने और विस्फोट की साजिश का आरोप है। भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को कच्चे मकान में हुए विस्फोट में राजकुमार मन्ना, बिस्वजीत और बुद्धदेव मन्ना घायल हुए थे और बाद में तीनों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस ने मारे गए तीनों लोगों के खिलाफ तीन दिसंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर करके मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एनआईए ने हाईकोर्ट के 21 मार्च 2023 के आदेश पर चार जून को जांच का जिम्मा लिया और फिर से मामला दर्ज किया। जांच के दौरान एनआईए ने कई अन्य आरोपियों की भूमिका को उजागर किया था, जिनमें नरूबिला गांव का मनोब्रत जाना और निनारुया अनलबेरिया का बलाई चरण मेइती शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोलकाता में एनआईए की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

हमले को गंभीरता से लिया जाए : राज्यपाल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एनआईए पर हुए हमले पर कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जांच एजेंसियों को परेशान करने की कोशिश से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बहुत गंभीर स्थिति है और मामले से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता

बालुरघाट। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया। एजेंसी के अधिकारी जांच के लिए तड़के ग्रामीणों के घरों में घुसे थे।

चुनाव में माहौल खराब करने की थी तैयारी

लखनऊ। नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़े गए तीनों आतंकी रामनवमी और लोकसभा चुनाव में माहौल खराब करने की तैयारी में थे। एटीएस और एनआईए उनसे पूछताछ कर रही हैं। एटीएस तीनों को नेपाल और कश्मीर ले जाएगी। पूछताछ में पता चला कि जम्मू-कश्मीर के अल्ताफ एवं उसके मामा गजनफर 10 वर्ष से पाकिस्तान में रह रहे थे। दोनों आईएसआई एजेंट सलीम की मदद से भारत आए थे। पाकिस्तान से ही दोनों आईएसआई और हिजबुल मुजाहिद्दीन के संपर्क में आए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस से एटीएस ने इनका ब्योरा मांगा है। अल्ताफ ने अपने बचाव में कहा कि वह सलीम की मदद से घर वापसी कर रहे थे तभी पकड़े गए। एटीएस इनके पास से बरामद मोबाइल डाटा की जांच कर रही है। क्योंकि एटीएस को भनक है कि तीनों आतंकी किसी बड़ी घटना कराने की फिराक में थे।

बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

4 से 6 लाख में निःसंतान दंपत्ति को बेचते थे बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर सीबीआई ने की छापेमारी
- एजेंसी ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को किया बरामद

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं। गिरोह फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के जरिए बच्चे गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों से संपर्क करता था। सीबीआई प्रवक्ता ने अभियान के बारे में बताया कि गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपये प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे। ये आरोपी गोद लेने से संबंधित दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करके कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल थे। तलाशी में सीबीआई ने 5.5 लाख नकद और दस्तावेज जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों सहित 10 लोगों पर आईपीसी के प्रावधानों और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के उद्देश्य के साथ अन्य अवैध उद्देश्यों के लिए भी शिशुओं की खरीद-बिक्री करता है।

एक नजर

यौन उत्पीड़न में शिक्षक के निलंबन को मंजूरी

नई दिल्ली। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक को निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। पिछले महीने 22 वर्षीय एमबीबीएस की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। निलंबन आदेश में सक्सेना ने कहा कि उन्होंने सहायक प्रोफेसर को निलंबित करने और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार किया है।

उप्र, बिहार में कई स्थानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। एनआईए ने भाकपा (माओवादी) पर कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में कई स्थान पर शनिवार को छापे मारे। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ली। एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज मिले। एनआईए ने पिछले साल 10 नवंबर को बलिया में भाकपा (माओवादी) के हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज की बरामदगी के बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

इलाज में लापरवाही से बच्ची की उंगलियां कटीं, 15 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का फैसला
- चिकनपॉक्स के इलाज के लिए एसके नर्सिंग होम में किया था भर्ती

अमृत विचार : इलाज में लापरवाही की वजह से बच्ची के हाथ की उगंलियां काटनी पड़ी। जिस पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एसके नर्सिंग होम पर 15 लाख का जुर्माना लगाया है।

अधिवक्ता सुमित बजाज व सौरभ पांडेय के मुताबिक दमुवाढूंगा खाम जवाहर ज्योति निवासी सुरेंद्र कुमार की एक साल 8 माह की बेटी को 18 अक्टूबर 2017 को चिकनपॉक्स व बुखार था। वह बच्ची को लेकर तिकोनिया में ठंडी सड़क स्थित एसके नर्सिंग होम गए। यहां बच्ची का उपचार गलत होने से हालत बिगड़ गई। बच्ची के हाथ में सूजन हो गया और स्किन नीली पड़ने लगी। बच्ची का इलाज कर रही महिला चिकित्सक से कहा गया तो उन्होंने इसे सामान्य बात करार दिया, लेकिन बच्ची के पिता संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने बच्ची को शहर के दो और निजी अस्पताल में दिखाने के बाद गुड़गांव और फिर एम्स में भर्ती कराया। एम्स में चिकित्सकों ने बताया कि इंफेक्शन से बच्ची को गैंगरीन हो गया है, जिससे बच्ची के बाएं हाथ की हथेली के पिछले हिस्से से स्किन और उगंलियां काटनी पड़ी। इस मामले में कोरम के अध्यक्ष रमेश जायसवाल, सदस्य विजयलक्ष्मी थापा व सदस्य लक्ष्मण सिंह रावत ने एसके नर्सिंग होम की डॉ.अदिति जैमन गुप्ता और उसके मैनेजर पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। ये रकम एकमुश्त पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। इसमें से 5 लाख रुपये बच्ची के खाते में जमा करने और 10 लाख रुपये माता-पिता के संयुक्त खाते में जमा करने को कहा है। इस रकम को पीड़िता की शिक्षा, पालन -पोषण व उपचार आदि में खर्च किया जाएगा।

आतिशी ने ईडी से भाजपा पर कार्रवाई की मांग की

नई दिल्ली। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग का नोटिस मिलने के एक दिन बाद शनिवार को ईडी से कथित धनशोधन के लिए भाजपा के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। आप नेता ने संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उसे पार्टी में शामिल होने अथवा एक माह के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके बाद आयोग ने आतिशी को नोटिस जारी किया। मंत्री ने कहा, महज शक के आधार पर ईडी ने आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ धन के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जहां एजेंसी धन के लेन-देन को साबित करने में सक्षम है।

गगन शक्ति अभ्यास

उन्नाव जिले में गगन शक्ति 2024 अभ्यास के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ करता भारतीय वायु सेना का विमान।

पड़ेगीं बारिश की बौछारें गर्मी से मिलेगी राहत

संवाददाता,हल्द्वानी/काशीपुर

- नौ अप्रैल से बदल सकता है मौसम, पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश की संभावना

अमृत विचारः मौसम विज्ञान केंद्र ने संभावना जताई है कि नौ अप्रैल के बाद मौसम बदल सकता है और बारिश के साथ पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि का अनुमान है। फिलहाल मैदानों में दिन में गर्मी है।

विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार नौ से 12 अप्रैल तक पूरे राज्य में मौसम बदल सकता है। रिमझिम बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं। कुमाऊं मंडल की बात करें तो अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत जिलों के साथ नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में भी बारिश हो सकती है। बारिश होती है तो इन दिनों बढ़ रहे तापमान से राहत मिलेगी। हल्द्वानी में दिन गर्म है और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को पंतनगर विवि के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि तराई के मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। पश्चिमी दिशा से 4.3 किमी प्रतिघंटा गर्म हवा चलनी शुरू हो गई है। काशीपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम 11.5 डिग्री है। रविवार और सोमवार को अधिक गर्मी रहेगी। अनुमान है कि तापमान 37 डिग्री पहुंच सकता है।

तिहाड़ में पूछताछ की याचिका के विरोध में कोर्ट पहुंचीं कविता

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता ने शनिवार को अदालत में सीबीआई की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें कथित घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी।

राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की सीबीआई को शुक्रवार को अनुमति दे दी थी। कविता को ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

कांग्रेस ने सैनिकों का किया अपमान : धामी

ब्यूरो, देहरादून

मुख्यमंत्री ने लोस प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में रुद्रप्रयाग में की जनसभा

- मुख्यमंत्री धामी ने जखोली में गढ़वाल की जनसभा से कांग्रेस पर किया हमला

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को रुद्रप्रयाग के जखोली में गढ़वाल संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देवभूमि के लाल विपिन रावत जो अद्भुत पराक्रम एवं शौर्य के पर्याय थे, कांग्रेस ने सदैव सैनिकों का अपमान किया और वीरता पर प्रश्न खड़े किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रप्रयाग राज्य की वीरधरा है, जिसने भारत की रक्षा के लिए कई लाल न्योछावर किए हैं। 19 अप्रैल को उत्तराखंड में मतदान होने वाला है। जनता के आशीर्वाद से इस बार हर कोई कह रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने जा रही है। राज्य के विभिन्न स्थानों में हो रहे कार्यक्रमों में जनता का रुझान भाजपा के प्रति है। निश्चित ही गढ़वाल संसदीय सीट में सबसे अधिक मत प्रतिशत रुद्रप्रयाग से रहेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना और अधिक सशक्त हुई है। सैनिकों तक अच्छे से अच्छा उपकरण, वर्दी पहुंचाई जा रही है। वन रैंक वन पेंशन लागू हुआ। दुश्मन की गोली का जवाब गोलों से दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं। जो सैनिक देश की रक्षा में अपनी पूरी जवानी लगाते हैं, उन सैनिकों की सुविधा हमारी सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 400 पार का दिया है। यह नारा विकसित भारत की गारंटी है। तंज कसा कि विपक्ष में चुनाव लड़ने का ही सामर्थ्य नहीं है, उनके यहां चुनाव लड़ने वाला कोई नहीं है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीर भूमि है। वह सैनिक परिवार की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। शहीद सैनिकों की याद में देहरादून में सैन्य धाम बनाया जा रहा है। राज्य में केंद्र की 2 लाख करोड़ की योजनाएं स्वीकृत हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी से 19 अप्रैल को पहले मतदान, फिर जलपान की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी, विधायक भरत चौधरी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, महावीर पंवार आदि मौजूद रहे।

रुद्रप्रयाग में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्य अभियुक्त के साथी की तलाश में जुटी एसटीएफ

लखनऊ। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल व अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के आरोपी डा. शरद सिंह की तलाश एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शरद ने मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था, अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। इसी मामले में आरोपी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद शरद का नाम सामने आया था। एसटीएफ मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा, अमित सिंह के अलावा दो अन्य को कौशांबी से गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे पूछताछ में शरद का नाम सामने आया था।

सार-संक्षेप

भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

हल्द्वानी : भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रभारी बलवंत सिंह भौर्याल ने भाजपा ध्वज फहराया और मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और ध्वज वितरण किया। इस दौरान पूर्व दर्जा मंत्री प्रकाश हर्बोला, प्रताप रैक्वाल, विजय मनराल, रेनू अधिकारी, मधुकर श्रोत्रिय, भुवन भट्ट आदि मौजूद रहे।

बीडी पांडे चिकित्सालय के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू

नैनीताल : बीडी पाण्डे चिकित्सालय के 40 वर्ष से अधिक आयु के समस्त कर्मचारियों का परीक्षण शुरू कर दिया गया। पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति सजगता जरूरी है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े व्यक्तियों के लिए अधिक जरूरी हो जाता है। जिसके चलते अस्पताल कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू कर दिया है। शनिवार को कई चिकित्सकों की जांचें की गई।

सीडीओ को ग्रामीणों की भावना से कराया अवगत

भीमताल : विकासखंड ओखलकांडा की ग्राम सभा कूकना के ग्रामीणों की ओर से लोकसभा चुनाव के बहिष्कार के ऐलान का प्रकरण सुलझने की संभावना दिख रही है। ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर पूर्व प्रधान मदन नौलिया को वार्ता के लिए विकास भवन मुख्य विकास अधिकारी के कार्यलय अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा। इस दौरान वार्ता में ढोली गांव, धैना मोटर मार्ग को कुकना से देवली पहुंच मोटर मार्ग बनाने एवं कैड़ा गांव मोटर मार्ग को रीठा साहिब मिलने और पूर्व में स्वीकृत पॉलिटेक्निक कॉलेज ढोली गांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुकना हाईस्कूल कैडि गांव का उच्चीकरण आदि को लेकर वार्ता हुई। मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ 10 अप्रैल को बैठक आयोजित करने की बात कही।

रूसी गांव के जंगलों में लगी आग

आग पर काबू पाता दमकल कर्मी।

नैनीताल : गर्मी का मौसम शुरू होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ने लगी हैं। शनिवार को नैनीताल के स्टोन ले, पंत सदन क्षेत्र के जंगल में आग लग गई। जंगल में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर काबू पाया। इसके अलावा नैनीताल रूसी गांव के जंगल में संदिग्ध लोगों ने आग लगा दी। दमकल और वन विभाग की टीम ने समय रहते जंगल की आग पर काबू पा लिया।

कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

भीमताल : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल भीमताल मिनी स्टेडियम के समीप लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन संयुक्त रूप से निवर्तमान चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनौतिया, पूर्व चेयरमैन सतीश लाल वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी विपिन सनवाल, गोपाल दत्त पलड़िया, पीसी नौगाई, खुशीराम तथा नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी ने किया। बाद में कार्यकर्ताओं ने बाईपास रोड से रामलीला मैदान मल्लीताल तक घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क किया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, जिला युवा उपाध्यक्ष नीरज कुमार, विधानसभा युवा अध्यक्ष सूरज मेहरा, खुशीराम, गोपाल दत्त पलड़िया, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगाईं, निर्मला आर्य, रीना आर्य, पीसी नौगाई, वरिष्ठ कमरुनिशा, देवकी सांगुड़ी, केआर आर्य, भूपेंद्र कनौजिया, इंद्रजीत बिष्ट, जुबेर खान, आमिर बेग, चारु जोशी आदि मौजूद थे।

वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार रही सरोवर नगरी

मैदानी क्षेत्रों में गर्मी शुरू होते ही राहत पाने के लिए नैनीताल पहुंचने लगे सैलानी, खिले पर्यटन कारोबारियों के चेहरे

शनिवार को पंत पार्क में चहल कदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

नैनीताल में नौकायन का आनंद लेते सैलानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : अप्रैल का महीना शुरू होते ही मैदानी क्षेत्रों में गर्मी शुरू हो गई है। इससे राहत पाने के लिए अब काफी संख्या में लोग नैनीताल पहुंचने लगे हैं। वीकेंड पर यह संख्या काफी बढ़ जा रही है। पर्यटकों की संख्या बढ़ने पर स्थानीय होटल कारोबारी और नौका संचालक काफी खुश नजर आ रहे हैं।

नैसर्गिक सौंदर्य और गर्मी से निजात पाने, महानगरों की भागदौड़ से थकान मिटाने और सुकून के पल बिताने के लिए शनिवार को काफी संख्या में सैलानी सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नैनी झील में नौकायन का आनंद लिया तो वहीं चिड़ियाघर में वन्य जीवों के दीदार को सैलानियों की लंबी कतार लगी रही। केव गार्डन, हिमालय दर्शन, बारापत्थर, किलबरी, रोप वे, स्नोव्यू, वाटर फॉल, टिफिन टॉप आदि क्षेत्रों से नैसर्गिक सौंदर्य को सैलानियों ने अपने कैमरों में कैद किया। वहीं दूसरी ओर पंत पार्क, भोटिया बाजार, माल रोड से जमकर खरीदारी भी की, जिसके चलते पर्यटन पर आधारित स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर रौनक देखने को मिली।

मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बीडी पांडे के डॉक्टर लिख रहे बाहर की दवा

नैनीताल : बीडी पांडे अस्पताल आने वाले मरीज बाजार से महंगी दवा खरीदने को मजबूर हैं। डॉक्टर मरीजों को बाजार की दवा लिख रहे हैं। अस्पताल में दवा होने के बावजूद भी मरीजों को अस्पताल से दवा नहीं मिल रही। पूर्व में हाईकोर्ट भी सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों को बाजार से दवा न लिखने के आदेश दे चुका है। अस्पताल पहुंचे आनंद सिंह ने बताया कि दांत में परेशानी थी कुछ दवा अस्पताल से मिली हैं कुछ बाहर से लिखी हैं। दीक्षा ने बताया कि अस्पताल से सारी दवा नहीं मिल रही। संजय ने बताया कि आधी दवाएं अस्पताल में हैं और डॉक्टर कुछ बाहर से लिख रहे हैं। इस संबंध में पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने कहा कि अस्पताल में लगभग सभी दवाएं उपलब्ध हैं। कुछ मरीज खुद से ही डॉक्टरों से बाहर की दवाओं की लिखवाते हैं।

कुविवि में अनुसंधान को प्राथमिकता देने का प्रयास

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में शनिवार को कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर कुलपति ने विश्वविद्यालय में शोध, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ाने हेतु किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोग, अनुसंधान और खोज को प्राथमिकता देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और इसे प्राप्त करने के लिए एक संस्कृति स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक के दौरान निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार ने प्रजेंटेशन के माध्यम से एकेडमिक कैलेंडर, विद्यार्थियों के रिकॉर्ड और फीडबैक, शिक्षक-स्टाफ प्रोफाइल, रिसर्च पब्लिकेशन व सुपरविजन, लेक्चर आदि पर प्रकाश डाला। बैठक में प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखंड सरकार के पर्यटन विभाग में विशेष कार्याधिकारी भाष्कर खुल्बे ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में निदेशक डीएसबी परिसर प्रो. नीता बोरा शर्मा, कुलसचिव दिनेश चंद्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, प्रो. आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

पंत पार्क में पालिका की कार्रवाई का विरोध करते फड़ व्यवसायी। ● अमृत विचार

पालिका ने पंत पार्क से हटाए अवैध फड़

संवाददाता,नैनीताल

अमृत विचार : शहर के पंत पार्क में अवैध रूप से संचालित हो रहे फंड कारोबार पर नगर पालिका सख्त हो चला है। शनिवार को नगर पालिका की टीम ने पंत पार्क से गुरुद्वारे तक अवैध रूप से लग रही फड़ों को हटा दिया।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पालिका की टीम को फड़ व्यवसायियों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। विरोध के बावजूद पालिका की टीम ने पंत पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से लगी दुकानों को हटा दिया। इस दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने फड़ व्यवसायियों को चेतावनी भी दी।

> नैनीताल हाईकोर्ट से पंत पार्क क्षेत्र में फड़ लगाने के लिए समय और स्थान तय किया गया है, जिसकी अनदेखी कर कुछ लोग तय स्थान और समय का पालन नहीं कर रहे हैं। जिन पर कार्रवाई की गई है। साथ ही पालिका की ओर से चिन्हित फड़ कारोबारियों को चिन्हित वेंडर जोन में जाने के निर्देश दिए हैं।
> – राहुल आनंद, ईओ, नगर पालिका

डॉ. सामंत फेलो ऑफ लिनियन सोसाइटी लंदन चुने गए

डॉ.एसएस सामंत।

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के पूर्व छात्र तथा पूर्व निदेशक एचएफआरई शिमला व यूकॉस्ट के एमिरेट्स साइंटिस्ट डॉ. एसएस सामंत फेलो ऑफ लिनियन सोसाइटी लंदन चुने गए हैं। डॉ. सामंत कुमाऊं विश्वविद्यालय एलुमनी सेल के उपाध्यक्ष व फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज हैं। डॉ. सामंत के 360 साइंटिफिक पेपर पब्लिश हो चुके हैं, 5620 सिटेशन के साथ आई 10 इंडेक्स 99 तथा एच इंडेक्स 40 है। उनके फेलो चुने जाने पर डॉ. बीएस कलाकोटी, डॉ. शेखर पंत, कूटा अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, महासचिव डॉ. विजय कुमार आदि ने बधाई दी।

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment 9456727473 9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

आवश्यकता है
अमृत विचार के हल्द्वानी संस्करण को
डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 8077909468, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड

टेंडर नहीं होने पर पालिका खुद कर रही डीएसए पार्किंग का संचालन

नैनीताल : नगर पालिका की ओर से फरवरी से पहले सप्ताह में डीएसए फ्लैट्स पार्किंग ठेके को लेकर निविदा आमंत्रित की थी, लेकिन तीन बार टेंडर जारी करने के बाद भी पार्किंग के लिए किसी ने आवेदन नहीं किया, जिसके बाद पालिका को 10 प्रतिशत की कटौती करनी पड़ी थी, जिसके बाद पालिका ने डीएसए का बेस प्राइज एक करोड़ 15 लाख कर टेंडर अपलोड कर दिए था, लेकिन आचार संहिता के कारण टेंडर नहीं किया गया, जिस कारण पालिका स्वयं ही डीएसए पार्किंग का संचालन कर रही है, जिससे पालिका को रोजाना लगभग 40 हजार की आमदनी हो रही है।नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि आचार संहिता के कारण टेंडर नहीं हो पाया, जिस कारण पालिका स्वयं ही पार्किंग का संचालन कर रही है। पालिका के 12 कर्मचारी पार्किंग में लगाए गए हैं। चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बाद टेंडर किया जाएगा।

स्वीप टीम की उपस्थिति में जनजागरुकता कार्यक्रम संपन्न

भीमताल : भीमताल विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, पारियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल, क्लस्टर अध्यक्ष एनआरएलएम और स्वीप की टीम की उपस्थिति में जनजागरुकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि कार्यक्रम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयंसहायता समूह की महिलाएं यह सिद्ध कर रही हैं कि एनआरएलएम योजना से जुड़ने के बाद महिलाएं ना केवल आजीविका संवर्धन की ओर अग्रसर हुई हैं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियां भी बखूबी निभा रही हैं। रामगढ़ की स्वाभिमान क्लस्टर की महिलाएं लोकगीतों के साथ ही नुक्कड़ नाटकों से वोटरों को मतदान के प्रति जागरुक कर रही हैं। नुक्कड़ नाटक से महिलाओं ने वोट की अपील की।

लेक ब्रिज चुंगी की पर्ची अब 90 मिनट तक होगी मान्य

नैनीताल : नगर में प्रवेश के लिए हर वाहन से लगभग 110 रुपये टोल टैक्स लिया जाता है, जिसके बाद अगर किसी को दोबारा तल्लीताल से मल्लीताल आना होता है तो उसे दोबारा टोल टैक्स देना होता है, लेकिन पालिका की ओर से से नियम जारी किया गया है। एक बार टोल टैक्स देने पर वह पर्ची 90 मिनट तक मान्य रहेगी, जिससे पर्यटकों को भी आवाजाही में सुविधा मिलेगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि जो भी व्यक्ति टोल टैक्स देता है उसकी पर्ची 90 मिनट तक मान्य रहेगी और पर्ची में समय अंकित होना अनिवार्य है।

आप सभी को विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्पर्श न्यूरोसाइकिएट्रिक सेंटर
मनोचिकित्सा, यौन सम्बन्धित समस्या, व्यसन मुक्ति केन्द्र
DR. RAVI SINGH BHAINSORA
M.B.B.S. M.D (Psychiatry) Ex Consultant, Base Hospital, Ex Senior Resident, J.N.M.C., Ex M.O, U.K.H.S.
• De-addiction (व्यसन मुक्ति)
• Depression (अवसाद)
• Schizophrenia (मनोविदलता या विखंडित मानसिकता)
• Bipolar Disorder (द्विध्रुवी विकार)
• Memory Clinic
• Sexual Problems
• Dementia (मनोभ्रंश)
• Headache and Migraine (गंभीर सिर दर्द या अधकपाली)
• Anxiety Disorders (चिंता विकार)
• OCD (मनोग्रसित-बाध्यता विकार)
• Neuropathy (न्यूरोपैथी)
• Epilepsy (मिर्गी)
• Phobia (दुर्भीति या फोबिया)
• व्यवहार सम्बन्धी समस्या अन्य प्रकार के मानसिक रोग
ABOVE NAINITAL DISTRICT CO-OPERATIVE BANK, IN FRONT OF BAZJPUR BUS STAND, PILIKOTHI, HALDWANI.
SUNDAY CLOSED APPOINTMENT ONLY. CONTACT- 7617794225

MASTER EGG
DAILY PROTEIN PARTNER
रोज खायें फार्म के ताजे अंडे
स्वाद
सेहत
संतुष्टि
QUALITY MANAGEMENT SYSTEM
FOOD SAFETY MANAGEMENT SYSTEM
ENVIRONMENTAL MANAGEMENT SYSTEM
HACCP CERTIFIED COMPANY
C.V.SINGH (Advocate)
fssai License Number : 12724009000037
जल्द आ रहा है आपके शहर में MASTER EGG
HIMANSHU GANGWAR
Produced & Packed By :
VRINDA POULTRY FARM
Vill. Tulsipur, Rithaura Abhaypur Road, Bareilly (U.P.)
REGD. OFFICE: D/103, Krishna County Apartments, Mini Bypass Karamchari Nagar, Bareilly (U.P.)
Call For Distributorship : 7060013234 www.Masteregg.in

सालसा नृत्य में कोमल और वैभव प्रथम

भीमताल : देहरादून में वीर माधव सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय में दूसरा वार्षिक उत्सव कौथीग 2024 आयोजित हुआ। अनेकता में एकता पर आधारित इस उत्सव में कई सांस्कृतिक और खेलकूद की प्रतियोगिताएं शामिल थीं। विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न संस्थाओं और कॉलेजों ने प्रतिभाग किया। बिड़ला इंस्टीट्यूट भीमताल की ओर से सबसे अधिक छात्रों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रतिभा किया। मॉडलिंग में मोहम्मद अमन को मिस्टर इवनिंग का किताब मिला। सालसा नृत्य में कोमल पांडे और वैभव जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पश्चिमी नित्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया। संगीत में मोहम्मद सलीम खान ने दूसरे स्थान पर बाजी मारी और वहीं यश पंत ने वाद्य में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया। कविता में प्रतीक सिंह रावत तीसरे स्थान पर रहे। समूह प्रतियोगिता में नाटक और महिमा एक्ट में छात्राओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक और खेलकूद में अद्भुत प्रदर्शन के बाद बिडला इंस्टिट्यूट को समग्र विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर निदेशक प्रोफेसर बीके सिंह और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह भी मौजूद थे।

कैलाश न्यूरो सेंटर
डॉ. लक्ष्मीकान्त जोशी
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी)
IDF C बैंक के सामने, कालाढूंगी रोड, पीलीकोठी, हल्द्वानी
WORLD HEALTH DAY
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 7409873078, 6395587708
समय : प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं सायं 05 से 07 बजे तक
सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश)

पंचायत घर में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के समीप है चौकी, बीते दिन विद्यालय की तरफ गिरा था मलबा

अंग्रेजों के जमाने की पटवारी चौकी से बच्चों को खतरा

एक्सक्लूसिव

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रामपुर रोड पंचायत घर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास अंग्रेजों के जमाने की बनी पटवारी चौकी है, जो वर्तमान में विद्यालय के बच्चों के लिए खतरे का सबब बन गई है। चौकी का भवन आधा ढह चुका है। जिसका मलबा बीते दिन विद्यालय की तरफ गिरा है। खंडहर हो चुका चौकी का भवन कभी भी भरभरा कर गिर सकता है, जिससे बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है।

विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने जर्जर हो चुकी पटवारी चौकी को तुरंत ध्वस्त की मांग उठाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन को शीघ्र सुरक्षित तरीके से ध्वस्त किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे सुरक्षित रह सकें।

विद्यालय के आसपास के दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिन पहले चौकी के भवन का आधा हिस्सा अचानक गिर गया और पास की दुकान व विद्यालय के पास मलबा आ गया। इसके बाद से ही दुकानदारों में भी डर का माहौल है। इधर, विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा खाती ने बताया कि इस बारे में ग्राम प्रधान को कई बार सूचित किया गया, लेकिन उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। भवन पहले से जर्जर था, कुछ दिन पहले इसका आधा हिस्सा गिर गया है। बाकी का हिस्सा भी कभी भी ढह सकता है।

बोले लोग

पटवारी चौकी भवन की जर्जर स्थिति के बारे में स्थानीय पटवारी को कई दिन पहले अवगत करा दिया था। इस संबंध में तहसीलदार को भी सूचित किया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।
-बीसी पंत, सामाजिक कार्यकर्ता

चौकी का जर्जर भवन कभी भी गिर सकता है। जिससे बच्चों के साथ-साथ मेरी दुकान को भी खतरा बना हुआ है। ग्राम प्रधान और अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।
-दया किशन सुयाल, दुकानदार

ग्राम प्रधान और पटवारी को कई बार शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। तहसीलदार को भी इस संबंध में शिकायत की गई है। अब भवन आधा गिर चुका है, इससे बच्चों को खतरा है।
-दीपचंद्र बेलवाल, स्थानीय निवासी

पटवारी चौकी बरसात में या तेज हवा से कभी भी गिर सकती है। पास में स्कूल भी है जिससे कभी भी कोई दुर्घटना होने पर बच्चों को खतरा है। जिम्मेदार विभाग और अधिकारियों को इसके लिए शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिए। **- संतोष बिष्ट**, स्थानीय निवासी

विद्यालय में गिरे पटवारी चौकी के मलबे को देखते लोग। ● अमृत विचार

जहां से चोरी हुई बाइक वहीं बेचने पहुंचा चोर

हल्द्वानी, अमृत विचार : नौ दिन पहले जिस स्थान से बाइक चोरी हुई, चोर वहीं बाइक बेचने पहुंच गया। मामला मुखानी थाना क्षेत्र का है। मल्ला फतेहपुर मुखानी निवासी अमित रौतेला टीबी अस्पताल में कार्यरत हैं। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उन्होंने कहा कि बीती 28 मार्च को वह पत्नी के साथ कठघरिया में साप्ताहिक हाट बाजार में गए थे। लौटते समय बाइक गायब थी। हाट बाजार के पास ही एक दर्जी की दुकान है। शनिवार को चोर दुकान मालिक के पास पहुंच गया और बाइक का सौदा 12 हजार में तय हो गया। दुकानदार ने रजिस्ट्रेशन के लिए जब वाहन स्वामी को फोन किया तो चोरी का खुलासा हो गया, लेकिन तभी चोर बाइक समेत फरार हो गया। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नगर निगम ने मरे हुए लोगों पर लिखवा दिया मुकदमा

मलिक का बगीचा की भूमि खुर्द-बुर्द करने का मामला, छह नामजद आरोपियों में से एक और की हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कंपनी बाग (मलिक का बगीचा) की जिस भूमि के लिए बनभूलपुरा में हिंसा भड़की, उस मामले में नगर निगम की ओर से छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इनमें से तीन लोगों की तो सालों पहले ही मौत हो चुकी है। जबकि एक नामजद आरोपी की हालत गंभीर बनी हुई है। शेष दो आरोपियों में अब्दुल मलिक व उसकी पत्नी साफिया हैं, ये दोनों जेल में हैं। नामजद आरोपियों की खोज में निकली पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है।

मालूम हो कि बीती आठ फरवरी को मलिक का बगीचा से हिंसा भड़की थी। जमकर पथराव, आगजनी और गोलीबारी हुई थी। जिसमें छह लोगों की गोली लगने से मौत हुई थी और दर्जनों पुलिस, नगर निगम व मीडिया कर्मी घायल हुए थे। आक्रोशित भीड़ ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया था। हिंसा के मामले में तीन मुकदमे दर्ज कराए गए थे। चौथा मुकदमा 22 फरवरी को नगर निगम के सहायक आयुक्त गणेश भट्ट की तरफ से दर्ज कराया गया था। इस मुकदमे में साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक, अब्दुल मलिक निवासी अब्दुला बिल्डिंग लाइन नंबर आठ आजादनगर, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां निवासी हल्द्वानी, गौस रजा खां निवासी लाईन नंबर 17 आजाद नगर और अब्दुल लतीफ निवासी बरेली को नामजद किया गया। इन पर एक राय होकर षड़यंत्र कर धोखाधड़ी व जालसाजी कर नजूल भूमि को खुर्द-बुर्द करने का आरोप है।

बनभूलपुरा हिंसा में अब्दुल मलिक को मुख्य किरदार माना गया। इसलिए हिंसा से संबंधित मुकदमों में वह वांछित था। पुलिस ने हिंसा के आरोप में अब्दुल मलिक को गिरफ्तार कर लिया था। मलिक की गिरफ्तारी होने पर नगर निगम की तरफ से दर्ज मामले में भी उस पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने निगम के इस मुकदमे में जांच आगे बढ़ाई तो सबसे पहले अब्दुल मलिक की पत्नी को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच के लिए पुलिस ने शेष आरोपियों के बारे में खोजबीन की तब पता चला कि जिन्हें वह ढूंढ रही है उनकी तो सालों पहले मौत हो चुकी है। जिनकी मौत हो चुकी है उनमें नबी रजा खां, अख्तरी बेग और अब्दुल लतीफ हैं।

छठे आरोपी 84 वर्षीय गौस रजा की हालत चिंताजनक बनी हुई है। गौस रजा का दिल्ली में उपचार चल रहा था। कई दिनों तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। जिसके बाद परिजन उसे घर ले आए हैं। इस मामले में अब्दुल मलिक व उसकी पत्नी साफिया जेल में हैं। पुलिस साफिया को रिमांड पर ले सकती है। कोतवाल उमेश मलिक के बताया कि नगर निगम से संबंधित भूमि से जुड़े कुछ और दस्तावेज मांगे गए हैं।

बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा, जहां से अतिक्रमण हटाया गया। ● फाइल फोटो



अब्दुल मलिक। ● अमृत विचार

साफिया मलिक। ● अमृत विचार

ये है कंपनी बाग का पूरा मामला

हल्द्वानी : कंपनी बाग (मलिक के बगीचा) की नजूल भूमि के खरीद-फरोख्त के मामले में नगर निगम की ओर से हल्द्वानी कोतवाली में रिपोर्ट लिखवाई गई है। आरोप है कि नामजद आरोपियों ने मरे हुए व्यक्ति का शपथ पत्र देकर सरकारी जमीन (कंपनी बाग) जिसे मलिक का बगीचा कहते हैं, उसे हड़पने, खुर्द-बुर्द करने और बेचने का आपराधिक षड्यंत्र किया। सरकारी विभागों और कोर्ट में मरे हुए व्यक्ति के नाम से झूठे शपथ पत्र दिए। मरे हुए व्यक्ति के नाम से कोर्ट में रिट भी डाली।

बेलबाबा के पास कारों में टक्कर, पांच लोग घायल

रामपुर रोड बेलबाबा के पास घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कारें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेलबाबा मंदिर के पास शनिवार को दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में वृंदावन से लौट रहे दंपति, उनके बच्चे और ड्यूटी पर जा रहे चिकित्सक घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और वाहनों को किनारे कर यातायात सुचारू किया।

जानकारी के मुताबिक बजुनिया हल्दू कठघरिया निवासी अमित वर्मा अपनी पत्नी अरुणिका वर्मा, बेटे सिद्धार्थ और बेटी कानिया के साथ वृंदावन घूमकर हल्द्वानी लौट रहे थे। इधर, हल्द्वानी निवासी डॉ. यदुराज भट्ट अपनी कार से ड्यूटी पर जा रहे थे। वह जिला अस्पताल रुद्रपुर में वरिष्ठ चिकित्सक हैं। दोनों कारें बेलबाबा के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने टकरा गईं। जिसमें अमित वर्मा और सिद्धार्थ घायल हो गये। अरुणिका के पैर में फ्रैक्चर हो गया और कानिया का जबड़ा फट गया। हादसे में चिकित्सक को भी गंभीर चोटें आईं हैं। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि सभी घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसा

- वृंदावन से बच्चों के साथ लौट रहा था परिवार, ड्यूटी पर रुद्रपुर जा रहे थे चिकित्सक
- पत्नी का पैर फ्रैक्चर, बेटी का जबड़ा फटा, निजी अस्पताल में घायलों का चल रहा इलाज

एक नजर

ट्रेन से यात्री का बैग उड़ाया

हल्द्वानी : चोर ने देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस से यात्री का बैग चोरी कर लिया। जीआरपी चौकी लालकुआं ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव देवी रोड पोईसर कांदीवली वेस्ट मुंबई निवासी योगेन्द्र माहेश्वरी पुत्र चंपालाल माहेश्वरी ने बताया कि बीती 5 अप्रैल को वह देहरादून-काठगोदाम एक्सप्रेस से काठगोदाम जा रहे थे। इसी दौरान किसी ने उनका बैग चोरी कर लिया। बैग में कई एटीएम, क्रेडिट कार्ड, चांदी का सिक्का, लैपटॉप, वोटर आईडी आदि सामान था।

निर्माणाधीन मकान में चोरी

हल्द्वानी : चोरों ने निर्माणाधीन मकान में चोरी कर ली। मामले में मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांधीनगर बिंदुखत्ता निवासी हीरा सिंह पुत्र खुशाल सिंह ने पुलिस को बताया कि जयदेवपुर गोकुल धाम में उनके निर्माणाधीन मकान में तार फिटिंग का काम चल रहा था। बीती 4 अप्रैल की सुबह वह मकान पर पहुंचे तो गेट का ताला टूटा था और हजारों रुपये का तार गायब था।

खाली बाल्टी लेकर किया प्रदर्शन

समस्या

- राजेंद्र नगर में एक माह से पानी के लिए परेशान हैं लोग
- जल्द आपूर्ति सुचारू न होने पर दी मोर्चा खोलने की चेतावनी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पानी की समस्या से जूझ रहे राजेंद्र नगर वार्ड 12 के लोगों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। उन्होंने खाली बाल्टी लेकर जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए रोष प्रकट किया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर शीघ्र पानी की आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे।

कांग्रेस नेता हेमंत साहू के नेतृत्व में लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारे लगाये। साहू ने कहा कि विगत एक माह से वार्ड के सैकड़ों परिवार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन जल संस्थान ने अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है। क्षेत्र में अभी तक नई पेयजल पाइप लाइन तक नहीं डाली गई है। प्रीती साहू ने बताया कि पाइप लाइन निर्माण के लिए तहसील दिवस से लेकर विभागीय अधिकारियों तक को आवेदन दिया जा चुका है, इसके बाद भी समस्या का हल नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समस्या से निजात नहीं मिली तो विभागीय अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। प्रदर्शन करने वालों में आशा देवी, सरोज गोस्वामी, गिरीश चंद्र, मनोज कुमार टीका, राधेश्याम कश्यप आदि शामिल रहे।

खाली बाल्टी के साथ प्रदर्शन करते राजेंद्र नगर के लोग। ● अमृत विचार

ट्यूमर की गांठ का सफल ऑपरेशन

हल्द्वानी, अमृत विचार : सुशीला तिवारी अस्पताल में वेगल नर्व में ट्यूमर की गांठ का जटिल ऑपरेशन किया गया है। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जमरानी निवासी 24 वर्षीय युवक दो साल से गर्दन की गांठ से पीड़ित था। एसटीएच में जांच के बाद युवक के वेगल नर्व में ट्यूमर की गांठ की पुष्टि हुई।

न्यूरो सर्जन डॉ. अभिषेक राज ने बताया कि इस प्रकार के मामले बहुत कम मिलते हैं। वेगल नर्व दिल, बोलने व पेट और आंतों को नियंत्रित करती है। वेगल नर्व से ट्यूमर की गांठ निकालकर मरीज का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। ऑपरेशन में ईएनटी सर्जन डॉ. अचिन पंत, एनेस्थीसिया विभाग व अन्य चिकित्सकीय टीम व नर्सिंग स्टाफ का योगदान रहा।

रोडवेज बस से सड़क जाम, लोग परेशान

हल्द्वानी कोतवाली के सामने लगे जाम में फंसी स्कूल की बसें व अन्य वाहन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रोडवेज बस की वजह से शनिवार को नैनीताल रोड पर जाम लग गया। जिसमें कई स्कूलों की बसें और एंबुलेंस भी फंसी रही। तेज गर्मी के बीच जहां बच्चों को काफी परेशानी हुई। वहीं राहगीर भी रोडवेज बस चालक को खरी-खोटी सुनाते दिखे। आनन-फानन में पुलिस कर्मी ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

शनिवार की दोपहर स्कूलों में छुट्टी हुई तो नैनीताल रोड पर यातायात बढ़ गया। पर्यटन सीजन होने की वजह से वाहनों की संख्या अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। इसी बीच बरेली रोड से आई रोडवेज की एक बस स्टेशन पर पहुंची, लेकिन जगह न होने के कारण बस अंदर नहीं जा पाई और तिरछी होकर सड़क में फंस गई। कुछ देर तक लोग बस के पीछे बची जगह से निकलते रहे, लेकिन बाद में कारों के कारण दोनों ओर का यातायात बाधित हो गया। एंबुलेंस का सायरन सुनकर एक पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचा और स्टेशन में जगह खाली कर बस को अंदर कराया।

चुनावी मोर्चे पर 13 हजार होमगार्ड

हल्द्वानी, अमृत विचार : हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 13 हजार होमगार्ड के जवानों को चुनाव ड्यूटी पर लगाया है। रविवार को इन जवानों को जिलों में तैनात कर दिया जाएगा। होमगार्ड विभाग के कुमाऊं कमांडेंट ललित मोहन ने बताया कि पूरे राज्य में तैनाती के लिए उत्तर प्रदेश से 9 हजार और हिमाचल से करीब चार हजार होमगार्ड जवान बुलाए गये हैं।

जवानों की तैनाती पोलिंग बूथ, आईएसटी और एफएसटी टीमों में लगाई जाएगी। हालांकि रविवार को ही यह स्थिति साफ हो पाएगी कि कुमाऊं और गढ़वाल मंडल में कितने-कितने जवान तैनात किए जाएंगे। सभी जगह फोर्स के रुकने का इंतजाम सरकारी व निजी स्कूल, कॉलेज और धर्मशालाओं में किया गया है।

सीटी स्कैन मशीन ठीक करने को मांगे 50 हजार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन को खराब हुए चार दिन हो गए हैं। इसके रख-रखाव के लिए किसी भी कंपनी को ठेका नहीं दिया गया। जिसके चलते मशीन को ठीक कराने में अस्पताल प्रबंधन को दिक्कत आ रही है।

बेस अस्पताल में सीटी स्कैन के लिए आ रहे मरीजों को एसटीएच भेजा जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने मशीन खराब होने के बाद इंजीनियर से संपर्क किया तो इंजीनियर ने मशीन को ठीक करने के एवज में 50 हजार रुपये शुल्क की मांग कर दी। यह सुनकर अस्पताल प्रबंधन के होश उड़ गए। उधर, एसटीएच में खराब हुई सीटी स्कैन मशीन को तीन दिन में ही ठीक करा लिया गया है। एसटीएच में सीटी स्कैन मशीन के रख-रखाव के लिए एक कंपनी को ठेका दिया गया है, लेकिन बेस में ऐसा कोई अनुबंध नहीं था।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यदि एसटीएच की तरह यहां भी मशीन के रख-रखाव का ठेका होता तो मशीन जल्द ठीक हो जाती। इससे बेस में सीटी स्कैन मशीन के शीघ्र ठीक होने की संभावना कम लग रही है। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशक को पत्र लिखा गया है। उम्मीद है शीघ्र समस्या का समाधान हो जाएगा।

हालात पिछले छह माह से नहीं आ रहा है आहार, मायूस होकर लौट रहे बच्चे और गर्भवतियां

आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार का संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बच्चों को स्वस्थ और खुशहाल बचपन देना सरकार की प्राथमिकताओं है। बावजूद इसके पिछले छह माह से आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार का संकट बना हुआ है। केंद्रों में हर दिन सैकड़ों बच्चे और गर्भवतियां उम्मीद के साथ पहुंच रहे हैं, लेकिन आहार न होने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

हल्द्वानी ब्लॉक के अतंर्गत करीब 422 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। जिसमें से ग्रामीण क्षेत्र में 291 और शहरी क्षेत्र में 131 केंद्र हैं। इन केंद्रों में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का लाभ मिलता है। गर्भवतियों को खजूर, दलिया, अंडे और अन्य पोषक खाद्य पदार्थ मिलते हैं। वहीं बच्चों को दलिया के साथ ही गेहूं और चावल मिलता है। लेकिन पिछले माह से किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार नहीं पहुंचा है। नाम न छापने की शर्त पर एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि उच्च स्तर से ही पोषण आहार की आपूर्ति हो हो रही है। लाभार्थी हर दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आहार न मिलने का कारण पूछ रहे हैं और अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

इधर, पोषण आहार न मिलने से निर्धन परिवार की गर्भवतियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार योजनाएं तो चलाती है, लेकिन उनका लाभ सही समय पर नहीं मिल पाता है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली सुविधाएं

- 6 साल से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण
- गर्भवतियों के लिए प्रसव पूर्व देखभाल और टीकाकरण
- गर्भवतियों और 6 साल से कम आयु के बच्चों को अनुपूरक पोषण
- 15 से 45 आयु वर्ग की महिलाओं के लिए पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा

गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पोषण आहार केंद्रों में पहुंच रहा है। केवल गेहूं और चावल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए डिमांड भेजी गई है। शीघ्र ही आपूर्ति हो जाएगी। **- शिल्पी जोशी**, सीडीपीओ, हल्द्वानी ग्रामीण

युवती के गर्भ से निकाला मृत भ्रूण, दो महीने बाद है शादी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक युवती ने अस्पताल में मृत भ्रूण को जन्म दिया है। पेट दर्द की शिकायत पर परिजन युवती को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बताया जाता है कि युवती की दो माह बाद शादी है। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली 18 वर्षीय युवती हल्द्वानी में अपने परिवार के साथ रहती है। युवती की दो माह बाद शादी है। शनिवार को युवती के पेट में दर्द उठा। जिस पर परिजन उसे महिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण किया तो पता लगा कि युवती गर्भवती है और पेट में मौजूद भ्रूण मृत है। यह सुनकर परिजनों के होश उड़ गये।

चिकित्सकों के मुताबिक भ्रूण पांच से छह माह का है। पुलिस की जांच में सामने आया कि गर्भधारण के समय युवती नाबालिग थी। जिसके चलते पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि युवती के परिजनों ने मामले में किसी के खिलाफ शिकायती पत्र नहीं दिया है।

गैंग बनाकर अपराध करने में चार धरे

तमंचे और कारतूस बरामद, गैंगस्टर में कार्रवाई, आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : नया गैंग बनाकर वारदातें करके शहर की शांति को भंग करने के चार आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चार तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चन्दन सागर निवासी शिवलालपुर रियूनिया और अंकित उर्फ छोटू निवासी लूटाबड़ रामनगर आदि गैंग बनाकर आपराधिक वारदात कर रहे थे। इसके लिए पुलिस ने जिलाधिकारी से आरोपियों पर गैंगस्टर अधिनियम में कार्रवाई की संस्तुति की थी। डीएम के आदेश पर कोतवाल ने 28 मार्च को आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम में मामला दर्ज कर उनकी तलाश के लिए टीम गठित की।

पुलिस की गिरफ्त में गैंग के चारों आरोपी। ● अमृत विचार

शुक्रवार को पुलिस ने चन्दन सागर उर्फ सागर, अंकित सिंह उर्फ छोटू इनके साथी आदित्य सिंह उर्फ मिन्टा निवासी ललितपुर हल्दुआ और भानु प्रताप बिष्ट उर्फ लक्की निवासी पम्पापुरी को सावल्दे में ढेला पुल के नीचे दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक-एक तमंचे व कारतूस बरामद हुए। चारों के खिलाफ अवैध शस्त्र रखने में भी मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

कुटीर उद्योग और मंडी समिति में चोरों का धावा

कालाढूंगी : चोरों ने शुक्रवार देर रात हल्द्वानी-कालाढूंगी हाईवे से सटे कुटीर उद्योग व मंडी समिति के ऑफिस में सेंध मारकर रुपये, कंप्यूटर, सीसीटीवी व डीवीआर चोरी कर ली। शनिवार सुबह कुटीर उद्योग के स्वामी कालाढूंगी निवासी नूर अहमद ने दुकान खोली तो दुकान की जाली कटी व गल्लर खुला मिला। वह बगल में मंडी समिति के ऑफिस के ताले टूटे देखकर भी अचंभित हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने साक्ष्य जुटाए। नूर अहमद व मंडी समिति के सचिव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर जताई नाराजगी

डामरीकरण को लेकर सड़क में बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ओखलकांडा के खनस्यूं-सिमलिया-सानी मार्ग पर ग्रामीणों ने डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। बीडीसी सदस्य रवि गोस्वामी ने जानकारी दी है डामरीकरण सही नहीं होने से जगह-जगह पर डामर उखड़ गया है। बताया कि डामरीकरण की गुणवत्ता को लेकर गांव का शिष्ट मंडल कुमाऊं आयुक्त से मिलेगा गुणवत्ता को सही करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क में बैठे। इस दौरान राजू परगाईं, संजय ऐरी. बॉबी कुमार, सुरेश सुयाल, दीपक सुयाल, राजू बर्गली, आशीष आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदान का संदेश

हल्द्वानी : स्वीप की ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी, डॉ. सुरेश भट्ट के निर्देशन व प्रधानाचार्या नीलम बिष्ट, ईएलसी प्रभारी नीलम आर्या के नेतृत्व में ललित आर्य महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर वोट दें 19 अप्रैल 2024 के माध्यम से सभी से अपील की। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, गांधी नगर व राजपुरा में प्रधानाचार्य सविता श्रीवास्तव, मीरा मिश्रा, नवीन पुजारी ने भी छात्राओं से मानव श्रृंखला बनवाकर वोट का संदेश दिया।

सेवानिवृत्त कर्मियों ने ली भाजपा की सदस्यता

हल्द्वानी : भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ की एक बैठक शनिवार को कमलुवागांजा क्षेत्र में हुई। जिसमें विधायक बंशीधर भगत ने 50 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान विधायक भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व देख रहा है। मतदाताओं ने मन बना लिया है कि भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में पहुंचाना है। इस दौरान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रमेश रमोला, मनोहर कुमार मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, सुरेंद्र मोहन सिंह नेगी, पूरन पांडे, चंद्रशेखर पांडे, भुवन पांडे मौजूद रहे।

उक्रांद प्रत्याशी ने किए चुनावी वादे

हल्द्वानी : उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के नैनीताल लोकसभा सीट से प्रत्याशी शिव सिंह लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। उनका कहना है कि चुनाव के बाद धनगढ़ी, सिंगटाली पुल, काशीपुर रेलवे ओवर ब्रिज, पुरानी पेंशन और गैरसैंण में स्थाई राजधानी के मुद्दों पर अनशन करेंगे। उन्होंने मूल निवास, चकबंदी, भू-कानून और राज्य आंदोलनकारियों की समस्या के लिए आवाज उठाने सहित कई अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही।

अल्मोड़ा ने रानीखेत क्लब को 85 रन से हराया

हल्द्वानी : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ अल्मोड़ा की ओर से आयोजित अंडर-19 क्रिकेट लीग में शनिवार को सर्विसेज अल्मोड़ा क्लब ने रानीखेत क्लब को 85 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्विसेज अल्मोड़ा क्लब ने 40.3 ओवर में 160 रन बनाये। जवाब में उतरी रानीखेत क्लब की टीम 19.4 ओवर में 75 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सर्विसेज अल्मोड़ा क्लब के लिए लकी रावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये। एसोसिएशन के सचिव हर्ष गोयल ने बताया कि रविवार को रानीखेत क्लब और रानीखेत क्रिकेटर्स के बीच मैच खेला जाएगा।

बिजली चोरी करने में तीन के खिलाफ मुकदमा

गरमपानी : विद्युत विभाग की टीम ने बेतालघाट ब्लॉक में ताबड़तोड़ छापेमारी कर तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। टीम ने एसडीओ मनोज तिवारी की अगुवाई में नौघर तथा मल्ली सेठी क्षेत्र में चेकिंग की। इस दौरान भूपाल सिंह, ज्योति स्वरूप तथा नरेंद्र कश्मीरा के घरों में बिजली चोरी की पुष्टि हुई। तीनों ही विद्युत मीटर में छेड़छाड़ कर चोरी की बिजली से अपने घरों में विद्युत उपकरण संचालित कर रहे थे। तीनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर मुकदमा भी दर्ज करवाया गया।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर आठ वाहनों का चालान

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर चौकी पुलिस खैरना ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर 8 छोटे-बड़े वाहन चालकों का चालान किया। उनसे 4000 जुर्माना वसूला। बगैर कागजात, तेज रफ्तार, ओवरलोड वाहन दौड़ा रहे करीब आठ छोटे-बड़े वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को यातायात के नियम भी समझाए गए। वहीं शांति भंग में चार लोगों पर शिकंजा कर एक हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

कांग्रेस ने तेज किया प्रचार अभियान

रामनगर : पीरुमदारा कांग्रेस कमेटी की ओर से बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। इसमें पूर्व विधायक रणजीत रावत ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को मतदान के अंत तक मजबूती से डटे रहना है। उन्होंने बूथ मजबूत करने का मूल मंत्र दिया। रानीखेत रोड में घर-घर हाथ का तिरंगा झंडा लहराकर सेल्फी ली गई। सोशल मीडिया पर गणेश गोदियाल के पक्ष में मतदान की अपील की। घास मंडी रेलवे कालोनी में भी जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भुवन चंद शर्मा, नवीन सुनेजा, ललिता उपाध्याय, धीरज मौलेखी, गिरीश बिष्ट, धीरज सती, पंकज पांडे, दीपा पपनै सुनीता, सीमा रेखा, कैलाश चंद त्रिपाठी, देवेंद्र चिलवाल,ममता आर्य, मनवर सिंह रावत, प्रताप सिंह रौतेला शामिल रहे।

जनसम्पर्क करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

धूमधाम से मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

हल्द्वानी : डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने के लिए डॉ. अंबेडकर मिशन एंड फाउंडेशन ने बैठक की। शनिवार को शिवपुरी में हुई बैठक में तय हुआ कि 14 अप्रैल को जयंती से पूर्व भी कार्यक्रम होंगे। रविवार 7 अप्रैल को शहर में संविधान सम्मान रैली निकाली जायेगी, जो ऊंचापुल से निकलकर दमुवाढूंगा तक जाएगी। 14 अप्रैल को जयंती के दिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में जीआर टम्टा, गंगा प्रसाद, दिनेश कुमार, सुंदर लाल बौद्ध, राजेंद्र कुटियाल, मिलन आदि थे।

नहीं रहे पूर्व ग्राम प्रधान बाला दत्त तिवारी

रामनगर : पीरुमदारा के हिम्मतपुर ब्लॉक गांव के 62 वर्षीय पूर्व ग्राम प्रधान बाला दत्त तिवारी का शनिवार उनके आवास पर निधन हो गया। वह मधुमेह रोग से पीड़ित थे। बता दें कि स्व. तिवारी 2014 से पूर्व लगातार 15 साल तक हिम्मतपुर ब्लॉक गांव के ग्राम प्रधान रहे। इससे पूर्व उन्होंने तीन साल तक कार्यवाहक प्रधान के रूप में कार्य किया। मिलनसार और क्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय पूर्व प्रधान तिवारी के निधन से गांव में शोक है। उनके निधन पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जगमोहन सिंह बिष्ट, पूर्व रामनगर नगर पालिका अध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, घनश्याम शर्मा, पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल, मिथिलेश भट्ट, पूरन शर्मा, किशोर शर्मा ने दुख व्यक्त किया।

दुर्घटना को दावत दे रहा सड़क का गड्ढा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : मंगलार मार्ग पर बीच सड़क में बना गड्ढा दुर्घटना को दावत दे रहा है। मगर विभाग के किसी भी अधिकारी का ध्यान इस गड्ढे की ओर नहीं है।

बता दें कि मंगलार रोड पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट का आवास और कार्यालय होने के साथ-साथ एआरटीओ का भी कार्यालय भी है। इस कारण इस मार्ग पर हमेशा चहल पहल रहती है। साथ ही कोसी नदी से निकलने वाले डम्पर भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। सड़क पर बना यह गड्ढा अब धीरे-धीरे चौड़ा होता जा रहा है, जिसमें नाले का पानी भर गया है। कई बार बाइक सवार इस स्थान पर चोटिल होते होते बचे हैं। गड्ढे में पानी भरा रहने से दोपहिया वाहन चालकों को सड़क का अनुमान लगाना भी मुश्किल हो जाता है। फिर भी सम्बंधित विभाग इस मार्ग को ठीक कराने के प्रति उदासीन बना है।

मंगलार रोड पर गड्ढे में भरा पानी। ● अमृत विचार

उधर बरेली कॉलेज में विधि संकाय के प्रो. प्रदीप कुमार ने इसकी शिकायत जल संस्थान, लोनिवि के अधिकारियों के अलावा जिलाधिकारी नैनीताल, एसडीएम, यातायात पुलिस व रामनगर पुलिस से की।

उनका कहना है कि गड्ढे को भरे नहीं जाने के कारण यहां से होकर जाने वाले लोगों को लगातार खतरा बना है।

सूर्या मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा नौ से

हल्द्वानी : गौलापार स्थित मां सूर्या मंदिर में 9 अप्रैल से 18 तक श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में व्यासत्व भास्करानंद शास्त्री प्रतिदिन अपराह्न 12 बजे से मां भगवती का गुणानुवाद करेंगे। मां सूर्या मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से कथा में शिरकत करने काअनुरोध किया है।

खिलाड़ियों को दिलाई मतदान की शपथ

हल्द्वानी : मिनी स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर शनिवार को जुजित्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर स्वीप के तहत युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि भारतीय जुजित्सु संघ के अध्यक्ष विनय जोशी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को मतदान की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, त्रिलोक सिंह जीना, विनोद लखेरा, देवेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

पिकलबॉल में खिलाड़ियों ने आजमाए हाथ

हल्द्वानी : राज्य में पिकलबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) व ट्राई क्लब ने शनिवार को चैतन्य हेल्थ क्लब में एक कैंप का आयोजन किया। जिसमें दर्जनों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पिकलबॉल नया खेल होने के बावजूद खिलाड़ियों ने इसका खूब आनंद लिया। पिकलबॉल टेनिस, टेबल-टेनिस व बैडमिंटन का मिला-जुला रूप है। इसे सिंगल और डबल खिलाड़ियों के बीच 44x20 वर्गफुट के कोर्ट पर खेला जाता है। इसमें नेट को जमीन पर लगाया जाता है, जिसकी ऊंचाई 34 इंच होती है। इसे पैडल से खेला जाता है, जो विशेष रूप से डिजाइन किए गए और टेनिस रैकेट से छोटे होते हैं। इधर, कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला और चैतन्य क्लब की नंदिता पांडे व गोकुल पांडे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही नए खेल को बढ़ावा देने की बात की। आयोजन में संजय रावत, रोहन सांगुरी, दीपक दानी, गिरीश बिष्ट, अदिति जोशी आदि मौजूद रहे।

कॉलोनी से बाइक चोरी

रामनगर : मानिला बिहार से चोर रात में बाइक ले उड़े। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बाइक स्वामी गोपेश कुमार पपनै ने बताया कि शुक्रवार रात उन्होंने रोजमर्रा की तरह बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। शनिवार सुबह जब घर से बाहर आए तो बाइक वहां पर नहीं थी। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

लक्ष्मण ने काटी शूर्पणखा की नाक

▸▸ विधायक सुमित हृदयेश ने किया रामलीला का शुभारंभ

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्थान मंच में चल रही महिला रामलीला में शनिवार को शूर्पणखा के नासिका छेदन की लीला का मंचन किया गया। रामलीला के छठे दिन सभी पात्रों ने सुंदर प्रस्तुति दी।

इससे पूर्व रामलीला मंचन का शुभारंभ विधायक सुमित हृदयेश, कांग्रेस नेता दीपक बल्यूटिया, गीतिका बल्यूटिया, हेमंत बगड़वाल, शोभा बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, त्रिलोक बनौली और देवेंद्र तोलिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पुनर्नवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, प्रेमा बृजवासी, जानकी पोखरिया, मंजू बनकोटी, रेखा रावत, कुसुम बोरा, अंजना बोरा आदि मौजूद रहीं।

रामलीला में मंचन करतीं महिला कलाकार। ● अमृत विचार



Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

||श्री:||
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
hemorrhoid
fistula
fissure
External
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

चुनावी वायदों की पटरी पर नहीं दौड़ सकी सियासत की ट्रेन

अंग्रेज दिखा गए थे सपना जो आजाद भारत में भी अधूरा, भाजपा-कांग्रेस ने मुद्दा बनाया लेकिन सर्वे तक सिमट गया मामला

बृजेश तिवारी, अल्मोड़ा

18 वर्ष पूर्व पहली बार हुआ था बागेश्वर-टनकपुर रेलवे लाइन का सर्वे, फिर 2006, 2007, 2009 और 2012 में भी हुआ

28 करोड़ रुपये रेलवे ने सर्वे के लिए वर्ष 2022 में जारी किए थे, निर्धारित समयावधि में भी पूरा नहीं हो सका है सर्वे का काम

अमृत विचार : उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में रेल सेवा शुरू करने का सपना भले ही यहां के लोगों को अंग्रेज गुलामी के दौर में दिखा गए हों। लेकिन, आजाद भारत में यह सपना आज भी अधूरा है। आजादी के बाद हुए चुनावों में इसे मुद्दा बनाकर पहाड़ों पर रेल चढ़ाने का वायदा कमोबेश हर राजनीतिक दल ने किया। लेकिन वास्तविकता है कि यह मामला कभी सर्वे के दायरे से आगे बढ़ ही नहीं सका और यह आज भी चुनावी मुद्दे तक ही सिमटा हुआ है।

उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में काठगोदाम, रामनगर और टनकपुर और गढ़वाल मंडल के कोटद्वार और ऋषिकेश तक ही रेलमार्ग पहुंचे हैं। जिनका निर्माण आज से करीब आठ दशक पहले ब्रितानी हुकूमत के दौरान हो चुका था। उसके बाद पर्वतीय जिलों में एक भी नई रेल लाइन नहीं बन पाई। आजादी के बाद से ही पर्वतीय जिलों में बागेश्वर-टनकपुर और चौखुटिया-रामनगर समेत अनेक रेल मार्गों की मांग उठी। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इन दो रेल मार्गों को लेकर पहाड़ के लोगों को खासी उम्मीदें थी। इन दोनों रेल लाइनों का सर्वे ब्रितानी हुकूमत के दौरान वर्ष 1882 और 1911-12 के आसपास दो बार हो गया था। जिसके बाद टनकपुर- बागेश्वर रेल लाइन का वर्ष 2006, 2007, 2009 एवं 2012 में सर्वे तो हुआ लेकिन निर्माण के लिए धनावंटन करने में केंद्र सरकार कंजूसी बरतती रही। 2013 में कांग्रेस सरकार ने टनकपुर-बागेश्वर प्रस्तावित रेल लाइन को राष्ट्रीय महत्व की योजना घोषित किया, लेकिन नतीजा सिफर रहा। 2014 और 2019 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा सांसद अजय टम्टा के कार्यकाल में इस रेल लाइन को राष्ट्रीय प्रोजेक्ट का दर्जा मिलने के अलावा कोई खास पहल नहीं हुई।

वर्ष 2022 में इस रेल लाइन के निर्माण की उम्मीद तब जगी थी जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्द्वानी में आयोजित एक सभा में बागेश्वर रेल लाइन की घोषणा की। रेलवे बोर्ड ने ब्राडगेज रेल लाइन के सर्वे के लिए 28 करोड़ रुपये जारी किए थे। आलम यह है कि निर्धारित अवधि 26 नवंबर 2022 तक भी सर्वे का काम पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर पूरा नहीं कर पाया। 2024 के चुनाव में प्रदेश सरकार टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन के सर्वे का काम पूरा होने की बात तो कर रही है। लेकिन इसका निर्माण कब तक होगा, जवाब किसी के पास नहीं है।

पहाड़ी जिलों का तराई से संपर्क होता आसान

टनकपुर-बागेश्वर और रामनगर चौखुटिया रेल लाइन का निर्माण होने से इसका फायदा कुमाऊं के चारों पर्वतीय जिलों को होता। चीन, नेपाल और तिब्बत की सीमाओं तक पहुंच आसान होती तो सरयू और रामगंगा नदी के किनारे सटे इलाके भी रेल मार्ग से जुड़ पाते। गैरसैंण की दूरी काफी कम हो जाती तो तराई से संपर्क साधना भी आसान हो जाता। इसके साथ इन पहाड़ी जिलों में रोजगार, पर्यटन समेत तमाम संभावनाएं यहां के विकास को एक नया आयाम देने में सक्षम होती।

दोनों दल भर रहे रेल लाइन बिछाने का दम

इस चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप टम्टा और भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने इन दोनों रेल परियोजनाओं को अपनी प्राथमिकताओं में शुमार किया है। चुनावी वायदों की पटरी पर वास्तविकता की ट्रेन कब दौड़ेगी, इसको लेकर सालों से संघर्ष कर रहे लोकसभा के मतदाता आज भी संशय में हैं। पहाड़ पर रेल चढ़े या न चढ़े लेकिन सत्ता के इन धुरंधरों के लिए यह मुद्दा आज भी अपनी सियासत चमकाने का माध्यम बना हुआ है।

सर्वे की स्वीकृति पर बजट नहीं मिला

रामनगर-चौखुटिया रेल मार्ग निर्माण का मामला भी सियासी गलियों में कहीं खो सा गया है। इस रेल लाइन के सर्वे को केंद्र की कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकारें स्वीकृति दे चुकी हैं। लेकिन बजट का प्रावधान आज तक नहीं हुआ। रामनगर से चौखुटिया तक पटरी बिछाने के लिए अंग्रेजों के शासनकाल में सर्वे हुआ था। जिसके बाद 1983 में सामरिक दृष्टि से जरूरी होने के चलते रेलवे अधिकारियों ने दो बार सर्वे करने के बाद सकारात्मक रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी। लेकिन मामला अधर में ही लटका रहा। 1989 में सांसद हरीश रावत के समय इस मामले में फिर पहल हुई लेकिन तक भी मामला आगे नहीं बढ़ा। कांग्रेस ने दूसरे कार्यकाल में मार्च 2009 में सर्वे की स्वीकृति दी पर बजट का प्रावधान नहीं किया। 2014 में कांग्रेस सरकार ने फिर इस रेल लाइन को सर्वेक्षण की सूची में शामिल किया। इसके बाद से अब तक भाजपा के सांसद अजय टम्टा के कार्यकाल में केंद्रीय बजट में सर्वे तक ही मामला सिमट गया।

सोशल मीडिया युग में भी प्रासंगिक एनडी की शैली

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तराखंड ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में अपनी पहचान रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेस एनडी तिवारी की राजनीतिक शैली के लोग आज भी कायल हैं। राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, यूपी और उत्तराखंड के सीएम रह चुके एनडी तिवारी जमीन से जुड़ाव वाले नेता माने जाते थे।

एनडी तिवारी ने अपनी राजनीति की शुरुआत प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से की। जय प्रकाश नारायण, आचार्य नरेंद्र देव, जेबी कृपलानी जैसे समाजवादी इस पार्टी का आधार थे। एनडी पहली बार विधायक भी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से बने थे। उनके युवा मन पर भी समाजवादी विचारों का प्रभाव पड़ा। बाद में 1963 में उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी छोड़ दी और कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने उनकी प्रतिभा का पूरा सम्मान किया। वह कांग्रेस में रहते तीन बार यूपी और एक बार उत्तराखंड के सीएम बने। साथ ही केंद्र में भी विदेश और वित्त जैसे महत्तवपूर्ण मंत्रालय संभाले। बाद में वह आंध्र प्रदेश के राज्यपाल भी बने।

तिवारी की राजनीतिक सफलता के पीछे उनका व्यक्तित्व बड़ी भूमिका निभाता था। वह शुरू से ही जनाधार वाले नेता रहे। कहा जाता है कि अगर 1991 में वह नैनीताल सीट से चुनाव नहीं हारते तो प्रधानमंत्री भी बन सकते थे। तिवारी आम लोगों से सीधा जुड़ाव रखते थे। दिल्ली, लखनऊ में रहने के दौरान भी उनसे कोई भी आराम से मिल सकता था। चुनावी रैलियों तक में लोगों को पहचान जाते थे और मंच से माइक पर बोलते हुए लोगों का नाम लेकर हालचाल पूछते थे। जब तिवारी केंद्र में भी मंत्री रहते थे तब भी उत्तराखंडियों से सौम्यता से मिलते थे। आज सोशल मीडिया के युग में जहां नेता पोस्ट पर लाइक और शेयर की गिनती को अपनी लोकप्रियता का आधार मानते हैं तो बहुत साल पहले तिवारी बिना किसी सोशल मीडिया के व्यापक जनाधार वाले नेता थे।

भविष्य पर संकट

चुनाव के चर्चे और पर्चे से गायब हुए सीनियर सिटीजन

ललित पांडेय, हल्द्वानी

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों के मुद्दे गायब हैं, जबकि उन्हें सबसे अधिक प्राथमिकता देनी की आवश्यकता है। उम्र बढ़ने के साथ कई सुविधाओं में कटौती कर दी जाती है। वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा बीमा, ऋण का लाभ नहीं मिलता है। ऐसे में, उन्हें अपने ज्यादातर कामों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। उनकी जिम्मेदारी उठाने से बचने के लिए कई बार घर-परिवार वाले तक कन्नी काट लेते हैं। ऐसे में, उनके भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं। जानकारी के अभाव और भागदौड़ नहीं कर पाने की वजह से आज भी कई वरिष्ठ नागरिक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। सरकार की ऐसी कोई कार्यशैली भी नहीं कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। वरिष्ठ नागरिक का कहना है कि उम्र बढ़ने के साथ सुविधाओं को कम करने की बजाए बढ़ाया जाना चाहिए।

बोले बुजुर्ग

पत्नी का निधन हो गया, बच्चे नहीं हैं। ट्रक चलाकर गुजर बसर करता हूं। सरकारी योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं है। आज तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला। – **रामचैत**, गुमटी, बरेली रोड

मेरे पिता स्वतंत्रता सेनानी थे लेकिन घर तक करीब 150 मीटर सड़क बनाने के लिए न जाने कितनी जगह गया, आज तक नहीं बन पाई। उनकी पेंशन का लाभ भी मुझे नहीं मिल पा रहा है। – **श्याम सिंह**, आनंदपुर, रामपुर रोड

65 साल हो गए हैं। 1500 रुपये महीने की पेंशन मिलती है। आजकल 1500 रुपये में क्या होता है। सरकार को इसे बढ़ाना चाहिए। साथ ही, बुजुर्गों को और सुविधाएं दी जानी चाहिए। – **प्रताप सिंह रावत**, आईआईटी

65 साल हो गए हैं। वृद्धा अवस्था पेंशन मिलती है लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया है। पत्नी नहीं है, एक बेटे के साथ किराए के मकान में रहता हूं। सरकार को हमारे बारे में सोचना चाहिए। – **जनक राम**, रूपनगर

नए बनने वाले सांसद को बुजुर्गों को अधिक सुविधाएं दिलाने का प्रयास करना चाहिए। जिले में एक भी सरकारी वृद्धा आश्रम नहीं है। हल्द्वानी में बुजुर्गों के घूमने के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। – **डीके बल्यूटिया**, पॉलीशीट

चुनाव ड्यूटी के वाहनों में लगेगा जीपीएस

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे सभी वाहनों की निगरानी के लिए जीपीएस लगाया जाएगा।

नोडल अधिकारी मीडिया/नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने शनिवार को हुई प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि आम चुनाव में लगे सभी वाहनों को जीपीएस लगाया जाएगा। जितने भी सेक्टर, जोनल, एफएसटी, एसएसटी के वाहनों पर तीन दिनों में अनिवार्य तौर पर जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लग जाएगा। 5 अप्रैल तक जोनल मजिस्ट्रेट के 39 वाहनों में से 29, सेक्टर मजिस्ट्रेट के 118 में से 80, एसएसटी के 18 में से 16, एफएसटी के 57 में से 51 वाहनों मे जीपीएस लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इससे निर्वाचन में लगे सभी वाहनों पर लगातार नजर रखी जाएगी और इसकी रिकॉर्डिंग होगी। इससे पता चलेगा कि वाहन किस रास्ते से, कहां तक गए हैं।

जीतेगा भई जीतेगा रागी बाबा बिना वोट के जीतेगा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एक प्रत्याशी ऐसा जिसे लोग चंदा इकट्ठा कर चुनाव लड़ाते। प्रचार के लिए घोड़े पर पीछे की ओर मुंहकर बिठाते। जीत के लिए नारे लगाते बिना वोट के जीतेगा। जी हां हम बात कर रहे रागी बाबा की। जो आज भी गाहे बगाहे लोगों की जुबां पर हैं।

वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे बताते हैं कि 70 के दशक में नैनीताल के लोग रागी बाबा नाम के एक सज्जन को लगभग हर चुनाव लड़वाते थे। लोग आपस में ही चुनाव के लिए चंदा इकट्ठा करते हैं। हालांकि रागी बाबा का वास्तविक नाम किसी को पता नहीं लेकिन वह दौलाघट, रानीखेत के रहने वाले थे। जब भी विधानसभा व लोकसभा चुनाव आता तो सभी उन्हें याद करने लग जाते थे। छोटी कदकाठी, ठेठ पहाड़ियों सा नाकनक्श, विविध रंगों का एक लंबा झगुला, सिर पर सफेद साफा और हाथ में एक लाठी जिस पर घुंघरू बंधे होते थे। अपनी छम-छम की आवाज करती लाठी से जमीन को ठोकते हुए हर किसी को आकर्षित करते थे। चुनाव प्रचार में रागी बाबा को छोटे कद के घोड़े पर पीछे की दिशा की ओर बैठाया जाता, फिर शहर में घुमाया जाता। इसके बाद युवा नारे लगाते कि जीतेगा भई जीतेगा, रागी बाबा जीतेगा, बिना वोट के जीतेगा, रागी बाबा जिंदाबाद।

एक उम्मीदवार ऐसा भी

- रागी बाबा को लोग चंदा इकट्ठा करके लड़ाते थे चुनाव
- प्रचार में घोड़े पर पीछे की ओर मुंहकर बिठाया जाता था

इस बार खटीमा पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी

ब्यूरो, खटीमा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बंडिया में भाजपा के नौसर मंडल की ओर से आयोजित जनमिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि खटीमा विधानसभा पुराने सारे रिकॉर्ड तोड संसदीय चुनाव में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक वोट देने जा रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से इस बार हर कोई कह रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनने जा रही है। इस बार प्रश्न भाजपा के पक्ष में 400 से अधिक सीटें लाने का है। जनता का हर वोट सीधा प्रधानमंत्री को जाएगा जिससे उनकी ताकत बढ़ेगी। भारत बुलंदियों तक पहुंच रहा है। विदेशों में रहने वाले भारतीयों का भी गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा पीएम के मार्गदर्शन में उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन किया गया।

खटीमा में बुजुर्ग को गले लगाकर अभिवादन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

3.5 लाख करोड के एमओयू हुए जिसमें से 25 हज़ार करोड़ के एमओयू उधम सिंह नगर जिले में हुए है। 18 हज़ार करोड़ की ग्राउंडिंग में काम शुरु हो गया है। इससे युवाओं के लिए घर के पास रोजगर के अवसर पैदा होंगे। सीएम ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि यह चुनाव राष्ट्र प्रथम और परिवार प्रथम की बात करने वालों के बीच का चुनाव है। भाजपा राष्ट्र प्रथम चाहती है पर विपक्ष परिवार प्रथम चाहता है। कांग्रेस के करप्शन वाले काले हाथ ने हमेशा उत्तराखंड को पीछे धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खटीमा के बेटे के रूप में खटीमा के विकास के लिए हमेशा प्रयास करते रहते हैं। उनका प्रयास खटीमा का विकास से है। इस दौरान प्रत्याशी अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, उत्तम दत्ता, राजपाल सिंह मौजूद रहे।

कर्मचारियों को समझाईं चुनावी बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया।

मुक्त विश्वविद्यालय सभागार में कालाढूंगी के 1009 और राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में 783 अधिकारी-कर्मचारियों को चुनावी संपन्न कराने के लिए सैद्धांतिक व व्यवहारिक जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी मतदान/मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि सभी कार्मिकों के डाकमत पत्र व चुनाव ड्यूटी प्रमाण-पत्र जमा किए गए ताकि निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक मताधिकार का प्रयोग कर सकें। डीडीईओ पीआर चौहान, मास्टर ट्रेनर एचबी चन्द्र, पूरन तिवारी, आरती जैन रहे।

मेडिकल कॉलेज सभागार में चुनाव प्रशिक्षण में मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

हल्द्वानी व कालाढूंगी को मिलीं ईवीएम

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को हल्द्वानी व कालाढूंगी विधानसभा सीटों के लिए ईवीएम दी गईं।

सहायक निर्वाचन अधिकारी तुषार सैनी ने बताया कि शनिवार से ईवीएम आवंटन शुरू हो गया। पहले चरण में कालाढूंगी और हल्द्वानी को ईवीएम व वीवीपैट दिए गए। हल्द्वानी के 183 बूथों के लिए बैलेट यूनिट 267, कन्ट्रोल यूनिट 267 तथा वीवीपैट 285 और कालाढूंगी के 217 बूथों के लिए बेलेट यूनिट 290, कन्ट्रोल यूनिट 290 तथा वीवीपैट 310 दिए गए।

इधर, नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट विपिन पंत ने बताया कि आज विधान सभा रामनगर के 93, हल्द्वानी के 56, लालकुआं के 58, भीमताल के 43, कालाढूंगी के 116, नैनीताल के 86 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया।

76 हजार मतदाताओं ने डाकमत किए डाउनलोड

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि राज्य में इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) जारी किए गए थे, जिसमें सभी सर्विस वोटर्स को मतदान करने के लिए डाक मतपत्र प्रेषित किए गए थे। 93,187 ईटीपीबीएस माध्यम से सर्विस वोटर्स तक पहुंचाए गए थे।

अब तक 76 हजार डाक मतपत्र डाउनलोड किए जा चुके हैं। 7 अप्रैल 2024 तक डाक मतपत्र डाउनलोड किये जा सकते हैं। कुछ सर्विस वोटरों के डाक मतपत्र जनपदों को प्राप्त होने भी प्रारंभ हो गये हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणीकरण कराना होगा। 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया की शुरूआत देहरादून में 5 अप्रैल से शुरू हो गई है।

761 कर्मियों को ईडीसी जारी हुई

हल्द्वानी : नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट विपिन पंत ने बताया कि शुक्रवार को 761कार्मिकों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किए गए। वहीं रामनगर के 129 कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। हल्द्वानी में 94, नैनीताल में 232, लालकुआं में 59, भीमताल में 60 और कालाढुंगी में 316 कार्मिकों को ईडीसी जारी की गई है।

विडंबना

उत्तराखंड में करीब 200 वन गांव व खत्तों में रहते हैं दो लाख से अधिक वोटर

वन गांव और खत्तों में सिर्फ वोट लेने आते हैं नेता जी

राजू वर्मा, काशीपुर

अमृत विचार: 19 अप्रैल को प्रदेश का प्रत्येक वोटर अच्छी शिक्षा, रोजगार व विकास के लिए मतदान करेगा। कई उम्मीदों के साथ युवाओं से लेकर बुजुर्ग मतदाता लाइनों में खड़े दिखेंगे। विषम परिस्थितियों में वन गांव और खत्तों में रहने वाले हजारों वोटरों को भी मतदान का अधिकार है लेकिन वन गांव और खत्तों में रहने वाले लोगों का विकास मुद्दा नहीं बन पाया है। इन बस्तियों में बिजली, पानी, सड़क जैसे मुद्दे सालों से जस के तस हैं।

प्रदेश में करीब 200 वन गांव व खत्ते जंगलात के बफर जोन में हैं। इनमें से कई का इतिहास आजादी से पहले का है। यह लोग आम नागरिक की तरह ही हर पांच साल में सांसद और विधायक चुनते हैं। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग सालों से करते आ रहे हैं। चुनाव आते ही वन गांव व खत्तों के वोटरों को वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया जाता है। गौर करने वाली बात यह है कि वन का पेच पड़ने से यहां रहने वालों को सांसद निधि के रुपये का लाभ भी नहीं मिल पाता है। हर बार की तरह इस दफा भी वह सांसद तो चुनेंगे, लेकिन सांसद की निधि से उनकी सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था नहीं हो सकेगी। इन खत्तों में युवा वोटर की संख्या भी ठीक ठाक है, लेकिन शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की योजना नहीं बनाई गई है। खत्तों व वन गांव में स्कूल नहीं बनाए जाने से युवा शहर व आस-पास के स्कूलों में जंगलों के रास्तों से होकर शिक्षा ग्रहण करने पहुंचते हैं। वन गांव संघर्ष समिति से जुड़े किशन शर्मा बताते हैं कि चुनाव आते ही नेता उनके खत्तों व वन गांव में आकर वोट मांगते हैं। मूलभूत सुविधाओं के लिए आश्वासन दिया जाता है, फिर सब भूल जाते हैं। यहां तक कि उनके बच्चों को स्थायी और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है। एक तरफ वन्यजीवों के हमले वन गांव के लोगों को डरा रहे हैं तो दूसरी तरफ नेताओं के आश्वासन वन गांव के लोगों को रुलाने का काम कर रहे हैं।

वन गांव में रहने वाले यही लोग 19 अप्रैल को अपना सांसद चुनेंगे। ● अमृत विचार

हमेशा रहते हैं जंगलात के रडार पर

कभी गांव खत्तों में रहने वाले वन विभाग के गोपनीय तंत्र की मजबूती के लिए जाने जाते थे लेकिन अब वन विभाग के निशाने पर है। अतिक्रमण बताकर वन विभाग आए दिन परेशान करता है। वोट मांगने वाले लोग इसमें भी इनका साथ नहीं देते हैं। वन व खत्तों में रहने वाले लोग लोकसभा चुनाव में सांसद चुनने के लिए मत का इस्तेमाल तो करेंगे लेकिन गांव की सरकार बनाने में उनकी कोई भूमिका नहीं होती है। सरकार ने उन्हें अपना प्रधान चुनने का अधिकार नहीं दिया है। इससे वह ब्लॉक की सारी योजनाओं से दूर ही रहते हैं।

पोस्टल बैलेट से कर्मचारी दे सकें वोट, बनाए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर सुविधा केंद्र

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव ड्यूटी व आवश्यक सेवाओं लगे कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा के लिए सहूलियत के लिए पोस्टल वोटिंग सेंटर सुविधा केंद्र भी बनाए गए हैं। नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि मुक्त विश्वविद्यालय में पोस्टल वोटिंग सेंटर सुविधा केंद्र-1 और राजकीय मेडिकल कॉलेज में पोस्टल वोटिंग सेंटर सुविधा केंद्र-2 बनाया गया है हालांकि इनका संचालन आज तक ही होगा। जनपद के सभी एआरओ अपनी विधासभा सीटों के पोस्टल बैलेट संबंधी काम एमबी इंटर कॉलेज में करेंगे। यहां 8 से 17 अप्रैल तक सुविधा केंद्र होंगे। कक्ष संख्या-27 में लालकुआं, 28 में भीमताल, 29 नैनीताल, 30 हल्द्वानी, 31 कालाढूंगी, बायोलॉजी लैब में रामनगर तथा अन्य जिलों के कर्मचारियों के लिए एनसीसी लैब में संचालित होंगे।

बसपा और अखिल भारतीय परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी को नोटिस

रुद्रपुर : लोकसभा चुनाव के व्यय लेखों के प्रथम चरण का मिलान व्यय प्रेक्षक टी शंकर की उपस्थिति में लेखा टीमों ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों द्वारा जो भी खर्च किया जाता है उसे पंजिका में अवश्य अंकन किया जाए। व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने बताया कि प्रत्याशियों का व्यय लेखों का निरीक्षण द्वितीय 11 अप्रैल व तृतीय 16 अप्रैल को किया जाएगा। नोडल व्यय डॉ. पंकज कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रथम चरण के लेखा मिलान में अखिल भारतीय परिवर्तन पार्टी के अखिलेश कुमार व बसपा प्रत्याशी अख्तर अली के व्यय अभिकर्ताओं के उपस्थित न होने पर नोटिस जारी किया गया। जिन प्रत्याशियों का व्यय लेखा मिलान में त्रुटि पाई गई उन्हें सही करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सभी सहायक व्यय प्रेक्षक व व्यय लेखा टीम मौजूद रही।

बाबा तरसेम सिंह के भोग में शामिल हुए विभिन्न प्रदेशों के संत, मुख्यमंत्री समेत कई भाजपा नेता भी पहुंचे

निडर होकर सर्व समाज की सेवा करते थे बाबा : धामी

श्रद्धांजलि

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार: डेरा कार सेवा के स्वर्गीय बाबा तरसेम सिंह के भोग में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वे स्वाभिमानी और डेरे में सच्ची सेवा कर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में बेहद लोकप्रिय थे। बाबा तरसेम सिंह ने डेरे में जाति-धर्म के आधार पर सेवा नहीं की। उन्होंने निडर होकर सर्व समाज की सेवा की है।

बाबा की आत्मिक शांति के लिए रखे गए अखंड पाठ साहिब का शनिवार को भोग पड़ा। इसमें प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, पंजाब हरियाणा, दिल्ली के डेरों के मुखी बाबा और बड़ी संख्या में लोग नानकमत्ता पहुंचे।

भोग में शामिल होने वालों में दिल्ली डेरा के बाबा बचन सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, नानक पुरी टाडा बाबा गुरजंट सिंह, करनाल के बाबा सुक्खा सिंह, लुधियाना पंजाब के बाबा निर्मल सिंह, फतेहगढ़ के बाबा गुलजार सिंह, कुटियाल के बाबा पाल सिंह, काशीपुर के बाबा लक्खा सिंह आदि रहे। भोग में सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक गोपाल सिंह राणा, अरविंद पाण्डे, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, हरभजन सिंह चीमा, गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पुर्व प्रधान जसविंदर सिंह गिल, सेवा सिंह, कमेटी के अमरजीत सिंह, लक्खा सिंह, त्रेता नन्द स्वामी, देवेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह, रंजीत सिंह, दिलबाग सिंह, दारा सिंह आदि भी शामिल हुए।

नानकमत्ता डेरा कार सेवा में स्वर्गीय बाबा तरसेम सिंह के भोग में शामिल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● अमृत विचार

भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को किया सम्मानित

भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस, भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जिला कार्यालय में फहराया झंडा

रुद्रपुर में भाजपा का झंडा फहराते प्रत्याशी अजय भट्ट। ● अमृत विचार

शांतिपुरी में पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाजपाई।

सितारगंज में स्थापना दिवस मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

उत्साह

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अजय भट्ट ने कार्यालय पर भाजपा का झंडा फहराया। भाजपा प्रत्याशी भट्ट ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, पूर्व मेयर रामपाल, राजकुमार साह, धीरेंद्र मिश्रा, अनिल चौहान, विनय बत्रा, अमित नारंग, सुरेश कोली, नेतृपाल मौर्य, योगेश वर्मा, प्रमोद मित्तल, धर्म सिंह कोली, विपिन जल्होत्रा, वेद ठुकराल, जगसोरान मालिक, रश्मि रस्तोगी, मनोज मदान, ममता त्रिपाठी, चंद्रकला राय, शालनी बोरा, सुनील यादव, अक्षय अरोरा मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी भट्ट को जिताने का संकल्प लिया।

शांतिपुरी में भाजपाइयों ने मनाया स्थापना दिवस

शांतिपुरी : शांतिपुरी नंबर दो कामधेनु दुग्ध समिति में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व मंडी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह खाती, मंडल महामंत्री तारा सिंह कोरंगा, दुग्ध संघ निदेशक इंदर सिंह मेहता व संयोजक जगदीश कांडपाल ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस दौरान हरीश काण्डपाल, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, विजेन्द्र जोशी, नवीन टाकुली, कुंदन सिंह दानू, पूर्व सैनिक कमलेश जोशी, रमेश राम आर्या, दीपक तिवारी, आरसी लोहनी आदि कार्यकर्ता रहे।

सितारगंज में कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

सितारगंज : भाजपा के स्थापना दिवस पर मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान की अध्यक्षता में मिष्ठान वितरण व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को बनी भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित पार्टी है। जो बूथ से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक सभी का सम्मान करती है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, मंडल प्रभारी गोपाल बोरा, मंडल महामंत्री अमित रस्तोगी, मंडल महामंत्री राजू नगदली, मंडल कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, भाजपा कार्यालय प्रभारी सुरेश जैन, प्रदेश मंत्री कुलदीप गंगवार, जिला कार्यकारिणी सदस्य नितिन चौहान आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

पूर्व राज्यपाल का स्वागत करते पूर्व पालिका अध्यक्ष श्याम सुखीजा एवं कार्यकर्ता।

पूर्व राज्यपाल के पहुंचने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

गदरपुर : महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी वार्ड नंबर 11 स्थित ज्ञान विहार में पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्यामलाल सुखीजा के आवास पर पहुंचे। जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं और परिजनों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा पूर्व पालिका अध्यक्ष श्याम सुखीजा, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा राजीव सुखीजा, पंकज सेतिया, मनोज गुंबर, परमजीत पम्मा, सुरेश खुराना, राजकुमार भुडी कल्याण छाबड़ा, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुडडी ज्योति अरोरा मौजूद थे।

प्रतिभागियों के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

वेट वीक में अंतरा प्रतियोगिता का आयोजन

पंतनगर : विवि के पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय में 'वेट वीक' के तहत अंतरा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोलो में पहले स्थान पर तनिष्क धारीवाल एवं सिद्धार्थ रंथा रहे। दूसरे स्थान पर रिद्धिमान और तीसरे स्थान पर अविनाश पराशर पांडे रहे। ग्रुप में पहला स्थान कलतवा : द बैंड, दूसरा स्थान लोकल बस और तीसरा स्थान सारंग और स्वरंग ग्रुप ने हासिल किया। इस दौरान वेटरिनरी सोसाइटी स्टाफ काउंसलर मीना मृगेश, विनीता राठौड़, अपूर्वा रावत, प्रियांशी डोभाल, पीयूष पांडे आदि मौजूद रहे।

मंच पर थिरकते सीएबीएम के एल्यूमिनाई। ● अमृत विचार

सीएबीएम के 25 वर्ष पूरे होने पर पंतनगर में जुटे पूर्व छात्र

पंतनगर : जीबी पंत कृषि विवि के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय (सीएबीएम) ने 25 वर्ष पूरे होने पर पूर्व छात्रों के लिए 'वाईयूजीएम' सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें पूर्व छात्रों ने जश्न मनाकर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। सम्मेलन की शुरूआत कुलपति डॉ. एमएस चौहान, कुलसचिव डॉ. केपी रावेरकर व संस्थापक डीन सीएबीएम डॉ. वीपीएस अरोड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित करके की। डीन डॉ. आरएस जादौन, महाविद्यालय के सदस्य डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. मुकेश पांडे, डॉ. रीतिका भट्ट व स्नेहा दोहरे आदि मौजूद थे।

सार-संक्षेप

खिलाड़ियों के साथ नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार। ● अमृत विचार

खिलाड़ियों को किया मतदान के लिए जागरूक

रुद्रपुर : स्वीप मतदाता जागरूकता अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर जिला खेल कार्यालय ऊधमसिंह नगर द्वारा फुटबॉल ओपन बालक प्रतियोगिता का आयोजन श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में प्रात: 8 बजे से किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार ने किया। प्रतियोगिता का संचालन कॉन्ट्रैक्ट खेलो इंडिया प्रशिक्षक सतनाम बाला और सहायक प्रशिक्षक हरीश ने किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अधिकारी जानकी कार्की, उप क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, सहायक प्रशिक्षक सुरेश बिष्ट, सहायक प्रशिक्षक रघुवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

200 सिडकुल कार्मिकों ने ली मतदान की शपथ

रुद्रपुर : स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद में स्थापित औद्योगिक इकाइयों को मतदाता अभियान के तहत जागरूक करने एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान 200 कर्मचारियों ने शपथ ली और हस्ताक्षर किए। शनिवार को स्वीप की टीम ने आईआईई सिडकुल पंतनगर में स्थापित औद्योगिक इकाई मैसर्स नेस्ले इंडिया, सिडकुल पंतनगर में मतदाता शपथ और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार, दीपक कुमार मौजूद रहे।

संवेदनशील बूथों पर रहेगी विशेष नजर

काशीपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन व पुलिस ने अपनी कमर कस ली है। काशीपुर के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित कर लिया गया है। इन बूथों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। जहां पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अतिरिक्त बल भी तैनात किया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के अलावा इन बूथों पर ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी। काशीपुर विधानसभा क्षेत्र के 202 बूथों पर करीब 173941 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

किच्छा में किसान नेताओं का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

कांग्रेस छोड़कर भाजपा से शामिल हुए किसान नेताओं का स्वागत

किच्छा : कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का नगर भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के मुख्य बाजार स्थित चुनावी कार्यालय में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य के नेतृत्व में तमाम भाजपाइयों ने पार्टी का पटका पहनाकर जितेंद्र सिंह संधू, गुरदेव सिंह विर्क, रणजीत सिंह राणा, खुशविंदर सिंह, अमनदीप सिंह, भूपेंद्र सिंह डिंपल, सुरजीत सिंह का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, विवेक राय, भाजपा नेता सुभाष तनेजा, मंडल उपाध्यक्ष नितेश बाला, भुवन पांडे, शोभित शर्मा, सचिन चावला, चंदन जायसवाल, महेंद्र पाल, राकेश गुप्ता, ओमकार सिंह लक्की मौजूद रहे।

काशीपुर, जसपुर में कांग्रेस ने निकाली रैली

काशीपुर में रैली निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जसपुर में रोड शो करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी।

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने काशीपुर में रैली निकालकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। शनिवार को ढेला पुल निकट नवीन सब्जी मंडी के पास समाजवादी पार्टी कार्यालय पर उनका स्वागत किया गया।

डिजाइन सेंटर, मझरा, थाना साबिक, अल्लीखां होकर किला बाजार से मेन मार्केट होते हुए महाराणा प्रताप चौक से रतन रोड होते हुए चुनाव कार्यालय गौड़ सभा भवन कांग्रेसी पहुंचे। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का मोहल्ला किला में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर जसपुर विधायक आदेश चौहान, नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य, एआईसीसी सदस्य अनुपम शर्मा, आईसीसी ऑब्जर्वर कुलदीप सिंह, महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, सुशील गुड़िया, दिलीप मेहरोत्रा, उमेश जोशी एडवोकेट, विमल गुड़िया, दीपिका गुड़िया आत्रेय, महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूजा सिंह, मुक्ता सिंह आदि मौजूद थे।

जसपुर : कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने जसपुर में भूतपुरी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक नैनीताल संजीव आर्य, जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर रोड शो किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष इख्तियार अहमद बबलू, सरदार सुखदेव सिंह, मोहम्मद आरिफ, रूबी एडवोकेट, नूरी आबिद, राजेंद्र सिंह बिहु, राजकुमार सिंह बौहान, जाकिर हुसैन, नौशाद सम्राट, हिमांशु नंबरदार, डॉक्टर शुभचंद, दिग्विजय सिंह चौहान शामिल रहे।

प्रचार

- कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने मतदान की अपील की

पदकों के साथ सेपक टाकरा के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कर्नाटक में सेपक टाकरा के खिलाड़ियों ने दिखाया कमाल

रुद्रपुर : सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 26वीं जूनियर चैंपियनशिप बालक एवं बालिका वर्ग में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और तीसरा स्थान प्राप्त किया। सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एसोसिएशन के सचिव आनंद सिंह खांपा ने बताया कि सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 26 मार्च से 30 मार्च तक देवांग गिरि कर्नाटक में 26वीं जूनियर चैंपियनशिप बालक और बालिका वर्ग का आयोजन किया। इसमें उत्तराखंड के 11 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। बालक वर्ग की डबल टीम प्रतिस्पर्धा में दूसरा और बालिका वर्ग क्वाड इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। तेजस्वी कुमार, शिवम नेगी, शुभ श्रीवास्तव ने रजत पदक और बालिका वर्ग में राशि बिष्ट, पूर्णिमा गोस्वामी, मनस्वी जोशी, प्रियंका, गीता डांगी ने कांस्य पदक प्राप्त जीता।

दिहाड़ी मांगी तो ठेकेदार ने की पिटाई

मुखर

- महिलाओं को किया लहूलुहान, गदरपुर का है मामला
- पीड़ित परिवार ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना गदरपुर इलाके में तीन से चार माह की दिहाड़ी मांगने पर ठेकेदार ने मजदूरों पर हमला कर अधमरा कर दिया। लहूलुहान हुई महिलाओं ने अस्पताल जाकर अपना उपचार कराया और एसएसपी कार्यालय में आरोपी ठेकेदार व पल्लेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

खेमपुर पलका चौड़ गदरपुर निवासी मदन सिंह ने बताया कि उसका बेटा वहां के ठेकेदार के साथ पल्लेदारी का काम करता है। ठेकेदार परिवार की महिलाओं को मटर तोड़ने की मजदूरी पर अक्सर लेकर जाता है। मटर तोड़ने की दिहाड़ी जब तीन से चार माह की नहीं दी गई तो ठेकेदार से रुपये देने की मांग की।

आरोप था कि ठेकेदार के घर पैसा मांगने गया तो ठेकेदार व पल्लेदार ने अपने परिवार के साथ घर की महिलाओं और पुरुषों पर हमला बोल दिया। मारपीट में परिवार की दो महिलाओं के सिर पर टांके आए और कई चोटिल हो गए। उपचार कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने शनिवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जिस पर एसएसपी ने कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है।

एसएसपी कार्यालय में बैठा पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया

काशीपुर : महिला ने एक युवक पर उसकी 11 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने व उसे जाने से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना आईटीआई की डिफेंस कॉलोनी निवासी सूरज ने उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें कीं। जब उसकी पुत्री ने विरोध किया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 354, 506 आईपीसी व 7/8 पॉक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डंपर की टक्कर से कार सवार तीन लोग घायल

बाजपुर : नेशनल हाइवे-74 पर लेवड़ा नदी के पुल के पास तेज रफ्तार डंपर चालक ने कार को चपेट में ले लिया जिसमें कार सवार तीन लोग घायल हो गए। आनन-फानन में राहगीरों की मदद से उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर दोराहा-केलाखेड़ा के मध्य लेवड़ा नदी के पुल के पास तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार मो .आसिफ सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल हुए दो युवकों का नाम व पता मालूम नहीं हो पाया है।

50 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

बाजपुर : दोराहा चौकी की पुलिस ने गश्त के दौरान मुड़िया पिस्तौर निवासी अशरफ को 150 पाउच (करीब 50 लीटर) कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित दोराहा-बाजपुर मुख्यमार्ग पर फोरलेन फ्लाइओवर के पास में कच्ची अवैध शराब बेच रहा था। पुलिस टीम में कांस्टेबल कृष्ण चंद्र नेगी, मनोज सिंह, गिरजा शंकर शामिल रहे। इसके अलावा बेरिया दौलत चौकी की पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ ग्राम सरकड़ी निवासी विमला कौर को गिरफ्तार किया है। महिला अपने घर के आंगन में ही अवैध कच्ची शराब बेच रही थी।

घर के आंगन में अवैध शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

काशीपुर : कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान घर के आंगन में कच्ची शराब बेच रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है। पुलिस ने ग्राम करनपुर निवासी कुसुम को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 पाउच करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। महिला का पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है।

यूपी-उत्तराखंड अंतरराज्यीय समन्वय समिति ने किया गोष्ठी का आयोजन

हथियारों की तस्करी पर रोक लगाने को मंथन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से कराए जाने के उद्देश्य से शनिवार को एक होटल में यूपी और उत्तराखंड की अंतरराज्यीय समन्वय समिति की गोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही आश्वासन दिया कि यूपी-उत्तराखंड पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे।

गोष्ठी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय बॉर्डर की तीसरी बैठक है। ताकि आसानी से सभी जिलों की सूचनाओं का आदान प्रदान किया जा सके। इसके अलावा एआरओ, थानाध्यक्षों और सीमावर्ती गांवों में भी समन्वय बैठक की जा सके। उन्होंने कहा कि हम आपसी सामंजस्य के साथ चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण करना पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। बताया कि बरेली और ऊधमसिंह नगर की सीमाओं से सटे कई विधानसभाएं आती हैं। इसमें रुद्रपुर, किच्छा सितारगंज के 24 गांव, 32 बूथ और 29787 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि सीमाओं पर कानून व्यवस्था, चेक पोस्ट, अवैध मदिरा की तस्करी, बॉर्डर बैरियर और सीसीटीवी लगाने की व्यवस्था की गई है। बरेली के डीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि यूपी का जिला प्रशासन चुनाव में पूर्ण सहयोग करेगा। दोनों तरफ के सभी एसडीएम, पुलिस, तहसीलदार, लेखपाल आपस में व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। सीमा के इलाकों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। एसएसपी बरेली सुशील गुले ने कहा कि बैठक में विस्तृत चर्चा हो चुकी है और थानों स्तरों पर भी बैठकें कर सूचना आपस में शेयर कर ली गई है। बरेली में तीन चरणों में मतदान है।

अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक में मौजूद यूपी व उत्तराखंड के अधिकारी।

ये लोग रहे मौजूद

नोडल अधिकारी एवं सीडीओ मनीष कुमार, एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एडीएम बरेली दिनेश कुमार, एसपी मुकेश चंद्र मिश्र, एडीएम अशोक कुमार जोशी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, एसडीएम बरेली मुकेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

दहेज उत्पीड़न में 16 लोगों पर केस

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में काउंसलिग के उपरांत पति समेत 16 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुटी है।

पहले मामले में कटोराताल निवासी दिशा श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह बीती जून 2023 को सुमित गोयल निवासी आर्यनगर महाराष्ट्र के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। उसके परिजनों ने शादी में 10 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद वह अपने पति के साथ महाराष्ट्र चली गई जहां ससुरालवालों ने दहेज कम लाने को लेकर पति समेत ससुरालियों ने उसका उत्पीड़न किया। मारपीट की सूचना देने पर जब उसका भाई वहां पहुंचा तो उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए वह मारपीट की। पुलिस ने काउंसलिंग के उपरांत तहरीर के आधार पर पति व सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दूसरे मामले में मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी फरजाना ने बताया कि उसका विवाह 5 वर्ष पूर्व इसरार निवासी वार्ड 15 मोहल्ला मछली बाजार ठाकुरद्वारा के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों बाद पति इसरार व ससुराली दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। बताया कि एक दिन देर रात तक उसका पति घर नहीं आया और उसका मोबाइल बंद था। जब पति की खोजबीन की तो पता चला कि उससे झूठ बोलकर उसका निकाह कराया गया है। आरोप लगाया कि उसके पति की पूर्व में भी शादी हो चुकी है। अलमारी से उसका पति चेक व जेवरात भी ले गया था। पति के वापस न आने पर ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले में भी काउंसलिंग के उपरांत तहरीर के आधार पर पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं तीसरे मामले में मोहल्ला थाना साबिक निवासी शीबा ने बताया कि उसका निकाह बीती दिसंबर 2022 को शाहनवाज उर्फ शानू निवासी बेगम सराय अफजलगढ़ जिला बिजनौर के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने 18 लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन उसके पति व ससुराली कम दहेज लाने का ताना देकर बोलेरो गाड़ी व 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। बीती 26 फरवरी को 2023 को उसका पति उसे मायके छोड़ गया। महिला का आरोप है कि 3 अगस्त 2023 को पंचायत के सामने साजिश के तहत पति ने तीन तलाक देकर अपनी बाइक वहीं छोड़कर भाग गया तथा बाकी ससुरालियों ने उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने काउंसलिंग के बाद पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिमला बहादुर में शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

शुक्रवार की देर रात हुआ अग्निकांड, दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद पाया काबू, पांच लाख के नुकसान का अनुमान

हादसा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके के शिमला बहादुर में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब शॉर्ट सर्किट से जूते-कपड़े की दुकान में आग धधक उठी। आनन-फानन में लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

खेड़ा बस्ती निवासी अशोक कुमार की वार्ड एक स्थित बाजार में जूते एवं कपड़े की दुकान है। रोजमर्रा की भांति दुकान स्वामी ने शुक्रवार को साढ़े आठ बजे दुकान बंद की और घर चला गया। रात 11 बजे स्थानीय लोगों ने दुकान स्वामी को दुकान में आग धधकने की सूचना दी। मौके पर जाकर देखा तो आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। मगर कोई सफलता नहीं मिली।

सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी अशोक कुमार का कहना था कि दुकान के अंदर ही जूते व कपड़े का कारोबार था। आशंका जताई कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी और अग्निकांड से करीब पांच लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की। अग्निकांड की सूचना मिलने पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल भी अपनी टीम लेकर घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

स्टोन क्रशर पर खड़े डंपर में लगी आग

काशीपुर : ग्राम ब्रह्मनगर स्थित एक स्टोन क्रशर पर खड़े डंपर में अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक डंपर पूरी तरह जल गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात 12 बजे ब्रह्मनगर स्थित जय स्टोन क्रशर में खड़े एक डंपर में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर पानी डाल उस पर कुछ हद तक काबू पाया। लेकिन तब तक पानी खत्म हो गया और आनन-फानन में स्टोन क्रशर के समरसेबल को चला पुन: पंपिग कर आग बुझाई गई। तब तक डंपर पूरी तरह जल गया। फायर टीम में लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट, संदीप शर्मा, अमरीश कुमार, जयपाल सिंह, आकाश गैरोला व सनी कुमार मौजूद रहे।

गौशाला में आग लगने से भूसा व बाइक राख

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: एक गौशाला में आग लगने से भैंस झुलस गई। आग से भूसा व मोटरसाइकिल जल गई। आग बुझाते समय एक महिला भी झुलस गई।

बीती रात जसपुर-नादेही चीनी मिल रोड स्थित मोहल्ला मंशा पट्टी निवासी राकेश कुमार की गौशाला में अचानक आग लग गई। इससे आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के दिशा निर्देशन में फायर यूनिट घटनास्थल पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से गौशाला में रखी बाइक जल गई, गौशाला में बंधी भैंस आंशिक रूप से झुलस गई। आग को बुझाने के प्रयास में ओमवती पत्नी राकेश कुमार आंशिक रूप से झुलस गई। आग बुझाने वाली टीम में रमेश चन्द्र, अमरीश कुमार, गोपाल प्रसाद, शैलेन्द्र गुसाईं, विजेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, देवेन्द्र सिंह, सागर सिंह, विशु कुमार, सुरेश लाल शामिल रहे।

आग से जली मोटर साइकिल।

सऊदी अरब गया है गृहस्वामी

गृह स्वामी सऊदी अरब में नौकरी करने गया हुआ है। इस पर पड़ोसी हनी ठाकुर ने तत्काल मौके पर प्राइवेट डॉक्टर को बुलाकर झुलसी महिला का उपचार कराया। आग से झुलसी भैंस का भी पशु चिकित्सक को बुलाकर उपचार कराया गया। उधर, गौशाला में आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। लोगों द्वारा गौशाला के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से निकली चिंगारियों से आग लगने का अंदाजा लगाया जा रहा है।

10 दिनों में 13 टीमें भी नहीं पकड़ पाईं शूटर्स

संवाददाता,रुद्रपुर

अमृत विचार: डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्या आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बेहद शातिर दोनों हत्या आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहे हैं। यही वजह है कि तेज तर्रार पुलिस कर्मियों की 13 टीमें 10 दिनों में भी उन तक नहीं पहुंच सकी हैं। अभी तक उन्हें संरक्षण देने वाले चार लोग ही पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

बाबा तरसेम सिंह की हत्या हुए दस दिन हो गए हैं। बीती 28 मार्च की सुबह छह बजे बाबा तरसेम सिंह की डेरा परिसर में ही हत्या कर दी गई थी। उसी दिन बाइक सवार दोनों हत्या आरोपियों की पहचान कर ली गई थी। लेकिन, उपलब्धि के नाम पर सिर्फ हत्या आरोपियों को संरक्षण देने वाले चार लोगों की गिरफ्तारी ही है। दोनों हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। एसओजी, एसटीएफ और एसआईटी समेत 13 टीमें सर्विलांस और मैनुअल दोनों तरह से उन्हें खोजने में जुटी हैं। इन टीम में कुमाऊं भर से तेज तर्रार पुलिस कर्मियों और अफसरों को रखा गया है। दोनों हत्यारोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस टीमों को चकमा दे रहे हैं। दस दिनों बाद भी पुलिस हत्यारोपियों के लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर सकी है। हालांकि उनके परिजनों को भी हिरासत में लिया गया है। अभी तक बाबा की हत्या का स्पष्ट मकसद भी पता नहीं लग सका है।

पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा दोनों शातिर अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। अभी तक की जांच में पता चला है कि हत्या के बाद दोनों हत्यारोपियों ने शाहजहांपुर, पीलीभीत, नेपाल, पंजाब में कई स्थानों पर शरण ली थी। लेकिन कहीं भी उन्होंने मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया। सूत्र बताते हैं कि एक आरोपी ने नेपाल और दूसरे ने ढाका में शरण ले रखी है। दोनों आरोपियों द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने से अब पुलिस मैनुअल नेटवर्क के सहारे आगे बढ़ रही है। हर सूचनाओं की पुष्टि की जा रही है। पुलिस अफसर लगातार मामले पर निगाह रखे हैं और मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

बाबा तरसेम हत्याकांड

- बार-बार बदल रहे ठिकाने, पुलिस सुरागरसी, पतारसी के जाल में उलझी

क्या गरीबों तक पहुंच पा रहा पूरा राशन !

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जहां केंद्र और प्रदेश सरकारें गरीबों का पेट भरने के लिए ऊधमसिंह नगर में प्रतिमाह 420109 कार्डधारकों को राशन से लाभांवित करने का प्रयास कर रही हैं, वहीं राशन माफिया सरकार की योजना पर पलीता लगाते हुए राशन धांधली कर मुनाफा कमा रहे हैं। ऐसे में यदि राशन धांधली घोटाले को लेकर पूर्ति विभाग चुस्त हो जाता है तो महज जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश का सबसे बड़ा राशन महाघोटाला पर्दाफाश होने की संभावना है। बावजूद वर्षों से हो रहे घोटाले को लेकर पूर्ति विभाग हमेशा सुस्त दिख रहा है और माफिया चुस्त हो कर गरीबों का निवाला छीन रहे हैं।

राज्य खाद्य योजना के तहत 196211, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 206429, अंत्योदय योजना के तहत 17469 यानि 420109 कार्डधारकों को गेहूं व चावल की सप्लाई प्रतिमाह जिले के सस्ता गल्ला की दुकानों पर होती है, जबकि राज्य खाद्य योजना के तहत 752662, राष्ट्रीय खाद सुरक्षा योजना के तहत 955936 और अंत्योदय योजना के तहत 70471 यानी कुल 1779069 यूनिट्स इन योजनाओं का लाभ लेते हैं। जिसमें अति निर्धन और निम्न वर्ग के परिवार शामिल हैं। ऐसे में पिछले कुछ दिनों से महज रुद्रपुर स्तर से हुई राशन धांधली प्रकरण में राशन माफियाओं के नाम सामने आ रहे हैं। यदि इस राशन धांधली प्रकरण को जिला प्रशासन और जिला पूर्ति विभाग गंभीरता से ले लेता है तो राशन माफियाओं को बेपर्दा किया जा सकता है।

फॉलोअप

- 1779069 हैं यूनिट्स, प्रतिमाह मिलता है राशन
- पूर्ति विभाग अगर हो सख्त तो खुल सकता है महाघोटाला

जिले में आवंटित हैं 684 दुकानें

रुद्रपुर : जिले में सस्ता गल्ला विक्रेता दुकानों की बात करें तो शहरी और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर 684 दुकानें आवंटित हैं। इसमें से शहरी इलाके में 257 और ग्रामीण इलाकों में 427 दुकानें आवंटित हैं। इन सभी आवंटित दुकानों से ही केंद्र और प्रदेश सरकार की खाद्य सुरक्षा योजनाओं के तहत गरीब परिवारों को राशन वितरण किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार 684 आवंटित दुकानों की कार्यशैली और वितरण प्रणाली पर ध्यान दिया जाए तो धांधली के मामले पकड़े जा सकते हैं।

कैसे करेंगे दो एआरओ प्रकरण की जांच

रुद्रपुर : राशन वितरण व्यवस्था में धांधली का मामला सामने आने के बाद राशन धांधली की जांच कैसी होगी। यह एक बड़ा सवाल है, क्योंकि प्रकरण के सामने आने के बाद जिला पूर्ति अधिकारी ने मुख्यालय एवं सितारगंज के एआरओ को मामले की जांच सौंपी है। दो एआरओ 684 दुकान आवंटन और धांधली की जांच कर पाएंगे। इसका जवाब हर कार्डधारक जानना चाहता है।

> जिले में कई मदों से राशन वितरण की योजनाएं संचालित हैं और 684 दुकानों का आवंटन किया गया है। ऐसे में धांधली प्रकरण के सामने आने के बाद पहले चरण में एआरओ की जांच टीम रुद्रपुर की शिकायतों और धांधली के मामलों को जांचेगी। लोकसभा चुनाव के बाद जिले भर के एआरओ की कमेटी बनाकर आवंटन प्रक्रिया और राशन वितरण की धांधली मामले पर पड़ताल की जाएगी।
> **-श्यामलाल आर्या**, जिला पूर्ति अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

सोशल मीडिया पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने का आरोप

बाजपुर : सोशल मीडिया पर बहन की फोटो अपलोड कर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाकर भाई ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम गजरौला झाल निवासी पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया कि 27 मार्च को अलग-अलग समय पर गांव के ही मनदीप सिंह उर्फ सत्ता ने सोशल मीडिया पर उसकी बहन का फोटो अपलोड कर दिया। फोटो के साथ उसने अशोभनीय भाषा में गालियां लिखकर पोस्ट वायरल कर दीं। इतना ही नहीं आरोपित की बहन सुनीता एवं जीजा राजवीर सिंह निवासी कस्बा गदरपुर ने डरा-धमका कर झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी है। इससे परिवार को जान-माल का खतरा बना है। आरोपित का पिता सत्ता (सतनाम सिंह) जान से मारने की नीयत से तेज धार वाली लोहे की पाटल लेकर घूमता दिखाई दिया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अवैध खनिज तथा लकड़ी से भरे तीन वाहन पकड़े

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: वन विभाग की टीम ने 22 टायरा हाइवा ट्रक सहित दस टायरा ट्रक को ओवरलोड उप खनिज अभिवहन करने एवं एक पिकअप वाहन को जलौनी लकड़ी के साथ पकड़ लिया। वन विभाग की टीम ने तीनों वाहनों को सीज करते हुए डॉली रेंज कार्यालय परिसर में खड़ा किया है।

टीम ने सितारगंज मार्ग स्थित पिपलिया वन बैरियर पर दस टायरा ट्रक संख्या यूके 06 सीबी 8805 को रोक लिया। ट्रक में अवैध रूप से करीब 400 क्विंटल अवैध उप खनिज रेता भरा हुआ था। अन्य मामले में वन विभाग की टीम ने देर रात्रि किच्छा-सितारगंज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित किच्छा चौराहे पर रात्रि गश्त के दौरान 22 टायरा हाइवा ट्रक करीब 500 क्विंटल उप खनिज रेता को कब्जे में ले लिया। अन्य मामले में रात्रि करीब 11:30 बजे गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने किच्छा बाईपास पर पिकअप को पकड़ लिया। टीम ने करीब 10 क्विंटल जलौनी लकड़ी बरामद की।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

सार-संक्षेप

खटीमा में मेडल जीतने वाले बच्चों के साथ प्रबंधन। ● अमृत विचार

सरस्वती एकेडमी के बच्चों ने जीते मेडल

खटीमा : सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के छात्रों ने लखनऊ स्टेडियम में जि-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा सब जूनियर के अंडर 18 आयु वर्ग में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की जि-जित्सु प्रतियोगिता में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर जि-जित्सु प्रतियोगिता में सरस्वती एकेडमी विगराबाग के छात्र आयुष भट्ट ने गोल्ड, उज्जवल राणा ने सिल्वर मेडल तथा अजय महर, राहुल पगारिया, चंचल बोहरा और हिमेश जोशी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इनके वापस आने पर चेयरपर्सन ज्योति पाल ने फूल माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश पाल, प्रशासिका विनीता चंद, प्रधानाचार्य रामयश, शारीरिक शिक्षक कृष्ण कुमार साना, संतोष कुमार राव, नन्द किशोर वर्मा, सुशील कुमार गुरूरानी, मंजु अधिकारी, दीपा चन्द, हेमलता आदि मौजूद थे।

खटीमा में एनीमिया के लिए आयोजित शिविर में उपस्थित चिकित्सक व अन्य।

चिकित्सकों ने शिविर में दी एनीमिया की जानकारी

खटीमा : एनीमिया मुक्त भारत एवं पोषण अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने नौगवां ठग्गू के पंचायतघर में शिविर आयोजित किया। शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डॉ. देश दीपक, डॉ. संदीप ने बताया कि एनीमिया खून की कमी को दूर करने के लिए चलाया जाने वाला कैंप है। महिला चिकित्सक डॉ. शैलजा, डॉ. सुनाक्षी ने नवजात बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आशा कांति देवी, परवेश देवी, सावित्री देवी, कविता देवी, धर्मेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

किच्छा में विधायक बेहड़ को स्मृति चिन्ह भेंट करते समिति सदस्य। ● अमृत विचार

महर्षि कश्यप की जयंती पर विशाल भंडारा

किच्छा : महर्षि कश्यप उत्थान समिति के तत्वावधान में महर्षि कश्यप की जयंती पर भूमि पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम पटेरी में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ सहित तमाम गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस मौके पर समिति सदस्यों एवं मुख्य अतिथि विधायक बेहड़ ने विधि विधान से भूमि पूजन किया और महर्षि कश्यप के बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान विशाल भंडारे में दर्जनों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, सुनीता कश्यप, गुलशन सिंधी, गुड्डू तिवारी, उमाशंकर कश्यप, गीता कश्यप, छत्रपाल कश्यप, खेमकरण कश्यप, राम प्रसाद, दुर्गा प्रसाद कश्यप, हर प्रसाद कश्यप, रूप बसंत, दिनेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

औद्योगिक भ्रमण करते एसआईएमटी के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

एसआईएमटी के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

काशीपुर : श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट व टेक्नोलॉजी, एमबीए, बीबीए और बीकॉम ऑनर्स के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण किया। यूनिको प्लास्ट के एचआर नवीन नैनवाल ने छात्र-छात्राओं को कॉर्पोरेट कल्चर के बारे में जानकारी दी। वेलफेयर डिपार्टमेन्ट ऑफ एचआर हेड फ्लैक्सीटफ के नासिर अहमद व सुनील सिसोदिया और प्लांट हेड अतुल असावा ने जानकारी दी। इंस्टीट्यूट विजिट का आयोजन श्रीराम संस्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेल के संचालक डॉ. अकील अहमद, असिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप गोस्वामी, अंशुल नाथ, प्रगति सिंह, रवींद्र कुमार, निदेशक प्रो. योगराज सिंह व प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर में कामना सागर में महावारूणी स्नान के मौके पर डुबकी लगाते अनुयायी। ● अमृत विचार

शक्तिफार्म में महावारुणी स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कामना सागर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

मतुआ मेला-हरिबोल के उद्घोष से गूंजा दिनेशपुर, श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर परिसर में मेले के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: श्री हरिचांद गुरुचांद धर्म मंदिर परिसर स्थित कामना सागर में मतुआ संप्रदाय के महावारूणी स्नान पर हजारों अनुयायियों ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। इस दौरान पूरा क्षेत्र हरिबोल के उद्घोष से गूंजायमान हो उठा।

श्री हरिचांद ठाकुर के 112 वें जन्मोत्सव पर मतुआ मेले के दूसरे दिन शनिवार को मधु कृष्णा त्रयोदशी की पवित्र तिथि पर महावारूणी स्नान हुआ। मुख्य स्नान में जिले के साथ नैनीताल, चंपावत, हरिद्वार, देहरादून, रामपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर, बहराइच व दिल्ली राज्यों के अनुयायी पहुंचे। आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज व मुक्तानंद महाराज, मुख्य पुजारी जीवन सरकार, गौर हालदार, दुलाल सरकार ने मंत्रोच्चारण के साथ सात समुद्रों, 13 नदियों, 12 तीर्थों के पवित्र जल को मिलाकर फल दान किया। इससे पूर्व नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा में रथ पर श्री हरिचांद ठाकुर व शांति माता के चित्र के साथ आचार्य स्वामी गोपाल महाराज का चित्र रखा हुआ था। सबसे आगे अनुयायी ढोल- नगाड़ों के साथ हरिबोल... उद्घोष करते हुए नृत्य करते चल रहे थे। उनके पीछे आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज सैकड़ो अनुयायियों के साथ पैदल चल रहे थे। कार्यक्रम में विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क व सीमा सरकार, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, डॉ सुधीर राय, रमेश बैरागी, सुभाष सरकार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, आशुतोष राय, राकेश मंडल, आदित्य मलिक, प्रशांत मालाकार, आनंदिता सरकार, डॉ शंकर हालदार, शिशिर तरफदार, हिमांशु सरकार, विशंभर लाल मिगलानी, भोला शर्मा, केके गावा, डॉ. सिमरन पांडे, अशोक कालड़ा, अनादिरंजन मंडल, राजू गाईन, दीपक मक्कड़, गोपाल चक्रवर्ती, कृष्णपद विश्वास आदि मौजूद थे।

दिनेशपुर में महावारूणी स्नान से पूर्व निकली शोभा यात्रा में शामिल अनुयायियों के साथ आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज।

गांव में भी की गई सामूहिक पूजा

महावारूणी पर्व पर अनुयायियों ने मंदिरों में श्री हरिचांद ठाकुर की पूजा- अर्चना की। इस दौरान जगदीशपुर, पंचाननपुर, विजयनगर, श्रीरामपुर, आनंदखेड़ा, शिवपुर कालीनगर व गूलरभोज आदि गांव के निकट नदियों में सामूहिक पूजा अर्चना कर महावारुणी स्नान हुआ।

शक्तिफार्म में भी महावारूणी स्नान में उमड़े भक्त

शक्तिफार्म : मतुआ संप्रदाय के संस्थापक श्री श्री हरिचांद ठाकुर की 213 वीं जयंती पर उनके हजारों अनुयायियों ने महावारूणी स्नान किया। इसी के साथ चार दिवसीय मतुआ मिलन समारोह का आगाज हो गया। शनिवार को गुरुग्राम स्थित मंदिर परिसर में मधु कृष्ण त्रयोदशी पर मतुआ संत लक्ष्मण गोसाई, राजेश्वनंद गोसाई व माखन गोसाई ने गंगा पूजन करने के पश्चात हरिनाम जाप के साथ कामना सागर में डुबकी लगाई और महावारूणी स्नान शुरू किया। इस दौरान आयोजक कमेटी अध्यक्ष जयंत मंडल, सचिव तपस मिस्त्री, रविंद्र विश्वास, सुधांशु सिकदर, किरण बसु, गोकुल विश्वास, निर्मल मंडल, सुसेन विश्वास, दिलीप मिस्त्री, कमल बसु, धनंजय बसु, रीना सिकदर, सुचित्रा विश्वास, रमोला टिकेदार, गीता माल, शिखा माल मौजूद थे। मतुआ ध्वज लिए ढोल व नगाड़ों के साथ अलग-अलग जत्थों में उनके अनुयायी मंदिर पहुंचे। अनुयायियों ने हरि बोल उद्घोष के साथ नाचते गाते मंदिर परिक्रमा की।

धार्मिक कार्यक्रम में चुनावी असर

दिनेशपुर : लोकसभा व आगामी निकाय चुनाव का महावारुणी स्नान के दौरान असर देखा गया। जबकि मंदिर कमेटी के दो पक्षों में न्यायालय में चल रहे विवाद के चलते दूसरी बार महावारुणी स्नान का पर्व प्रशासन की ओर से मेलाधिकारी तहसीलदार लीना चंद्रा व थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत की देखरेख में हुआ। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता शोभायात्रा व महावारूणी स्नान में अलग-अलग दिखाई दिए।

जाफरपुर मार्ग पर बड़े वाहनों पर लगाया प्रतिबंध

दिनेशपुर : महावारुणी स्नान के चलते भारी भीड़ के मद्देनजर शनिवार को पुलिस ने जाफरपुर मार्ग से मुख्य बाजार तक बड़े वाहनों की आवाजाही पर सुबह 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंध लगाया था। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा।

क्लर्क की नौकरी का झांसा देकर ठगा

संवाददाता, रुद्रपुर

अपराध

- 2.10 लाख का लगाया चूना, नहीं मिली नौकरी
- पीड़ित पिता ने एसएसपी से लगाई मदद की गुहार

अमृत विचार: थाना गदरपुर इलाके में एक युवक को पहले सहकारी समिति में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा दिया और जब तय रकम का भुगतान हो गया तो फर्जी दस्तावेज लगाकर युवक को समिति में क्लर्क दर्शा कर गोलमाल कर दिया, जबकि युवक को कोई भी नियुक्ति पत्र नहीं मिला। जिस पर युवक के पिता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

वार्ड-एक करतारपुर थाना गदरपुर निवासी राजू प्रसाद ने बताया कि गदरपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने उसके बेटे दीपक को सहकारी समिति दिनेशपुर में क्लर्क के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उसकी एवज में 13 अगस्त को 2.10 लाख का भुगतान ले लिया। जब काफी दिनों बाद भी नौकरी का कोई अता पता नहीं लगा। तो आरोपी से पैसा वापस करने का दबाव बनाया गया तो आरोपी ने नौकरी नहीं लगने पर दोगुना पैसा वापस करने का आश्वासन दिया और बार बार पद रिक्त होने का झांसा देता रहा।

कई माह बीत जाने के बाद जांच की तो पता चला कि सहकारी समिति में उसके बेटे दीपक को कलर्क पद पर दर्शाया गया है, जबकि उसके बेटे को किसी भी प्रकार की नौकरी या फिर नियुक्ति पत्र नहीं मिला। आरोप था कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज लगाकर रकम भी ऐठ ली और बेटे को फर्जी क्लर्क दर्शाया गया। शिकायतकर्ता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

हाउस कीपर मौत प्रकरण में पुलिस ने किया मुकदमा

रुद्रपुर: थाना पंतनगर इलाके में सड़क हादसे में हाउस कीपर मौत प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। आरोप था कि कार सवार महिला ने युवक को टक्कर मारने के बाद घायल कर दिया और घायलावस्था में ही अस्पताल में छोड़कर फरार हो गई।

मूल रूप से पलिया दरोबस्त उखली कटरा शाहजहांपुर यूपी व हाल निवासी फूलबाग कॉलोनी पंतनगर विवि की राज ने बताया कि पति मोहन सिडकुल की एक कंपनी में हाउसकीपिंग के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि रोजमर्रा की भांति 19 मार्च को पति सहकर्मी के साथ ड्यूटी समाप्त कर लौट रहे थे कि दोपहर तीन बजे हल्दी पुलिस के समीप तेज गति कार ने पति को जबरदस्त टक्कर मार दी। आरोप था कि महिला कार चालक ने किसी को बुलाकर पति को सरकार अस्पताल में भर्ती कराया और बिना आर्थिक मदद किए बगैर छोड़कर चली गई।

बांद्रा व कॉर्बेट लिंक एक्सप्रेस हुई पैक

काशीपुर, अमृत विचार : काशीपुर से महानगरों को जाने वाली बांद्रा और कार्बेट लिंक एक्सप्रेस ट्रेन पैक हो गई है। तत्काल टिकट लेने वाले यात्रियों को भी रेल में सीटें नहीं मिल रही हैं। लोग वेटिंग का टिकट कटवाकर कंफर्म होने का इंतजार कर रहे हैं।

18 अप्रैल से शादी का सीजन शुरू हो रहा है। ऐसे में महानगरों से लोग अपने परिवार की शादी में शामिल होने के लिए आना व जाना ट्रेन से ही करना पसंद करते हैं। रेलवे बुकिंग काउंटर से मिली जानकारी के अनुसार बांद्रा और कॉर्बेट लिंक एक्सप्रेस ट्रेंनों की बुकिंग अप्रैल अंतिम सप्ताह तक पैक हो गई है। रेलवे स्टेशन के अधिकारियों के अनुसार महानगरों को 22976 – रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस शुक्रवार शाम 4:55 बजे, 25014-कॉर्बेट लिंक एक्सप्रेस रोजाना रात 10:50 बजे, 25036-रामनगर से दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रोजाना सुबह 10:33 बजे, 15056-रामनगर आगरा फोर्ट सोमवार, गुरुवार और शनिवार रात 8:32 बजे, 15059 लालकुंआ आंनद बिहार इंटर सिटी गुरुवार शुक्रवार सुबह 6:10 बजे काशीपुर रेलवे स्टेशन से चलती है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

तैयारी मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने की बैठक, सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

चैती मेला मैदान से बाहर सड़क पर नहीं लगेंगी दुकानें

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : 9 अप्रैल से शुरू होने वाले ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को लेकर मेला परिसर में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों और मेला भागीदारों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तैयारियों पर बिंदुवार चर्चा की गई। साथ ही व्यवस्था में लगे ठेकेदारों को कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को मेला मजिस्ट्रेट/एसडीएम अभय प्रताप सिंह व सीओ अनुषा बडोला की मौजूदगी में हुई बैठक में मेले के दौरान यातायात व्यवस्था, मां का डोला लाने वाली सड़क की मरम्मत कराने, पार्किंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे और मंदिर के पूर्वी गेट पर बैरिकेडिंग लगवाने पर चर्चा की गई। बैठक में महादेव नहर की साफ-सफाई व पानी का मुद्दा भी उठा। जिसे एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। मेला मजिस्ट्रेट अभय प्रताप सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं को मेले से एक दिन पूर्व ही दुरूस्त करने को कहा। इस दौरान चैती मैदान से बाहर कोई भी दुकान न लगने और वाहन सड़क पर पार्क नहीं होने के निर्देश दिए। उधर नखासा बाजार को मेला प्रशासन के पास पुराने स्थान पर मौजूद बिना विवादित थोड़ी जमीन पर लगाने की ही सहमति बनी। बैठक के बाद सभी ने मेले का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। मेले की सुरक्षा के लिए 80 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे है।

चैती मेले का स्थलीय निरीक्षण करते मेला मजिस्ट्रेट व अन्य। ● अमृत विचार

सिलबट्टा की दुकानें हटाने की सूचना पर मायूस दुकानदार। ● अमृत विचार

चैती में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाई धर्मशाला

काशीपुर : इस बार चैती मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का खास ध्यान रखा गया है। इसके लिए दूरदराज से आने वाले लोगों के ठहरने के लिए दो मंजिला धर्मशाला बनाई गई है। शनिवार को मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि चैती मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन करते हैं। जिनके ठहरने लिए धर्मशाला की व्यवस्था की गई है। मां बाल सुंदरी का डोला आठ अप्रैल की अर्द्धरात्रि को नगर मंदिर काशीपुर से चैती मंदिर पहुंचाया जाएगा। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को पानी पीने के लिए एक नया प्याऊ भी लगाया गया है। वहीं इस बार चैती मंदिर भगवा रंग में रंगा हुआ है।

विकास अग्निहोत्री।

इस बार नई जगह पर लगेगा सिलबट्टा बाजार

काशीपुर : साहब अब हम कहां लेके जाएं अपनी दुकान, रोजी रोटी के लिए 50 सालों से हम इसी जगह पर दुकान लगाते आ रहे हैं। यहां से हटे तो रोजगार प्रभावित हो जाएगा। यह बात चैती मेले में सिलबट्टे बेचने आए लोगों ने मेला अधिकारी से कही। अधिकारियों के अनुसार अब सिलबट्टा बाजार पुरानी जगहों से हटकर नई जगहों पर लगेगा। इस बार चैती मेला परिसर में सालों से लगने वाले सिलबट्टा बेचने वाले तीन दुकानदारों को प्रशासन व ठेकेदार दूसरी जगहों पर शिफ्ट कर रहे हैं। मुरादाबाद निवासी सुधा का कहना है कि 50 साल से पति राम सिंह इसी जगह पर दुकान लगाते थे और उनके मरने के बाद से ही वह दुकान लगाकर सिलबट्टे, चक्की आदि बेचकर रोजी रोटी का गुजारा करती है। मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पार्किंग में दिक्कतों को देखते हुए दुकानें अन्य जगह लगाने के निर्देश दिए हैं।

पांच घंटे ठप रहा टैक्सी संचालन श्रद्धालुओं को हुई भारी दिक्कत

ठुलीगाड़-भैरव मंदिर मार्ग पर नहीं चले वाहन, सात किमी पैदल चले पूर्णागिरि धाम जाने वाले

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : पुलिस प्रशासन पर चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्णागिरि टैक्सी यूनियन ने ठुलीगाड़ भैरव मंदिर मोटर मार्ग में 5 घंटे तक वाहनों का संचालन ठप रखा। इस मार्ग पर वाहनों का संचालन ठप होने से मां पूर्णागिरि धाम में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में सीओ शिवराज सिंह राणा ने जीप यूनियन के साथ ली गई बैठक में समझौता होने के बाद ही इस मार्ग पर वाहनों का संचालन सुचारु हो पाया।

शनिवार को सुबह 8 बजे पुलिस की ओर से वाहनों के ओवरलोडिंग के नाम पर हो रही कार्रवाई के विरोध में ठुलीगाड़ भैरव मंदिर मोटर मार्ग में वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया। संचालन ठप होने से श्रद्धालुओं को दुश्वारी झेलनी पड़ी। उन्हें ठुलीगाड़ से सात किलीमीटर दूर भैरव मंदिर तक पैदल चलने को मजबूर होना पड़ा। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मदन कुमार ने कहा कि जीप-टैक्सी संचालकों का उत्पीड़न के विरोध में संचालन ठप किया गया। ठुलीगाड़- भैरव मंदिर सड़क पर 50 से अधिक जीपों को संचालन की जिला पंचायत ने अनुमति दी है। संचालन ठप होने के बाद पुलिस और मेला प्रशासन सक्रिय हुआ। यूनियन के पदाधिकारियों और वाहन संचालकों से वार्ता की लेकिन वह नहीं माने। बाद में टैक्सी यूनियन की बैठक टनकपुर में सीओ शिवराज सिंह राणा द्वारा ली गई जिसमें पूर्णागिरि मेले में वाहनों द्वारा ओवरलोड न किए जाने के साथ-साथ ठुलीगाड़ भैरव मंदिर मोटर मार्ग में निर्धारित वाहनों का संचालन होने पर सहमति बनी। उसके बाद अपराह्न 1 बजे इस मार्ग पर वाहनों का संचालन शुरू हो पाया, जिससे श्रद्धालुओं ने भी राहत की सांस ली।

ठुलीगाड़-भैरव मंदिर मोटर मार्ग पर वाहनों का संचालन बंद होने से पैदल जाते श्रद्धालु।

एसपी ने पूर्णागिरि मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति भी शनिवार को पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में पहुंचकर मेले की व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र के चौकी प्रभारियों और पुलिस कर्मियों को पूर्णागिरि मार्ग में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के भी विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

छात्रों ने रैली से मतदान करने का संदेश दिया

संवाददाता, रानीखेत/बनबसा

अमृत विचार : ताड़ीखेत में उत्कृष्ट आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल को लोकतंत्र के इस पर्व पर बढ़-चढ़कर मत का प्रयोग कर एक अच्छी सरकार चुनें।

रैली मुख्य बाजार, हाइडिल गेट तक निकाली गई। मौके पर रविंद्र धामी, लक्ष्मण परगई, सूर्यमणि, सुरेंद्र नेगी, ज्योति शाह, प्रमिला, सुमन त्रिपाठी शिक्षक सहित छात्र-छात्राएं रैली में सम्मिलित थीं। वहीं बनबसा के महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता रैली निकाली। प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा की अध्यक्षता एवं स्वीप कार्यकम के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया। रैली में ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं के आलावा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. भूपनरायण दीक्षित, डॉ. सुधीर मलिक, हेम कुमार गहतोड़ी, त्रिलोक चन्द्र कांडपाल, नर सोनू, अमर सिंह, विनोद कुमार चन्द, छात्रसंघ अध्यक्ष विशाल सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

ताड़ीखेत में मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

सेना के जवान की राजस्थान में संदिग्ध हाताल में मौत

लोहाघाट/ चम्पावत : सेना में राजस्थान में तैनात खेतीखान के तपनीपाल निवासी प्रदीप बोहरा की घर लौटते वक्त मौत हो गई। तपनीपाल के ग्राम प्रधान भरत सिंह ने बताया कि प्रदीप बोहरा (34) पुत्र प्रताप सिंह शुक्रवार को बाड़मेर से ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर लौट रहे थे। राजस्थान रेलवे स्टेशन में उनकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। ग्राम प्रधान ने बताया कि अभी घटना की पूरी सूचना उनके पास भी नहीं है। सेना द्वारा फोन से दी गई सूचना का हवाला देते हुए ग्राम प्रधान ने बताया कि सैनिक का शव पहले सेना की यूनिट ले जाया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत स्पष्ट जानकारी हो पाएगी। सैनिक का परिवार लोहाघाट के ठाड़ाढुगा में रहता है, जबकि माता-पिता खेतीखान के तपनीपाल गांव में रहते हैं।

ड्रीम इलेवन में युवक ने जीते 1.40 करोड़ रुपये

टनकपुर/ चम्पावत : आईपीएल के मुकाबले में शुक्रवार को भले ही चेन्नई सुपरकिंग्स को हरा सनराइजर्स हैदराबाद छह विकेट से विजयी हुआ, लेकिन इस मैच के असली विजेता बने हैं चम्पावत जिले के बाराकोट विकासखंड के दीवान सिंह अधिकारी। इस मैच में ड्रीम इलेवन बनाकर उन्होंने दो करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि जीत ली है। होटल में काम करने वाले दीवान सिंह अधिकारी के लिए ये जीत किसी सुनहरे सपने से कम नहीं है। अधिकारी ने दो करोड़ रुपये का इनाम जीता, 30 प्रतिशत की राशि आयकर के रूप में कटने के बाद उन्हें 1.40 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। वह दो साल से अधिक समय से आईपीएल में ड्रीम इलेवन पर दांव लगाते रहे हैं। जीत के बाद उन्हें शुभकामना देने वालों का तांता लगा है।

कार पर गिरा चीड़ का पेड़ चारों पर्यटक सुरक्षित

अल्मोड़ा : शनिवार को कौसानी से अल्मोड़ा आ रही पर्यटकों की कार पर सोमेश्वर के पास चीड़ का विशालकाय पेड़ गिर गया। संयोग से कार में सवार चारों लोगों को कोई नुकसान नहीं हुआ। वह बाल-बाल बच गए। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फरीदाबाद निवासी बहादुर सेरावत तीन अन्य लोगों के साथ कार से कौसानी से घूमकर अल्मोड़ा की ओर आ रहे थे। अचानक सोमेश्वर के रनमन के पास बाबरी नामक स्थान पर चीड़ का पेड़ उनकी कार पर आ गिरा। पेड़ गिरते ही शेरावत समेत अन्य लोग कार में फंस गए। कड़ी मशक्कत कर वह कार से बाहर निकले। हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों ने सोमेश्वर पुलिस को दी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और कार सवार लोगों का हाल जाना।

सार-संक्षेप

चुनाव प्रक्रिया को बारीकी से समझें मतदान कर्मी

टनकपुर/चम्पावत : नोडल प्रशिक्षण/मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान कहा कि चुनाव प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्येक बिन्दु के संबंध में लिखित निर्देश जारी किए गए हैं, जिसका अध्ययन कर शत प्रतिशत पालन कराया जाना है। उन्होंने सम्पूर्ण निर्वाचन कार्य टीम वर्क की भावना से करने पर बल देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतदान कर्मी की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी रखी जाती है। प्रशिक्षण के दौरान सहायक नोडल प्रशिक्षण/ मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, मास्टर ट्रेनर जीवन कलोनी, डा.एमपी जोशी, पीसी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

जब्त धनराशि दस्तावेज दिखाने पर वापस होगी

अल्मोड़ा : जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि निर्वाचन के दौरान अनुवीक्षण टीमों द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार संदिग्ध और आपत्तिजनक वस्तुओं, नकदी और अन्य सामग्री को जब्त किया जा रहा है। इसको रिलीज करने के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में गठित की है। संबंधित लोगों द्वारा नकदी और बहुमूल्य वस्तुओं के संबंध में समिति के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत कर अपील दायर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा निर्वाचन अवधि के दौरान प्रत्येक सप्ताह बुधवार को नवीन कलक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में सुनवाई की जाएगी।

जीपीएस से रखी जाएगी मतदान कार्मिकों पर नजर

अल्मोड़ा : जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों पर जीपीएस के जरिए पैनी निगाह रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि जो भी मतदान पार्टियों दो किलोमीटर अथवा इससे अधिक की पैदल दूरी पर होंगी। उन टीमों में से एक कार्मिक के मोबाइल फोन में लोकेशन ट्रैपिंग एप इंस्टॉल किया जाना है, ताकि टीम की गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान कार्मिकों के लिए यह प्रक्रिया जिला मुख्यालय पर शुरू कर दी गई है।

अल्मोड़ा में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण जारी

अल्मोड़ा : लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए अल्मोड़ा में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण जारी है। शनिवार को जागेश्वर विधानसभा के 408 मतदान कार्मिकों एवं 146 माइक्रो आब्जर्वरों का एसएसजे यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम एवं विधानसभा रानीखेत के अंतर्गत आने वाले 300 मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण उदय शंकर नृत्य अकादमी में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी कार्मिक आकांक्षा कोंडे ने कहा कि सभी मतदान कर्मी अपने प्रशिक्षण को गंभीरता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को पारदर्शी बनाने व शांतिपूर्वक मतदान कराने का भार मतदान कर्मियों पर निर्भर रहता है। इसलिए सभी मतदान कर्मी अपने प्रशिक्षण की सभी बारीकियों को बखूबी जान लें। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान सामग्री प्राप्त के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने की जानकारी भी कार्मिकों को दी।

राज्य की अवधारणा को ध्वस्त करने वालों को सबक सिखाएं

बैरती (अल्मोड़ा) : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी किरन आर्या व पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन की अवधारणा को ध्वस्त करने वाली राष्ट्रीय पार्टियों को चुनाव में सबक सिखाने का वक्त आ गया है। जनसंपर्क में जिला महामंत्री प्रकाश जोशी, जिलाध्यक्ष महेश फुलारा, उक्रांद के जिला पंचायत सदस्य जगदीश रौतेला आदि शामिल रहे।

40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

बनबसा : पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में क्षेत्र सें 40 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों गिरफ्तार किया। अभियान के तहत पुलिस ने मिनी स्टेडियम बनबसा से अजय वाल्मीकि के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब तथा कब्रिस्तान के पास भरत गिरी को भी 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। ये दोनों लोग वार्ड नंबर 5 मीना बाजार के निवासी हैं।

किशोरी से दुष्कर्म में 20 वर्ष की सजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

फैसला

- वर्ष 2022 के केस में विशेष सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- आधार कार्ड में किशोरी की उम्र 14 वर्ष 8 माह 28 दिन थी

अमृत विचार : सीमांत जिले पिथौरागढ़ में विशेष सत्र न्यायाधीश शंकर राज की अदालत ले किशोरी से दुष्कर्म करने वाले एक व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार वर्ष 2022 में जिले के डीडीहाट के एक स्वास्थ्य उपकेंद्र पर तैनात एएनएम सोनिया खाती ने राजस्व विभाग को दी तहरीर में कहा था कि उनके उपकेंद्र में एक गर्भवती जांच के लिए पहुंची थी, जिसकी आधार कार्ड के हिसाब से उम्र 14 वर्ष 8 माह 28 दिन थी, जिसके बाद राजस्व विभाग ने इस मामले की जांच शुरू कर दी। राजस्व विभाग के अधिकारियों से जांच के बाद बताया कि गर्भवती डीडीहाट क्षेत्र की रहने वाली है। उसके पड़ोस में रहने वाले चंदन कुमार का उसके घर पर काफी आना जाना था, जिसका फायदा उठाकर उसने किशोरी के साथ जबर्दस्ती शारीरिक संबंध बनाए। जिस कारण वह गर्भवती हो गई।

पीड़ित पक्ष की ओर से इस मामले में डीजीसी प्रमोद पंत ने पैरवी की और पर्याप्त साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए। इस मामले में विचारण के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त को बीस साल के कठोर कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

ओपन टेनिस कुमाऊं 2024 कप का शुभारंभ

रानीखेत, अमृत विचार : रानीखेत में ओपन टेनिस कुमाऊं कप 2024 का उद्घाटन शनिवार को रानीखेत क्लब के टेनिस कोर्ट में हुआ। उद्घाटन में मुख्यअतिथि डॉ. पुष्पेश पंत, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं कर्नल प्रभाकर गुप्ता, सीओ एमएच रानीखेत रहे। उद्घाटन मैच रानीखेत गुलदार व हल्द्वानी वंडर्स के बीच हुआ। हल्द्वानी विजयी रही। शनिवार को 30 मैच खेले गए। इस अवसर पर उत्तराखंड टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुमित गोयल आदि मौजूद थे।

अल्मोड़ा में पूर्व सैनिक लीग की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

जाखनदेवी मार्ग को लेकर चुनाव बाद फिर होगा प्रदर्शन

अल्मोड़ा : नगर के जाखनदेवी मार्ग का निर्माण और डामरीकरण ना होने से उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग के सदस्य भी काफी नाराज हैं। संगठन के सदस्यों ने कहा है कि नगर के तमाम संगठन इस मार्ग को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन प्रशासन इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है। संगठन ने कहा है कि अगर इस मार्ग के निर्माण में इसी तरह लापरवाही बरती गई तो वह चुनाव के बाद धरना प्रदर्शन की रणनीति बनाने से भी गुरेज नहीं करेंगे। बैठक में अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी, मनमोहन वर्मा, पीएम मेहता, नवीन चंद्र जोशी, पूरन चंद्र लोहनी, आरएस साही, आशीष वर्मा, महेंद्र सिंह बिष्ट, दीपक कुमार टम्टा, मोहन सिंह, एनएस कनवाल, सुधीर जोशी, पीसी तिवारी आदि मौजूद रहे।

किशोरी के साथ छह लोगों ने किया दुष्कर्म

बागेश्वर : कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत एक किशोरी के साथ छह लोगों की ओर से अलग-अलग दिन दुष्कर्म व छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है।

चौदह साल की पीड़िता ने शनिवार को पुलिस को बताया कि उसके साथ छह लोगों ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर के बाद पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म तथा छेड़खानी में मामला दर्ज किया है। कोतवाल कैलाश ने नेगी ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

पत्रकार बताकर धमकाने व ब्लैकमेलिंग का आरोप

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : एक व्यक्ति पर स्वयं को मीडियाकर्मी और आरटीआई कार्यकर्ता बताकर सरकारी काम में लगे ठेकेदार के श्रमिकों को डराने धमकाने तथा ब्लैकमेलिंग करने के आरोप हैं।

शिकायती पत्र में लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता मुकुल सती का कहना है कि राजकीय उद्यान चौबटिया में निर्माण कार्यों के लिए लघु सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। ठेकेदार ने उन्हें बताया कि चार अप्रैल को एक व्यक्ति कार्यस्थल पर आया। अपना नाम उसने बलवंत सिंह रावत बताया और अपने को पत्रकार तथा आरटीआई कार्यकर्ता बताकर कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगाने लगा।

आरोप है कि मकड़ौं गांव निवासी बलवंत रावत ने ठेकेदार के श्रमिकों को डराया धमकाया और ब्लैकमेलिंग करने लगा। सात श्रमिक कार्य छोड़कर चले गए। ठेकेदार ने आगे का कार्य करने में असमर्थता जताई है। सहायक अभियंता ने प्रकरण की जांच करने की मांग की। उन्होंने संयुक्त मजिस्ट्रेट से इस प्रकरण में हस्तक्षेप कर राजकीय कार्यों में होने वाली क्षति से बचाने का भी आग्रह किया है। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर जांच अमल में लाई जाएगी।

1980 से लगातार नई ऊचाइयां छू रही भारतीय जनता पार्टी

रानीखेत, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इसमें वक्ताओं की ओर से जनसंघ से आज तक के क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि 6 अप्रैल 1980 से लेकर पार्टी लगातार नई ऊचाइयों को छू रही है। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। दो सांसदों से लेकर आज पार्टी केंद्र में 10 वर्ष का सफलतम कार्यकाल पूरा कर रही है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी, छावनी सदस्य मोहन नेगी, पूर्व अध्यक्ष दीप भगत गिरीश भगत, महामंत्री उमेश पन्त, दर्शन बिष्ट, उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर, दर्शन मेहरा, कुमायूं संयोजिका विमला रावत, दीप्ति बिष्ट, तनुजा साह, पुष्पा तिवारी, रेखा आर्य, अनु सोनकर, चन्दन भगत, विनोद भार्गव, विपिन भार्गव, विनोद कुमार, कुबेर सिंह, प्रकाश कुंवर्बी, केवल तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

वर्ग पहेली-32

बाएं से दाएं

1. बाज़ या गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी
4. 1. सघन, गहरा 2. बहुत घना 3. भयंकर, ज़बरदस्त।
7. 1. घंटे की-सी ध्वनि निकलना 2. घन-घन की आवाज़ निकलना।
9. 1. त्रुटि, भूल, गलती 2. दोष, अपराध।
10. लोहा

ऊपर से नीचे

2. उनचना, पैताने (पैर की ओर) की रस्सी खींचकर खटिया की बुनावट के ढीलेपन को दूर करना।
3. नागरिक, नगर का निवासी।
5. अपनी मरज़ी से।
6. नौका संबंधी
8. एक प्रकार का प्रत्यय जो 'भरा हुआ' या 'पूर्ण' होने का अर्थ देता है



वर्ग पहेली -31 का हल

			1 म		2 टे	
	3 उ	दि	त	यौ	व	4 ना
5 रे			वि			ग
टि			भा			र
ना			6 ज	7 ब	कि	
	8 वै	9 खा	न	स		10 ताँ
		म		र		11 ता

सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			1				2	
7		4		2		1		6
		6			3		9	
	2	1		4		5		
		7		8		6	4	
	7		5			8		
5		3		1				7
	6				9			4

सुडोकू -110 का हल

9	2	1	5	3	7	4	8	6
3	8	7	6	9	4	2	1	5
4	6	5	2	1	8	7	3	9
7	4	8	9	6	3	1	5	2
1	5	3	7	8	2	9	6	4
2	9	6	1	4	5	3	7	8
8	7	4	3	2	6	5	9	1
5	1	2	8	7	9	6	4	3
6	3	9	4	5	1	8	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 06.53 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 8 अप्रैल 03.21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 12.58 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज खर्चों की अधिकता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत न करें। वैवाहिक जीवन तनाव युक्त हो सकता है। गैस और कब्ज के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

वृष — आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। संपत्ति को लेकर डील होने की संभावना है। प्रेमीजन का सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

मिथुन — आज आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं। बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। जॉब में बदलाव करना फिलहाल उचित नहीं है। व्यवसाय में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

कर्क — आज धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। समस्याओं का निवारण होगा। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

सिंह — आज घर के बड़े बुजुर्गों के साथ वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। पड़ोसियों के साथ थोड़ी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ अनमने से रहेंगे।

कन्या — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

तुला — आज नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या हो सकती है। घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। अपनी क्षमताओं और योग्यता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें।

वृश्चिक — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में परेशानी होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

धनु — आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के प्रति गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारियों के साथ मतभेद बढ़ सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। कारोबारी कार्यों से यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर — आज आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कमर और पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। धैर्यवान होकर के काम करना लाभकारी होगी। व्यस्तता के बावजूद अपने काम को प्राथमिकता देंगे। गुरु तुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

कुंभ — आज मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें। किसी परिजन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे।

मीन — आज जॉब में अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कहानी किस्मत की — दोपहर : 12.02
लोहा — रात : 07.57

&pictures
एंटरटेनमेंट — सुबह : 09.20
दिल चाहता है — शाम : 04.30

SONY PIX
इन द हार्ट ऑफ द सी — सुबह : 10.05
स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
डॉन — सुबह : 11.30
रईस — रात : 07.40

colors CINEPLEX
भगवंत केसरी — दोपहर : 12.55
पिचैककरण — रात : 07.03

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर मैं आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति-पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

काल-अश्व विश्वरथ का नियंता

मधुमय नवसम्वत्सर आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरुवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है।

हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत् का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं "तब न सत् था न असत्। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत्। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।" ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ0 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस आफ नेचर' में कहो है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप धु्रवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा?" भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

सृष्टि के पहले देवता भी नहीं है। ऋग्वेद के ऋषि का ईमानदार वक्तव्य है "देवानां युगे प्रथमऽसतः सद जायत-देवों के युग के पहले असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। यहां असत का अर्थ सृष्टि का पूर्वकाल है। अव्यक्त है। अव्यक्त या अप्रकट का भी अस्तित्व है। यही व्यक्त होता है तो सत्।' ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत्। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1,2) में कहते हैं "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत्) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत्।"

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरूष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरूष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूवात है। फिर युग है। भारत की अनुभूति वैज्ञानिक है। आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें, नाचें गायें और दें सबको शुभकामनाएं।

प्रवेशोत्सव, स्कूल रेडिनेस से विद्यालय अनुकूलन

3-8 वर्ष की अवस्था सर्वाधिक मानसिक विकास की अवस्था है। इस अवस्था में 80 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। सीखने की प्रक्रिया बहुत तेजी से संचालित होती है। 3 से 6 वर्ष की आयु उद्दीपन के द्वारा सीखने की आयु होती है। शिशु अवस्था में बच्चों का संज्ञानात्मक एवं व्यक्तिगत सामाजिक विकास तथा संवेगात्मक विकास सबसे अधिक होता है।

इस आयु में विकास की तीव्रता स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। इसमें ध्यान, प्रसूति, कल्पना, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण आदि का विकास बहुत तेजी से होता है। उनके सीखने में कल्पना शीलता तथा आत्म प्रेम की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। इस आयु में अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों के खेल-खिलौनों में पूरा सहयोग एवं प्रतिभागिता उपलब्ध कराएं। उनके सवालों का जवाब दें। उन्हें किसी भी दशा में चुप कराने का प्रयास न करें। अन्यथा वे सवाल करना बंद कर देंगे जिससे उनका सीखना रुक जाएगा।

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

भारतीय प्राथमिक शिक्षा में सामान्यतः दो प्रकार के बच्चे पाए जाते हैं। एक वे जो अपने घर पर रहते हुए पांच वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए सीधे कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं और दूसरे वे जो किसी भी संस्था से पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश पाते हैं। दोनों की आधार शिक्षा में व्यापक अंतर देखने को मिलता है और आगे की कक्षाओं में भी यह लर्निंग गैप निरंतर बढ़ता जाता है। इसके मूल में करण के रूप में उनका पढ़ना, लिखना एवं गणित सीखने की क्षमताएं नहीं,बल्कि विद्यालयी शिक्षा से समायोजन तथा मानसिक एवं शारारिक रूप से विद्यालयी शिक्षा हेतु तैयारी है। प्री स्कूल एवं कक्षा एक के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने एवं सुचारू कक्षा अंतरण के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन) पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क को आंगनबाड़ी और प्री प्राइमरी स्कूल दोनों द्वारा समान रूप से अपनाया जाएगा,ताकि कक्षा एक में सुचारू कक्षा अंतरण के साथ-साथ भाषा कौशल एवं संख्या ज्ञान पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यक्रम 12 सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इसके द्वारा बच्चों के साथ स्कूल की तैयारी से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा जिसमें प्रथम छह सप्ताह जो मुख्यतः पढ़ने लिखने एवं गणित सीखने की प्रक्रियाओं से पूर्व के कौशलों का विकास है।

सार्वभौमिक लक्ष्य-एनईपी 2020 इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि भारतीय बच्चों की बड़ी संख्या मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकी। इसी सार्वभौमिक समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल की संकल्पना की गई है।

उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन को आपस में समायोजित करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के भाषा एवं गणित में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक कौशल बच्चों को उनकी कक्षा में रखने में सक्षम बनाते हैं जिससे बीच में पढ़ाई छोड़ने बाले बच्चों को कम किया जा सकता है अर्थात ड्रापआउट दर में कमी संभव हो पाएगी।

शारीरिक एवं सामाजिक भावात्मक विकास,साक्षरता एवं संख्या कौशल विकास आदि जैसे परस्पर संबंधित एवं परस्पर निर्भर विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके बच्चे का समग्र विकास प्रगति कार्ड में परिलक्षित होगा और बच्चे तेजी से सीखने की गति हासिल करेंगे जिसका बाद के जीवन के परिणामों और रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

भारतीय संस्कृति का संवाहक नव संवत्सर

विक्रम संवत का इतिहास अति प्राचीन होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों और नक्षत्रों का सही और सटीक स्पष्टीकरण है। गणित की दृष्टि से देखा जाए तो यह सबसे स्पष्ट है। जहां इसका इतिहास हमारे लिए गौरव की बात है, वहीं दूसरी तरफ विक्रम संवत आज के ज्योतिषियों के लिए रामबाण है। इसी के आधार पर ज्योतिषी सभी निर्णय लेते हैं। हिंदू धर्म में सभी कार्यों की शुरुआत और उनका मुहूर्त विक्रम संवत पर आधारित होता है। भारतवर्ष में ऋतु परिवर्तन के साथ ही हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है।

चैत्र माह में शीतऋतु को विदा करते हुए और वसंत ऋतु के सुहावने परिवेश के साथ नववर्ष आता है। चैत्र मास ही नववर्ष मनाने के लिए सर्वोत्तम है,क्योंकि चैत्र मास में चारो ओर पुष्प खिलते हैं,वृक्षों पर नए पत्ते आ जाते हैं,चारो ओर हरियाली मानो प्रकृति ही नव वर्ष मना रही हो,चैत्र मास में सर्दी जा रही होती है तथा गर्मी का आगमन होने जा रहा होता है। चैत्र मास में ही फसल कटती है तथा नया अनाज भी घर में आता है तो किसानों का नया वर्ष भी इसे ही माना जाता है। चैत्र में नया पंचांग आता है जिससे प्रत्येक भारतीय पर्व, विवाह तथा अन्य मुहूर्त देखे जाते हैं। संवत्सर चक्र के अनुसार सूर्य इस मौसम में अपनी राशि चक्र की प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है। साल या संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें सभी महीने पूर्णता निवास करते हो प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। इसके उत्पादक पिता सूर्य हैं,इसी वत्स से वत्सर या संवत्सर नाम पड़ा। सामान्यतः अपनी किन्हीं उपलब्धियों या घटनाओं को

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी।

यादगार बनाने के लिए लोगों द्वारा समय-समय पर अपने-अपने नव संवत्सर प्रारंभ किया गया या चलाया गया। अधिकतर संवत्सर को इसके प्रवर्तकों द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रकाश की तरफ दिखाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इसकी शुरुआत की जाती है।

विक्रमादित्य के जन्म से पहले उज्जैन पर अत्याचारी शकों का शासन था,लेकिन शूरवीर विक्रमादित्य ने 57 बीसी में शकों को हरा कर जीत के उपलक्ष्य में नए काल सत्र का निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जीत पर महाराजा विक्रमादित्य ने "शकारी" की उपाधि धारण की थी। विक्रम संवत की शुरुआत के संबंध में प्रमाण की बात की जाए तो "ज्योतिर्विदाभरण" नामक ग्रंथ, जिसकी रचना 3068 कलि अर्थात् 34 ईसा पूर्व में हुई थी,से स्पष्ट होता है कि उज्जैन के महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 3044 कलि अर्थात् 57 ईसा पूर्व में विक्रम संबंध की शुरुआत की थी। यही बात बरनाला के स्तंभ पर अंकित लेख से भी स्पष्ट होती है। इस संवत का आरंभ गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से और उत्तरी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परमपिता ब्रह्मा जी ने पृथ्वी का निर्माण चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि नवरात्रि के पहले दिन किया था। भगवान श्रीराम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक,मां दुर्गा की साधना के लिए चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, आर्यसमाज का स्थापना दिवस,संत झूलेलाल की जंयती और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे संगठन के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन है।

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी। इन सभी विशेष कारणों से भी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा का दिन विशेष बन जाता है। इसी के साथ ये भी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में नया साल अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से होता है। बंगाल में नए साल को पोइला वैशाख कहते हैं। महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के साथ ही गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। वहीं पंजाब में बैसाखी को नए साल के रूप में मनाते हैं। सिख नानकशाही कैलंडर के अनुसार होला मोहल्ला से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। उगादी चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिलनाडु और केरल में नए साल को विशु कहा जाता है। विक्रम संवत भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित हिंदू पंचांग है।

भारत में यह अनेकों राज्यों में प्रचलित पारंपरिक पंचाग है। नेपाल ही ऐसा एकमात्र देश में है,जो दो विक्रम संवत के हिसाब से देश को चलाता है। नेपाल की सरकार के साथ-साथ आम जनता ही हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को ही साल का पहला दिन मानती है और इसी के हिसाब के पूरे कार्यक्रम निर्धारित करती है। देश जब आजाद हुआ तो शुरुआत में कुछ साल देश में विक्रम संवत ही चलन में था,लेकिन साल 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विक्रम संवत के स्थान पर ग्रेगोरियन को प्राथमिकता दी। देश में सभी सरकारी कामकाज विक्रम कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से होने लगे। इस वर्ष के संवत्सर नाम 'क्रोधी' जिस दिन नव संवत का आरंभ होता है,उस दिन के वार के अनुसार वर्ष के राजा का निर्धारण होता है। 2081 नव संवत्सर 'क्रोधी' नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

भविष्य वर्तमान का प्रतिफल

विगत शतक में जिस व्यक्ति की जैसी परिस्थिति हुआ करती थी,उससे संतुष्ट रहकर वह जी लेता था,एक प्रकार से सुखी था। हम सब अपने सुखद भविष्य की कामना करते हैं, उसके सपने देखते हैं और यथाशक्ति प्रयत्न भी करते हैं,किंतु यह संभव नहीं कि सब कुछ मनचाहा हो जाए। वैसे भी,इंसान की फितरत है कि जो हासिल है उसकी वह कद्र नहीं करता और जो नहीं मिला उसका अफसोस उसे सदैव बना रहता है। वास्तव में समझने की बात यह है कि भविष्य हमारे वर्तमान का प्रतिफल होता है,लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या करें, क्या न करें?

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

कार्य करने योग्य है या नहीं यह निर्णय भविष्य पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हम सबको छोटी सी जिंदगी मिली है,आधी खाने-पीने और सोने में गुजर जाती है। एक चौथाई फिजूल के कामों में,अब बाकी बची पच्चीस प्रतिशत इसी मूल्यवान समय का उपयोग आपके भविष्य का निर्माण करता है। एक पुरानी सूक्ति है 'विचार बोयें,कार्य की फसल काटें। कार्य बोयें,आदत की फसल काटें, आदत बोयें,चरित्र की फसल काटें और चरित्र बोयें,नियति की फसल काटें।' स्टीफन आर. कवी ने लिखा है 'हालांकि हम अपने कार्य चुनने के लिए स्वतंत्र हैं,परंतु उसके परिणामों को चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। परिणाम प्राकृतिक नियमों से संचालित होते हैं। हम तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन के सामने खड़े होने का फैसला कर सकते हैं,परंतु यह फैसला नहीं कर सकते कि जब ट्रेन हमें टक्कर मारेगी तो हमारा क्या होगा?

लिखने का रंग

एम एफ हुसैन मालवा को पेंट करते,लालटेन की रोशनी में,तो कभी रोशनी को भी ढक देते और अंधेरे में अंधेरे के रंगों को महसूस करके पेंट करते। वह अक्सर किसी को सामने से पेंट करते तो उसमें उसकी सूरत नहीं होती,हुसैन की आंखों का अक्स होता। वह जैसा दिख रहा है,यह पेंट नहीं होता,उसे कैसे देख रहे हैं हुसैन,यह कैनवास पर रंगों में ढल जाता।

मैं कविता नहीं लिखता या लिखता हूं तो दिखाता नहीं हूं। मेरे शेर मेरे अलावा किसी ने नहीं जाना मैं पेंटिंग नहीं करता हूं,मगर मेरा दिल करता है कि मैं भी हुसैन की तरह किसी को भी सामने बैठाकर उसकी आंखों,उसके कानों,उसकी हल्की मुस्कुराहट से हिलते होंठ और आंखे,आंखे तो पेंट करने में हुसैन की जान ही निकल जाती थी और आंखों के बारे में हम भी कुछ कहते कतराते हैं। जब भी किसी के बारे में लिखते हैं तो मेरे सामने उसकी आंखें चल रही होती हैं। आंखे मुझे जो बतलाती हैं,मैं अक्सर वह नहीं लिखता हूं,वरना कितने ही दिल मायूस हो जाएं। मेरा दिल करता है कि जिससे भी मिला हूं,उसके बारे में नस्र की एक पेंटिंग करूं। किसी को मैं अंधेरे में छूकर बिल्कुल वैसे लिखना चाहता हूं,जैसे हुसैन पेंट करना चाहते थे। मेरा दिल करता है कि जिसमे मेरी दिलचस्पी हो,उसे सामने बैठाकर मैं उसकी हर सांस से जिस्म में जो लरजत और आंखों में जो लज्जत पैदा होती है,उसे लिखूं। मेरा लिखना लोगों की नजर में नस्र है। जबकि मुझे लगता है कि मैं पेंट कर रहा हूं। मेरे अल्फ़ाज़ का अक्स भले काला हो,मगर उसमें हर लफ्ज़ के अपने अलहदा रंग हैं।

हफीज किदवई
लेखक

यह मेरे लिखने का रंग है। जिसे जमाने की कोई फिक्र नहीं और जिस पर जमाना भी अपना वक्त बर्बाद नहीं करता। यह मेरी कलम है जिसके पांव में हुसैन के पांव की तरह चप्पल नहीं है। मेरा लिखा किसी झुंड को पसंद आने के लिए नहीं है। किसी झुंड के तोहफे,ईनाम, वकार के लिए नहीं है। किसी झुंड के मुट्ठी भर पन्नों में छपने के लिए नहीं हैं। मेरा लिखा,मेरी जरूरत है। मेरा लिखा मेरी सांसों को आजाद छोड़ने के लिए है,नहीं लिखूंगा तो सांस घुट जाएगी,बस इतने भर के लिए है।

मौसम मस्त चुनाव का, लोकतंत्र का पर्व

चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ज्यों-ज्यों समय नजदीक आ रहा है वातावरण में नर्मी-गर्मी भी बढ़ रही है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है।

इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले, चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। इस मौसम में रंग बदलते लोगों को देखना बड़ा विस्मयकारी होता है। प्रकृति के ऋतुचक्र में तो उसका अपना मूल चरित्र होता है तभी तो आम पर आम का मंजर, लीची पर लीची का मंजर आता है। मनुष्य का मौसम अजीब होता है! और वह भी चुनाव का मौसम! इस मौसम में कहना बड़ा कठिन और असंभव है कि किस डाली पर किस फल का मंजर आएगा! बबूल पर आम का मंजर तो नीम पर लीची का मंजर चढ़ आता है! ताज्जुब तो तब होता है जब गुलाब की डाली भी मंजरियों से भर जाती है! - मौसम मस्त चुनाव का,नेताओं के रंग! भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!! चुनाव का मौसम दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। गांव-शहर पोस्टरों, जुलूस और शोर-शराबों में डूबने ही

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है।

वाला है। वैसे तो गांव और शहर जनप्रतिनिधियों तथा सरकार की कृपा से पहले से ही डूब-उतरा रहा है। लोग डूबने के अभ्यासी हो गए हैं। उनके लिए डूबना कोई नई बात नहीं है! डूब मरना कहावत भी बीते जमाने में छूट गई है। अब तो डूब कर पानी क्या घी पीने की आदत-सी लग गई है! ज्ञानी ऋषि चार्वाक आज होते तो 'यावत् जीवेत सुखम् जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतम् पीवेत' से आगे कहते कि 'यावत् जीवेत रक्तम् पीवेत, ऋणं कृत्वा एसयूवी चढ़ेत'!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और न ही समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे प्रशासन तथा कानून को धता बताते हुए सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने भी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है? बच्चों की फिक्र होती तो किसी नेता विशेष के लिए घंटों सड़क नहीं जाम हो जाता, स्कूल बस को भी सड़क के किनारे नहीं रोक दिया जाता! सुबह के निकले बच्चे रात ढले घर लौटते हैं। इस बीच मां-बाप और परिवार की बेचैनी किस चरम पर होती है इसका अनुमान ये सुरक्षित घेरे में बड़ी गाड़ियों पर सवार जयकारों के उन्माद में डूबे हुए तथाकथित नेता नहीं लगा सकते हैं। जनता जाए भाड़ में उन्हें तो राजधानी की बड़ी कुर्सी पर सवार होना है। इसलिए उन्हें एन केन प्रकारेण अपने झंडाबरदारों के बलबूते शोर मचाते हुए राजगद्दी पर आसीन होना है।

विश्व को लोकतंत्र का संदेश देने वाले और पाठ पढ़ाने वाले गौरवशाली भारत के कई मायनों में विशिष्ट प्रांत बिहार और बिहार का कभी वैभवशाली जनपद रहा वज्जि संघ लोकतंत्र का जनक है। लोकतंत्र की जननी यह धरती कभी हजारों सभासदों के साथ बैठकर गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान करती थी। किसी भी नीति और प्रावधान को सुचारू रूप से चलाने तथा जनता के बीच लाने के लिए पहले विचार मंथन करते हुए सब एकमत होते थे तभी उसे कार्य रूप दिया जाता था। जीने का जन्मसिद्ध अधिकार सबको प्राप्त है मगर मानवीय नकारात्मक प्रवृत्तियों के कारण असमानता और विसंगतियां बढ़ती चली गईं। 'वसुधैव कुटुंबकमृ' का उद्घोष करने वाला यह देश राजनीतिक दुष्चक्र में फंस कर खंड-खंड टूटता और बंटता चला गया। जातियों के नाम समाज विखंडित हो गया। अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बड़ी होती गई। आर्थिक स्थितियां भी सबकी अलग-अलग हो गई। बाहुबली और धनबली के भीतर शासन करने की प्रवृत्ति पैदा हुई जिससे असंतोष और अराजकता को बढ़ावा मिला।

ऐसे ही वातावरण में जबकि राजतंत्र का बोलबाला था, वैशाली गणराज्य ने शासन-व्यवस्था में प्रजा की सहभागिता के लिए पूरा-पूरा जगह निकालते हुए व्यापक जन समाज को सम्मानित करने का काम किया। जनता को अधिकार प्राप्त हुआ कि वह अपने अनुसार नेतृत्व का चुनाव करे। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है। जनता को मत देने का ऐसा अधिकार है जिसके बल पर सुयोग्य नेतृत्व का चयन होता है। चुनाव और मताधिकार भारत का एक ऐसा मानवीय मूल्य है,जो समानता के सिद्धांत के साथ अपने समस्त नागरिकों को समरस करता है।

वोट की कद्र बढ़ाने को होना चाहिए प्रयास

राजनीति की धरती उसी तरह हो गई है,जैसे आंधी,तूफान और चक्रवात के आने पर भारी उथल-पुथल प्रभावित इलाके के हिस्से में हो जाती है और वहां का भूगोल बदल जाता है। कहां पेड़ थे, कहां झोपड़ियां थीं, कहां मकान थे और कहां क्या बसा था? सब जमींदोज हो जाने की वजह से समझ में नहीं आता।

इसी तरह की स्थिति राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव की आंधी और चक्रवात आने पर होती है। कौन से लोग किस दल में थे, वे कहां उखड़कर चले गए,इसको समझने में मतदाताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनीति के इस दल-बदल की आंधी और तूफान के बीच चमकती-कड़कती बिजली से एक ही स्वर गूंजता है, राष्ट्र की सेवा के लिए नया दल उपयुक्त महसूस हो रहा है लिहाजा पुराने दल को छोड़ा जा रहा है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम न रहे कि कौन राजनीतिज्ञ किस दल में है,इसके लिए कम से कम चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ दल-बदल की प्रवृत्ति को रोक दिया जाए। पूरे पांच साल में तकरीबन 260 सप्ताह सदन में प्रतिनिधि रहे राजनीतिज्ञों को कम से कम 26 सप्ताह पहले तक दल-बदल के लिए मौका दे दिया जाए। उसके बाद दल-बदल करने वाले को टिकट से वंचित किया जाना चाहिए। इसी तरह मान्यता प्राप्त दलों के जिला/नगर के पदाधिकारियों को भी चुनाव घोषित होने की संभावित तिथि के कम से कम 13 सप्ताह के पहले तक दल बदल के लिए मौका दिया जाए।

इसके बाद दल-बदल करने वालों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राजनीति के प्रति आम जनता के मन में तमाम तरह की उठने वाली बातों पर विराम लगेगा। इसका लाभ यह होगा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा वरना मतदाता संशय में रहता है कि उसके वोट की कद्र हो पाएगी या नहीं? चुनाव आयोग को इसके लिए भी आचार-संहिता बनानी चाहिए।

रविवार विशेष

आधे से ज्यादा मतदाताओं का बन चुका मूड

मतदाता व्यवहार या मनोविज्ञान बताता है कि एक मतदाता कब और कैसे इस बात का फैसला करता है कि उसे वोट किसे देना है। वह कौन सी परिस्थितियां, वातावरण, प्रभाव या कारक होते हैं, जिनके आधार पर वह यह निर्णय लेता है कि अमुक दल या प्रत्याशी को वोट देना है। वोट देने के दौरान उसके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा होता है। अगर राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में जातीय, धार्मिक या सामुदायिक आधार को तरजीह देते हैं, तो मतदाता को भी वोट का फैसला लेने में सबसे ज्यादा यही बातें प्रभावित करती हैं। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में एक बड़ा वर्ग देखता है कि उसका वोट किस जाति या समुदाय के प्रत्याशी को जा रहा है। एक दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोगों से संवाद में यह तथ्य उजागर होने के साथ पता चला कि आधे से अधिक लोग मतदान के लिए मन बना चुके हैं।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में किसने किसको और कितने वोट दिए, इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन आधे से अधिक 58 फीसदी मतदाता अपना मूड बना चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर किस खाने का बटन दबाना है। यह महत्पूर्ण तथ्य अमृत विचार की ओर से मतदाता संवाद और मतदान जागरूकता को लेकर किए गए संपर्क अभियान में सामने आया है।



जिन 42 फीसदी लोगों ने अभी अपना वोट तय नहीं किया है, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा 14 फीसदी उन लोगों का है, जिनका कहना है कि वह मतदान के दिन ही अपना फैसला लेंगे। इसी तरह 21 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी किसी दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का कोई निर्णय नहीं लिया है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक दलों के वायदे, प्रचार अभियान, नेताओं के भाषण, मुद्दों और हवा का रुख परख रहे हैं और कहते हैं कि जल्दी ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे, जबकि सात फीसदी मतदाताओं का कहना है कि वह अपना वोट खराब नहीं करेंगे और उसके पक्ष में ही मतदान करेंगे जो जीतता हुआ नजर आएगा।

58 फीसदी लोगों के यह राय जताने से कि वह अपने मत को लेकर फैसला कर चुके हैं, साफ है कि अधिकतर मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचते हैं तो ईवीएम का बटन दबाने से पहले ही फैसला करके आते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों के लिए काम करने वाले भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अधिकतर मतदाता पहले ही तय कर चुके होते हैं कि उनका वोट किधर जाना है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वोट किसको जाएगा, इसका मूड बनाने वाले 58 फीसदी मतदाताओं में अधिकतर स्वीकार करते हैं कि वह किसी न किसी राजनीतिक दल के समर्थक हैं, या किसी खास विचारधारा से प्रभावित हैं। हालांकि इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक आम मतदाता जब वोट देने जाता है तो उस पर कई फैक्टर काम कर रहे होते हैं, इनमें जाति, धर्म, समुदाय, फायदे वाली घोषणाएं, योजनाएं, भाषा, प्रत्याशी, प्रचार, मीडिया रिपोर्ट्स सभी कुछ होते हैं। अपना राजनीतिक दृष्टिकोण बनाने में वह इन सभी बातों का सहारा लेता है। लेकिन ऐसे मतदाताओं की संख्या अगर उन मतदाताओं के मुकाबले आधी है, जो पहले से ही अपने मत का फैसला किए बैठे हैं, तो परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना का प्रतिशत कम हो जाता है।



42 फीसदी लोग वोट तय करने के लिए क्या सोंचते

21 फीसदी मतदाता वायदे, प्रचार, नेताओं के भाषण और मुद्दों को परख रहे हैं।

14 फीसदी लोगों का कहना है कि मतदान के दिन ही वह अपना फैसला लेंगे।

07 फीसदी मतदाता बोले, वह जीतने वाले प्रत्याशी को ही मत देना पसंद करेंगे।

जनता और राजनीतिक दल, चुनाव सभी के लिए धर्म और जाति का दलदल



- निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन और व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों या मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता हो। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में जहां राजनीतिक दल यह दलील देते हैं कि जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगना गैर कानूनी हो सकता है, लेकिन उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी का अधिकार है, वहीं सच्चाई यह भी है कि सभी जातियां या समुदाय, जनसंख्या में अपनी उपस्थिति के मुताबिक सभी दलों से अपने हितों की सुरक्षा की मांग करती रहती हैं और निर्वाचन क्षेत्र में बहुलता के आधार पर अपने वर्ग के प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की अपेक्षा रखती हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसे मत देना है, इसका फैसला लेने में सबसे ज्यादा जाति, धर्म और समुदाय ही मतदाता को प्रभावित करता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में मतदाता यह जरूर देखता है कि उसका वोट किस जाति के उम्मीदवार को जा रहा है। अगर वोटर उसकी जाति का होता है तो ज्यादा संभावना रहती है कि वह उसे ही वोट देने का फैसला करता है। इस स्थिति में मुद्दों और मूलभूत समस्याओं की कोई खास भूमिका नहीं रह जाती है। मतदाता प्रत्याशी की जाति, धर्म के साथ भाषा और पार्टी से भी प्रभावित होता है।





मतदाता को प्रभावित करने के लिए धारणा की नींव पर बनाया जाता माहौल का महल

कहते हैं कि प्रेम, युद्ध और राजनीति में सब जायज़ है। शायद इसी के चलते आज चुनाव भी मनोवैज्ञानिक युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। वोटर को प्रभावित करने में सारा खेल धारणा का हो गया है। धारणा की नींव पर ही माहौल का महल खड़ा किया जा रहा है। टीवी पर प्राइम टाइम में आने वाली बहसें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मतदाता मनोविज्ञान पर काम करने वाले विवेक द्विवेदी कहते हैं कि जिस तरह युद्ध जीतने के लिए छद्म प्रयास किए जाते हैं आज उसी तरह भ्रमपूर्ण वातावरण बनाकर मतदाता को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सोशल मीडिया इस काम में बड़ा हथियार बन गया है।

भाजपा की हैट्रिक या खत्म होगा बसपा के लिए जीत का वनवास

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित शाहजहांपुर लोकसभा सीट की पहचान शहीदों की धरती से जुड़ी है। देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान यहीं के निवासी थे। भाजपा ने इस सीट पर वर्ष 2019 में जीते अरुण सागर पर भरोसा जताया है तो सपा ने राजेश कश्यप और बसपा ने दोदराम वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा शाहजहांपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से नहीं चूकना चाहती है, तो सपा 2014 में गंवा चुकी इस सीट को हर हाल में जीतना चाहती है। उधर, बसपा को गठबंधन के बाद भी 2019 में मिली हार साल रही है। वह इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश में जुटी है। जल्द ही यहां बसपा प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की सभा आयोजित की जाएगी। इस सीट पर किसी भी दल ने आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। फिलहाल सभी दलों के उम्मीदवारों ने यहां समर जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। उम्मीदवार बूथ प्रबंधन की रणनीति पर काम कर रहे हैं ताकि समर्थक एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए।

अरुण कुमार सागर।

राजेश कुमार कश्यप।

दोदराम वर्मा।

2019 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	अरुण कुमार सागर	6,88,990
	बसपा	अमर चंद्र जौहर	4,20,572
	कांग्रेस	ब्रह्म स्वरूप सागर	35,283

2014 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	कृष्णा राज	5,25,132
	बसपा	उम्मेद सिंह कश्यप	2,89,603
	सपा	मिथिलेश कुमार	2,42,913
	कांग्रेस	चेतराम	27,011

पिछले तीन चुनावों में दलों का वोट शेयर

वर्ष –चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	47.5	40.7	6.9	2.1
2019 लोस	58.6	00	35.6	3.0
2014 लोस	46.5	21.5	25.6	2.5

बसपा के लिए बंजर यहां की धरती

बसपा इस सीट पर कभी नहीं जीती। पार्टी के लिए यहां की धरती बंजर ही साबित हुई। 2009, 2014 और 2019 में बसपा के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 में पार्टी को उम्मीद थी कि सपा, रालोद से गठबंधन के दम पर इस सीट पर उसे जीत मिलेगी पर ऐसा नहीं हो सका। इस बार बसपा अकेले मैदान में है। ऐसे में किसी बड़े चमत्कार की उम्मीद तो नहीं है लेकिन पार्टी की कोशिश में कोई कमी नहीं है।

जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही यह सीट

यह सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही थी। 1971, 1980, 1984 व 1999 के चुनाव में वे यहां से संसद में पहुंचे थे। 2004 में उनके बेटे वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया और पहला चुनाव 2009 में जब हुआ तो सपा को यहां से जीत मिली। 2014 की मोदी लहर में यहां से भाजपा नेता कृष्णा राज जीत दर्ज करने में कामयाब हुईं और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। हालांकि अगले चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर अरुण सागर को दे दिया गया और चुनाव जीतकर वह नेतृत्व की अपेक्षा पर खरे उतरे। इस बार अरुण को अपने काम के साथ मोदी की गारंटी का भरोसा है।



चुनाव जो न कराए
भाषण देने के साथ नाच रहे मुख्यमंत्री

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान तेजतर्रार भाषणों के साथ अपने नृत्य कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर ऐसा जमकर नृत्य किया कि दर्शक भी झूम उठे। शिवसागर और मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया और जनता से भी साथ देने की अपील की। शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और लोगों से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगे। नृत्य का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं।

अजमेर में मोदी...

राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मतदाताओं के सिर पर मोदी फिर एक बार का जादू चढ़कर बोला। कई बच्चे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल और मोदी के कट आउट लेकर पहुंचे।

पत्नी कांग्रेस से विधायक, बसपा प्रत्याशी ने छोड़ा घर

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कंकर मुंजारे ने शनिवार को अपने उस घर को छोड़ दिया है, जिसमें वह कांग्रेस विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के साथ रहते थे। मुंजारे के कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि चुनाव के दौरान अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्तियों को एक छत के नीचे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक और सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि अब वह 19 अप्रैल को मतदान के बाद ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना घर छोड़ दिया है। एक बांध के पास एक झोपड़ी में रह रहा हूं। अगर अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्ति एक छत के नीचे रहते हैं, तो लोग सोचेंगे कि यह मैच फिक्सिंग है। उधर, विधायक पत्नी ने कहा कि वह पति के रुख से आहत हैं। जब वह परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार थे और मैं कांग्रेस के टिकट पर बालाघाट से चुनाव लड़ रही थी, तब हम लोग साथ-साथ रहे थे।

सपा के शाक्य प्रत्याशी ने यहां बढ़ाई भाजपा की चुनौती

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार एटा लोकसभा सीट से शाक्य जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है, इसके चलते भाजपा खेमे में बैचेनी महसूस की जा रही है। भाजपा से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार ताल ठोंक रहे हैं। बसपा ने अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को मैदान में उतार सकती है। एटा लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

एटा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों वोटों के बीच रहता है। इन्हीं जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां सर्वाधिक हैं, जो अपनी एकजुटता से उम्मीदवार की जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन शाक्य मतदाता भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। सपा से देवेश शाक्य के उतरने से इस बार समीकरण बदले हुए हैं। दोनों दलों का परंपरागत वोट तो अपनी-अपनी जगह है। लेकिन शाक्य मतदाताओं को हमेशा अपने पाले में समझने वाली भाजपा में सपा से शाक्य उम्मीदवार उतरने के कारण थोड़ी बेचैनी की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि शाक्य मतदाता एकजुट होकर अगर सजातीय उम्मीदवार के साथ जाते हैं तो भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य इटावा के रहने वाले हैं। दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

पूर्व के चुनावों में एटा सीट से तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। यहां दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। इसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को उतारा है।

सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भाजपा पदाधिकारी इन मतदाताओं को पार्टी से जोड़े रखने के लिए ताकत लगा रहे हैं। शाक्य समाज के भाजपा नेताओं को चेहरा बनाकर बैठकें की जा रही हैं। यूं तो मोदी के व्यक्तित्व और अयोध्या मंदिर की हवा में लड़े जा रहे चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन पीडीए का फार्मूला लेकर उतरी सपा के साथ यहां शाक्य फैक्टर भी जुड़ गया है। इसके साथ ही गठबंधन में कांग्रेस का साथ है। ऐसे में भाजपा जीत के लिए मेहनत कर रही है।



2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी
भाजपा	राजवीर सिंह
सपा	देवेंद्र यादव
निर्दलीय	हरिओम

2014 का परिणाम

दल	प्रत्याशी
भाजपा	राजवीर सिंह
सपा	देवेंद्र यादव
बसपा	नूर मो. खान

लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे मोदी

राजस्थान की चुनावी सभा में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पर बोला हमला

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि वह खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा-आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा- यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं हैं, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा-देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है देश की जनता, मेरी प्यारी बहनें, नौजवान, किसान, मजदूर, आदिवासी उसे सबक सिखा देते हैं। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं। मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।

जयपुर में लोकसभा चुनाव से पहले बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ नजर आए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने, भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल कराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा- हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता व अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे, आपके सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ ही उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे और हजार आंधियों से संभालकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-क्योंकि ये देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। इसकी हवाओं में हमारी मां बहनों के पसीने का नमक है।

लोस चुनाव : कांग्रेस ने छह और उम्मीदवार घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को छह और उम्मीदवार घोषित किए जिनमें सबसे प्रमुख नाम विरियाटो फर्नांडिस का है जिन्हें दक्षिण गोवा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सारदिन्हा गोवा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने उत्तरी गोवा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप को टिकट दिया है। मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सीकरवार, ग्वालियर से प्रवीण पाठक और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं दादरा एवं नगर हवेली से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक कुल 241 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इससे पहले उसने 13 अलग-अलग सूचियों में 235 उम्मीदवार घोषित किए थे।

भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी है : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

● भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी बन गई है और उन्होंने भरोसा जताया कि लोग पार्टी को केंद्र में एक और कार्यकाल के लिए चुनेंगे ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए तैयार की गई नींव को मजबूत किया जा सके।

मोदी ने भाजपा के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने में सक्षम होने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने की भी क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है जबकि दशकों

तक शासन करने वाले दलों ने इसी राजनीतिक संस्कृति को देश की पहचान बना दिया था। मोदी ने कहा कि नए भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन होने से विकास का लाभ आज अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा-केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित भाई-बहनों को एक नई ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे थे, उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी। भाजपा उनकी सशक्त आवाज बनकर सामने आई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा समग्र विकास के लिए काम किया है, जिससे हर देशवासी का जीवन आसान बना है। मोदी ने कहा- भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देशभर के मेरे कर्मठ और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। आज भाजपा की उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है।

एक नजर

लुधियाना के एसीपी और गनमैन की सड़क दुर्घटना में मौत

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना जिले में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और उनके गनमैन की शुक्रवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब चंडीगढ़ से लौट रहे एसीपी संदीप सिंह का वाहन समराला में दयालपुरा बाईपास पर एक अन्य वाहन से टकरा गया। सिंह और उनके गनमैन परमजोत सिंह को घायलावस्था में सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

एचडीआईएल के प्रमोटर वधावन की नहीं हुई रिहाई

मुंबई। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के मामले में हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन को शुक्रवार को जमानत दे दी लेकिन दोनों पर कई अन्य मामले चलने के कारण उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज मामलों में दोनों को कल जमानत मंजूर कर ली थी।

राजस्थान में पढाई नहीं करने पर एक युवक ने बेटी को पीटा, मौत

जयपुर। राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड थाना क्षेत्र में एक युवक ने परीक्षा की तैयारीं नहीं करने पर अपनी बेटी को कथित रूप से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रेम नगर में फतेह मोहम्मद (42) ने 11वीं कक्षा में पढ रही अपनी 17 वर्षीय बेटी को बृहस्पतिवार को पढ़ाई नहीं करने के कारण पीटा। उन्होंने बताया कि छात्रा के चाचा की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पिटाई के लिये उपयोग में लाया गया डंडा शनिवार को बरामद कर लिया गया।

केरल के कन्नूर में विस्फोट के मामले में चार लोग गिरफ्तार

कन्नूर, एजेंसी

● पुलिस ने कहा-गिरफ्तार आरोपी माकपा के कार्यकर्ता थे

केरल के कन्नूर जिले के उत्तरी हिस्से पनूर के पास एक दिन पहले हुए विस्फोट के सिलसिले में शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी, तीन घायल व्यक्ति और मृतक, सभी व्यक्ति मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ता अथवा समर्थक थे। वामपंथी दल ने पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया है। पनूर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के सिलसिले में शेबिन लाल, के अतुल, के के अरुण और सयूज को गिरफ्तार कर लिया है, ये सभी कथित तौर पर उस समय मौजूद थे जब बम विस्फोट हुआ था। पुलिस ने बताया कि सयूज को कथित तौर पर पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के कोयंबटूर भागने की कोशिश करते समय पालक्कड से पकड़ा गया था। इसमें कहा गया है कि विस्फोट में घायल हुए तीन अन्य - विनीश, विनोद और अश्वनाथ का भी इलाज चल रहा है।

कोर्ट ने अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में समन से बचने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की एक अर्जी पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा नौ अप्रैल को फैसला सुनाएंगी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जवाब के लिए खान को तलब किया जाए या नहीं। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करके और जांच से भागकर अपनी भूमिका संदिग्ध कर ली है।

ठाणे रंगवल्ली परिवार के रंगोली कलाकारों द्वारा ठाणे में आयोजित रंगोली प्रदर्शनी के दौरान गुड़ी पड़वा उत्सव के बीच एक महिला कलाकार ने मनमोहक रंगोली बनाई। =एजेंसी

डीआरआई ने तमिलनाडु से बरामद किया 4.9 किलो सोना

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। तटरक्षक बल और सीमा शुल्क विभाग के एक संयुक्त अभियान में, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने श्रीलंका से तस्करी करने के बाद समुद्र में फेंका गया तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया-एजेंसियों ने पांच अप्रैल को समुद्र से कुल 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। तटरक्षक बल और रामनाथपुरम की सीमा शुल्क इकाई के साथ एक संयुक्त अभियान में डीआरआई ने मंडपम के वेदलाई तट के निकट समुद्र से 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। सोने की छड़ों का कुल वजन 4.9 किग्रा है और इसका मूल्य 3.43 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

मोदी को इतिहास नहीं पता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के साथ किया था गठबंधन: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी का दिया जवाब

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं, क्योंकि वह कोई और नहीं बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर विभाजन की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में

वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपना इतिहास ही नहीं पता है।

इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करेगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हैं और इसमें विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है, फिर भी पांच न्याय, 25 गारंटी पर जनता की प्रतिक्रिया के कारण चुनाव में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष खत्म करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी प्रयासों को खारिज कर देंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंदरखाने से बहुत हुआ 10 साल अन्याय काल की लहर है।

कारोबार/कृषि

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1880, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1810, रविन्द्रा 1835, फॉर्चुन ली0 1660, जय जवान 1465, सचिन 1620, सूरज 1490, अवसर 1670, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1620, क्लासिक (किलो) 1745, मोर 1610, चक्र टिन 1695, ब्लू 1740, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छोंटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 13100, अरहर पटका मोटा 13400, अरहर कोरा मोटा 13900, अरहर पटका छोटा 13900-14300, अरहर कोरी छोटी 15300, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज (नई) 3970, बहेड़ी (नई) 3980 रुपये।

गेहूं की फसल पर जलवायु संकट का सामना करने में भारत की तैयारी पाकिस्तान से बेहतर

कृषि वैज्ञानिक बोले-मौसम इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में कर रहा मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में मौसम की अनुकूल स्थिति उन्हें इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में मदद कर रही है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि हालांकि, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए पड़ोसी देश की तुलना में बेहतर ढंग से तैयार है। उन्होंने बताया कि भारत ने बीज की कई स्वदेशी गर्मी प्रतिरोधी और कम अवधि वाली किस्में विकसित की हैं।

वैज्ञानिकों ने कहा भारत दुनिया का दूसरा और पाकिस्तान आठवां सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है। जहां भारत गेहूं उत्पादन में

आत्मनिर्भर है, वहीं पाकिस्तान 20-30 लाख टन गेहूं आयात करता है। घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाकिस्तान के अभी भी आयात पर निर्भर है। इसकी एक बड़ी वजह उसका जलवायु-अनुकूल स्वदेशी किस्मों को विकसित नहीं कर पाना है। फिलहाल दोनों देशों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। भारत का अनुमान है कि फसली वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड तक पहुंचेगा। दूसरी ओर पाकिस्तान ने 3.22 करोड़ टन पैदावार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। जहां दोनों देश 2010 से गेहूं की फसल पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव का सामना कर रहे हैं, वहीं चालू वर्ष असाधारण रूप से अनुकूल रहा है। इस दौरान न तो गरम हवा देखने को मिली और न ही फसल को प्रभावित करने वाली बेमौसम बारिश हुई।

हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे : ज्ञानेंद्र सिंह

आईसीएआर-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूबीआर) के निदेशक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया-इस साल मौसम अनुकूल है। मध्य जनवरी और फरवरी की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान, गर्म हवा और बेमौसम बारिश की कोई घटना नहीं हुई। हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नए बीजों की उपलब्धता और किसानों के बीच अधिक जागरूकता के कारण इस साल गेहूं के कुल रकबे के 80 प्रतिशत से अधिक में जलवायु-अनुकूल गेहूं की किस्मों को बोया गया है।

डॉ. मीनेष शाह चुने गए राष्ट्रीय सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष

नई दिल्ली। डेरी सहकारिता की शीर्ष संस्था नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीडीएफआई) ने सर्वसम्मति से डॉ. मीनेष शाह को अपना अध्यक्ष चुना है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी आनंद के जिलाधिकारी प्रवीण चौधरी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इससे पहले 4 अप्रैल, 2024 को हुई फेडरेशन की आम सभा की बैठक में आठ निदेशकों को चुना गया, जिसमें झारखण्ड दुग्ध महासंघ से डॉ. मीनेश शाह, सिक्किम दुग्ध महासंघ से डॉ. मंगत जीत राय, गुजरात दुग्ध महासंघ से शामलभाई बी पटेल, हरियाणा दुग्ध महासंघ से रणधीर सिंह, केरल दुग्ध महासंघ से के एस मणि, कर्नाटक दुग्ध महासंघ से बालचंद्र एल जाराकिहोली, पंजाब दुग्ध महासंघ से नरिंदर सिंह शेरगिल और पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ से समीर कुमार परीदा शामिल हैं।

भारत और सिंगापुर के बीच व्यापार 18.2% बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी जानकारी

सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी।

उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23

के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 7.6 अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	82,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72,750
गिन्नी (प्रति नग)	54,200-54,400

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	78,500
चांदी तैयार	78,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500

बरेली

सोना जेवरात पक्के	70,700
सोना जेवरात गिन्नी	69,700
चांदी पक्की	783 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	70,700
चांदी आभूषण	79,100।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता :145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

98 प्रतिशत से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● विस्तारा एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने दी जानकारी

विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इस महीने का परिचालन सप्ताहांत तक स्थिर होने की उम्मीद है। चालक दल की कमी के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में एयरलाइंस को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद करनी पड़ीं।

कन्नन ने कहा कि हालात में सुधार हुआ है और इस सप्ताहांत तक अप्रैल, 2024 के बाकी दिनों के लिए परिचालन स्थिर हो जाएगा। पायलटों के लिए नए अनुबंध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों के मन में अनुबंध को लेकर कुछ चिंताएं और सवाल हैं। कहा कि एयरलाइन चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है और 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारा में लगभग 1,000 पायलट हैं। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि पायलटों के एक वर्ग ने नए अनुबंध के बारे में चिंता जताई है।

पनबिजली क्षमता 2031-32 तक 50% तक बढ़ जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

● विद्युत मंत्रालय ने दावा करते हुए की भविष्यवाणी

वर्तमान में निर्माणाधीन 15 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ, देश अपनी पनबिजली क्षमता में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। यह वर्तमान के 42 गीगावॉट से बढ़कर 2031-32 तक प्रभावशाली तरीके से 67 गीगावॉट हो जाएगा, यानी इसमें 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

भारत अपने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के शिखर पर है, क्योंकि विद्युत मंत्रालय ने पनबिजली परियोजनाओं की प्रगति की घोषणा की है, जो देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विद्युत मंत्रालय के

अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी की है, जिससे जलाशय के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

विशेष रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलने से भी मदद मिलेगी। यह जलविद्युत परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है। नतीजतन, तापमान में किसी भी वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने में वृद्धि इन परियोजनाओं की क्षमता को और मजबूत करेगी। पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी), जिन्हें अक्सर वाटर बैटरी कहा जाता है, देश के ऊर्जा संचरण के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। ग्रिड को अधिक जड़ता और संतुलन शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं वर्तमान में 2.7 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं, जबकि अतिरिक्त 50 गीगावॉट विकास के विभिन्न चरणों में है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
रियान पराग (आरआर)	04	185
संजू सैमसन (आरआर)	04	178

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

खेल डायरी

स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन ट्राफी जीती

चंडीगढ़। भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है। 12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है।

टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कोबोली को हराया

मोंटे कार्लो (फ्रांस)। भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

विदित ने नाकामुरा और गुकेश ने प्रगानानंदा को हराया

टोरंटो। विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबैजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे।

सेंथिल कुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

नयी दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल कुमार इस 50000 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11, 6-11, 4-11 से हारकर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा, ''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक दूसरे का सामना किया है।

भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी सेमीफाइनल से बाहर

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने तीसरी वरीयता निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिए जरूर लेता

मुबंई, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बनाकर रखते।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा " मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनों में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा " हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते।

पूरी तरह फिट और शानदार फॉर्म में हैं ऋषभ पंत

- टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली
- रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा दिल्ली का सामना

मुंबई, एजेंसी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चयन के लिये खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिये। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिये वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत भारतीय टीम में चयन के लिये तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा, '' कुछ मैच हो जाने दीजिये। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है।'' उन्होंने कहा, '' उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिये, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।''

बटलर के जोश के आगे बेंगलुरु पस्त राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

विराट कोहली का नाबाद शतक नहीं आया काम, आरसीबी की 5 मैचों में चौथी हार

विराट कोहली

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन (69) और जोस बटलर (100 नाबाद) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में दूसरे विकेट लिये 148 रन की तेज भागीदारी कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज कर दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 184 रन बनाये, जिसके जवाब में राजस्थान ने विजय लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर हासिल कर लिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर विराट कोहली (113 नाबाद) ने अपने आईपीएल करियर का सर्वाधिक स्कोर बनाया। लेकिन संजू सैमसन और जोस बटलर ने आरसीबी के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुये विजय लक्ष्य को बौना कर दिया। आरसीबी की तरह राजस्थान के भी तीन विकेट जल्दी जल्दी आउट हुये मगर बटलर और शिमरान हेटमायर (11 नाबाद) ने टीम को लगातार चौथी जीत दिलाकर ही सांस ली। बटलर ने अपना शतक और जीत के लक्ष्य को छक्के के साथ पूरा किया। इससे पहले विराट और फाफ डुप्लेसी (44) के साथ 125 रन की शतकीय भागीदारी की मदद से राजस्थान ने तीन विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की। दोनो बल्लेबाजों ने पहले 14 ओवर में 125 रन ठोक कर बड़े स्कोर का संकेत दे दिया था। डुप्लेसी केओवर की पहली गेंद पर फिरकी गेंदबाज यजुवेंद्र चहल का शिकार बने जिसके बाद आखिरी के छह ओवर के खेल में विराट ने अपनी रफ्तार बढायी और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी। उन्होने अपनी शतकीय परी में 72 गेंद खेल कर 12 चौके और चार ऊंचे छक्के लगाये। उन्होने पारी के आखिरी गेंद पर भी गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा हालांकि डुप्लेसी के बाद दूसरे छोर पर उन्हे अपेक्षित मदद नहीं मिली वरना आरसीबी का स्कोर 200 के करीब पहुंच सकता था।

जोस बटलर

मयंक के खिलाफ शॉट लगाओ या ओवर को निपटा लो : मिलर

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सत्र में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब वे आईपीएल मैच में इस युवा गेंदबाज का सामना करें तो उन पर शॉट लगाएं या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। यादव की सटीक और दनदनाती गेंदों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा मजबूती दिलायी है और वह 2024 आईपीएल सत्र में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गये हैं। 21 वर्षीय यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे।

बेंगलुरु 183/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली नाबाद	113	72	12/4
फाफ डु प्लेसी का बटलर बो चहल	44	33	2/2
ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर	01	03	0/0
सौरव चौहान का जायसवाल बो चहल	09	06	0/1
कैमरन ग्रीन नाबाद	05	06	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0

राजस्थान 189/4 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का मैक्सवेल बो टॉपली	00	02	0/0
जोस बटलर नाबाद	100	58	9/4
संजू सैमसन का दयाल बो सिराज	69	42	8/2
रियान पराग का कोहली बो दयाल	04	04	1/0
ध्रुव जुरेल का कार्तिक बो टॉपली	02	03	0/0
शिमरोन हेटमायेर नाबाद	11	06	2/0

गेंदबाजी : टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0

डिकॉक, पूरन और मयंक के भरोसे हैट्रिक लगाने उतरेंगे जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मध्य मुकाबला आज रात 7:30 बजे से

अमृत विचार: एक बार फिर वही मैदान जहां आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत का अभियान शुरू किया। इस अभियान में एलएसजी के क्विंटन डिकॉक और निकोलस पूरन ने जहां रनों की बारिश की, वहीं रफ्तार के नये बादशाह मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम को उखाड़ फेंका। तीन मैचों में एलएसजी ने दो मैच जीते हैं, जिनमें जीत के हीरो यह तिकड़ी रही। एलएसजी के सामने अब जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एलएसजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम होगी।

पिछले दो मैच में एलएसजी की जीत में दिल्ली स्पीड स्टार मयंक यादव का विशेष योगदान रहा। पंजाब और बेंगलुरु के खिलाफ वह मैन ऑफ द मैच रहे। टीम प्रबंधन को एक बार फिर होम ग्राउंड पर उनसे उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसा उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ किया था।

लखनऊ के लिए उपकप्तान पूरन और सलामी बल्लेबाज क्विवंटन डिकॉक बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की थी। इकाना स्टेडियम में पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में खूब रन बरसे थे। रविवार को होने वाले मुकाबले में भी एक बार मुकाबला हाईस्कोरिंग होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रविवार को होने वाले मुकाबले में इस तिकड़ी पर ही होंगी। केएल राहुल, पडिक्कल और स्टोइनिस अभी तक तीनों मैचों में कुछ विशेष नहीं कर सके हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी खोई फार्म वापस पानी होगी। गुजरात के खिलाफ आयुष बडोनी की जगह दीपक हुड्डा खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

जीत का अजेय क्रम बरकरार रखने उतरेंगे जायंट्स : कप्तान शुभमन गिल और बल्लेबाज साई सुदर्शन को छोड़कर टीम के अन्य खिलाड़ी विशेष प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी के अजेय क्रम को बरकरार रखने के लिए शुभमन को टीम के साथ दमदार प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव को इकोनॉमी रेट में सुधार करने की जरूरत होगी। अनुभवी स्पिनर राशिद खान को भी फार्म में आना होगा। खास बात यह है कि राशिद खान लखनऊ की पिच से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा। **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जॉश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, ऋद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, संदीप वारियर, शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरत, मोहित शर्मा, मानव, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव।

बॉलीवुड हलचल

आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक के साथ अपना गाना 'अख दा तारा' रिलीज किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपना पहला गाना 'अख दा तारा' रिलीज कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने पना नवीनतम सिंगल, ''अख दा तारा'' रिलीज किया है, जो वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ उनका पहला सहयोग है। गाना 'अख दा तारा' में आयुष्मान खुराना एक लवर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो ब्रेकअप के बाद की स्थिति को दिखा रहा है। वे एक लवर के मनोभावों जैसे उपेक्षा, गुस्सा, निराशा, सौदेबाजी और स्वीकृति को जाहिर कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया, मुझे लगता है कि मैंने ''अख दा तारा'' के साथ अपनी संगीत यात्रा में खुद को फिर से स्थापित किया है। यह ट्रैक मेरे द्वारा पहले गाए गए किसी भी ट्रैक से अलग है, इसमें पॉप संगीत के साथ दिल टूटने की भावना को इस तरह से मिश्रित किया गया है कि दोनों गहराई से महसूस होते हैं। गहरे धुनों और छंदों से भरा यह गाना ग्लोबल अपील रखता है, जो विश्व स्तर पर हमारी दस्तक का प्रतीक है। हम और अधिक गाने रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। मैं निश्चित रूप से रचना में शामिल रहूंगा और उनमें से कुछ लिखूंगा।

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना 'डिफेंडर' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने 'डिफेंडर' से धमाल मचा दिया है। गाने में मनकीरत औलख अपने चिर परिचित स्वैग वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है। इस गाने में अक्षरा सिंह ने अभिनय किया है। म्यूजिक सेवी, लिरिक्स रईस का है। निर्देशक शेरा हैं। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह नए स्टाइल का गाना है जो ट्रेंड सेट करता है। मैं खुश हूं कि देश के दिग्गज कलाकारों के साथ इस गाने को किया है और उम्मीद करती हूं कि सबों को यह पसंद आयेगा।

ओटीटी पर 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन होगा रिलीज!

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज किया जायेगा। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। सिनेमाघरों में रिलीज के पहले ओटीटी पर प्रभास की फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज होगा, जिसके लिये प्रभास ने डबिंग की है। चर्चा है कि नाग अश्विन ने 'कल्कि' से जुड़ा एक एनिमेटेड वर्जन बनाया है, जो फिल्म के बैकड्रॉप पर सेट है। बताया जा रहा है कि मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने से पहले उस एनिमेटेड वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे। कहा जा रहा है कि उस एनिमेटेड वर्जन के जरिए मेकर्स ऑडियंस को 'कल्कि' की दुनिया से रुबरू करायेंगे। वैजयंती मूवीज निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 09 मई 2024 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार पर गहन चर्चा

नामपेन्ह। हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भारत का 50 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल इन दिनों थाईलैंड और कंबोडिया की यात्रा पर है।

बता दें, कि यह यात्रा 2 से 8 अप्रैल तक रहेगी। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत नागेश सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार, विश्व हिन्दी परिषद महासचिव डॉ. विपिन कुमार और प्रतिनिधिमंडल के लिए चाय की मेजबानी की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कर रहे हैं और पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है। इस भेंट के दौरान सभी गणमान्यों के बीच, हिंदी और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार को लेकर काफी गहरी चर्चा हुई।

सहमति से बनाए संबंध को नहीं कह सकते गलतफहमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का मामला रद करते हुए की टिप्पणी

आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध से जुड़े दुष्कर्म मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद करने को लेकर दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि जब महिला आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने का निर्णय लेती है और इसके परिणामों को जानती हो तो उसे गलत धारणा पर आधारित सहमति नहीं कहा जा सकता।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने कहा कि जब तक कोई स्पष्ट सुबूत न हो तब तक सहमति को गलत धारणा पर आधारित कहना उचित नहीं है। सहमति को लेकर किया गया वादा तत्काल प्रासंगिक होना चाहिए और इसका महिला के यौन कृत्य में शामिल होने के निर्णय से सीधा संबंध होना चाहिए। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता और उसने अदालत की कार्यवाही के दौरान ही आपसी सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली और वो दोनों खुशी-खुशी रह रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया कि वह गलत धारणा के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहती थी क्योंकि परिवार के विरोध के कारण आरोपित की ओर से विवाह के लिए अनिच्छा थी। बता दें, शिकायतकर्ता ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराकर आरोप लगाया था युवक ने बार-बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। कोर्ट ने कहा कि कार्यवाही को रद करने से दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक संबंधों में बेहतर सामंजस्य होगा।

मालदीव ने वस्तुओं के निर्यात पर भारत का आभार जताया

माले। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट और सागर की अपनी नीतियों के प्रति नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई है। मालदीव से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने नई दिल्ली की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई।

मूसा जमीर ने ट्वीट किया, 'मैं मालदीव को वर्ष 2024 और 2025 के दौरान भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम करने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। भारत का यह कदम दीर्घकालिक मित्रता को दर्शाता है।

मेटा ने नेटफ्लिक्स को दी यूजर के प्राइवेट मैसेज पढ़ने की मंजूरी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक ने नेटफ्लिक्स को डेटा के बदले में यूजर्स के प्राइवेट मैसेज एक्सेस करने की मंजूरी दी है। इस बारे में दोनों प्लेटफॉर्म के बीच एक करार हुआ था। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा द्वारा अपने स्ट्रीमिंग व्यवसाय को बंद करने के फैसले के बीच ये खुलासा कुछ कोर्ट दस्तावेज से हुआ है। ये दस्तावेज डिजाइन, प्रौद्योगिकी वेबसाइट गिजमोडो के हाथ लगे हैं। लीक डॉक्यूमेंट में दावा किया गया है कि दोनों कंपनियों के बीच यह सौदा 2013 में हुआ था। इस एक्सेस के बदले में नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया कि यूजर ने नेटफ्लिक्स की सिफारिशों के साथ कैसे इंटरैक्ट किया, जैसे कि उन्होंने कितनी बार दूसरों को सिफारिशें भेजीं और उन सिफारिशों पर कितने क्लिक प्राप्त हुए।

- आरोपों पर कहा कि नेटफ्लिक्स के साथ उसका समझौता इंडस्ट्री में होने वाला सामान्य करार हैं। हालांकि, उसने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या करार ने नेटफ्लिक्स से प्रतिस्पर्धा में फेसबुक वॉच को बंद करने के निर्णय में कोई भूमिका निभाई है।

मैसेज के बदले नेटफ्लिक्स ने दिए विज्ञापन

रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने फेसबुक पर अपना विज्ञापन खर्च बढ़ा दिया था, जो 2019 की शुरुआत तक लगभग 15 करोड़ डॉलर (करीब 1250 करोड़ रुपए) प्रति वर्ष तक पहुंच गया था। नेटफ्लिक्स के संस्थापक और पूर्व पूर्व सीईओ रीड हेस्टिंग्स ने 2019 के अंत में फेसबुक बोर्ड छोड़ दिया। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने इन यानी नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया और बताया कि उसके यूजर्स प्लेटफॉर्म रिकमंडेशन के हिसाब से कैसे इंटरैक्ट करते हैं और कैसे अपनी पंसद-नापसंद का चुनाव करते हैं। इससे पहले, मेटा ने एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन लागू करने का दावा किया था। कहा था कि मैसेंजर और फेसबुक पर सभी व्यक्तिगत चैट और कॉल इंक्रिप्टेड हैं।

क्या बोला मेटा

इस पर मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे के दावे निराधार हैं। गिजमोडो के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच यह दोस्ताना करार एक दशक से चला आ रहा है। यह छिपा नहीं है कि ये नजदीकी साझेदारी कैसे विकसित हुई और इसका प्रबंधक कौन था। 2011-2019 तक नेटफ्लिक्स के तत्कालीन सीईओ हेस्टिंग्स फेसबुक के बोर्ड में शामिल हुए और इस साझेदारी को आगे बढ़ाया।

एक नजर

पाकिस्तान में आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में पुलिस उपाधीक्षक और कांस्टेबल की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि आतंकवादियों ने लक्की मरवत जिले के मंजीवाला चौक के निकट पुलिस वाहन पर हमला किया, जिसमें डीएसपी गुल मोहम्मद खान और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि अफगानिस्तान सीमा के निकटवर्ती क्षेत्र में हमला हुआ है, जिससे आतंकी सीमा लांघ कर दूसरी ओर भाग गए। बता दें, हाल के दिनों में प्रांत के दक्षिणी जिलों में आतंकवाद हमलों में वृद्धि हुई है।

मिस्र में फूलों की बहार

काहिरा। अफ्रीकी देश मिस्त्र में इन दिनों गेंदा, गुड़हल और अन्य प्रजाति के फूलों की कटाई चल रही है। इन फूलों का इस्तेमाल आमतौर पर सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिकल्स और पारंपरिक चिकित्सा में होता है। मिस्र से हर साल करीब 4 .50 लाख करोड़ रुपए का फूल निर्यात किया जाता है।

पाकिस्तान में 4.5 की तीव्रता से आया भूकंप, दहशत में आए लोग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए हैं। शनिवार शाम चार बजकर 13 मिनट पर पड़ोसी मुल्क में धरती डोली, जिससे लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 .5 रही। भूकंप के कारण कितने लोग हताहत हुए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। बता दें, कुछ दिन पहले ताइवन में भूपंक से कई क्षेत्र तबहा हो गए थे।

यूक्रेन पर रूसी हमले में 10 लोगों की मौत, कई घायल, 40 घर तबाह

कीव। पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायलय हुए हैं। जापोरिझिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी मिसाइल हमलों में दक्षिणी शहर जापोरिझिया में 10 लोगों की मौत हुई है और अन्य 23 घायल हो गए। इसके अलावा हमले में 24 निजी घरों समेत 40 से अधिक घरों और नौ आपर्टमेंट को नुकसान पहुंचा है। जबकि इससे एक दिन पहले यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकिव पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं। कमांडर ओलेशुक के अनुसार तीन मिसाइलों और 28 ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया गया था।

बाइडन की चेतावनी के बाद नेतन्याहू के तेवर नरम, सीमा खोलने पर राजी

राहत : गाजा में भुखमरी झेल रहे लोगों तक 6 महीने बाद मदद पहुंचने की उम्मीद जगी

वाशिंगटन/यरूशलम, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के बाद इजराइल के तेवर नरम पड़ गए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों तक मानवीय सहायता पहुंचाने की दिशा में कदम उठा रहा है।

एक अधिकारी ने उत्तरी गाजा के बीच इरेज क्रॉसिंग को फिर से खोलने की मंजूरी दी है। साथ ही इजराइली पोर्ट अशदोद के इस्तेमाल की भी इजाजत रहेगी। हालांकि घोषणा में यह नहीं बताया गया कि किन वस्तुओं को आने दिया जाएगा और किस मात्रा में आने दिया जाएगा। इससे पहले, व्हाइटहाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि दोनों जगहों के अलावा इजराइल ने जॉर्डन से भी मदद में वृद्धि करने पर सहमति जताई है।

बता दें कि गुरुवार को फोन पर नेतन्याहू से बाइडन ने कहा था कि गाजा में युद्ध के लिए भविष्य में अमेरिकी समर्थन नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए इजराइल की ओर से कदम उठाए जाने पर निर्भर करेगा। जंग के चलते गाजा में हालात खराब हैं और भुखमरी फैली है।



अंतर्राष्ट्रीय अदालत भी राहत के लिए दे चुकी है आदेश

संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया के कई देश गाजा में बिगड़ रहे हालात पर चिंता जता चुके हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ने भी इजराइल से क्रॉसिंगों के माध्यम से आने वाली सहायता में वृद्धि किए जाने पर जोर दिया था। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने इजराइल को आदेश दिया था कि गाजा में सहायता पहुंचाने में आने वाली बाधाएं खत्म करे। तब इजराइल ने कहा था वह देरी के लिए जिम्मेदार नहीं है।

नेतन्याहू ने पहली बार हमले के चलते दो अफसरों को किया बर्खास्त

इजराइल ने सेना के दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है, जो गाजा में एक खाद्य चैरिटी के काफिले पर हवाई हमले में शामिल इकाई का हिस्सा थे। जिन पर कार्रवाई हुई है, उनमें ब्रिगेड फायर सपोर्ट कमांडर और ब्रिगेड चीफ ऑफ स्टाफ शामिल हैं। इसके अलावा, अतिरिक्त कमांडरों को भी इस हवाई हमले के लिए फटकार लगाई गई है। यह कार्रवाई उस घटना की जांच के बाद हुई।

ईरानी धमकी के बाद इजराइल ने सैनिकों की छुट्टी रोकी

सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले में ईरान के शीर्ष जनरल की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। ईरान के जवाबी हमले की चेतावनी के बाद इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सभी लड़ाकू सैनिकों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। आईडीएफ ने कहा कि हमारे सैनिक पहले से युद्ध में हैं। स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से लड़ाकू इकाइयों की छुट्टी रद्द की गई है। इसी बीच पत्रकारों और तेल अवीव में रहने वाले लोगों ने बताया कि जीपीएस सेवाएं बंद कर दी गई हैं। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों को रोकने के लिए जीपीएस को बंद किया जाता है। बता दें कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले में ईरान के टॉप जनरल रेजा जहेदी और उनके डिप्टी समेत 5 अन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान और सीरिया ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान ने कहा कि यह बर्बरता पूर्ण कृत्य है और इसका हम बदला लेंगे और अपने अनुसार लेंगे।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

रायपुर। तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर बड़ा नक्सल विरोधी ऑपरेशन देखने को मिला है। दरअसल, पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा जंगलों में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक सहयोग से तेलंगाना के सुरक्षा बलों के नेतृत्व में एक नक्सल विरोधी अभियान में तीन नक्सली मारे गए। मौके से नक्सलियों के शव और एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि इससे पहले भी कई नक्सल अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है।

तेलंगाना की सीमा से लगे घने जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। इस सप्ताह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित कम से कम 13 नक्सली मारे गए थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है। यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है।

अब बच्चे के जन्म पर माता पिता दोनों देंगे धर्म का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था

अब बच्चे के जन्म के रजिस्ट्रेशन में माता और पिता के धर्म का ब्योरा अलग- अलग दर्ज होना जरूरी होगा। अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था। गृह मंत्रालय ने इस बारे में मसौदा तैयार किया है। मसौदा राज्यों को भी भेजा गया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया है कि, प्रस्तावित फॉर्म नंबर-1 में बच्चे के परिवार के धर्म के साथ-साथ एक कॉलम और जोड़ा गया है जिसमें माता-पिता के धर्म का उल्लेख होगा।

गोद लेने की प्रक्रिया में भी फॉर्म नंबर- 1 जरूरी होगा। पिछले साल पारित जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) कानून के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर जन्म और मृत्यु का पंजीयन होगा। 1 अक्टूबर 2023 से प्रभावी हुए इस कानून के अनुसार जन्म और मृत्यु का डिजिटल रजिस्ट्रेशन होगा। बच्चे के माता-पिता के धर्म के बारे में जानकारी सांख्यिकी विभाग के साथ साझा होगी। इस डेटाबेस से आधार, एनपीआर और वोटर लिस्ट भी अपडेट होगी

जानकारी के अनुसार जन्म रजिस्ट्रेशन के नए फॉर्म नंबर-1 से

मिले डेटाबेस के आधार पर एनपीआर (नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर), आधार कार्ड, वोटर लिस्ट, राशन कार्ड, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज को भी अपडेट किया जा सकेगा। जन्म का यह डिजिटल सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट (एकल दस्तावेज) के रूप में मान्य होगा। ये किसी भी शिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए जन्म का मान्य दस्तावेज भी होगा। गृह मंत्रालय के तहत आरजीआई ने मृत्यु प्रमाण-पत्र में अब मृत्यु के तात्कालिक कारणों के साथ-साथ पुरानी बीमारी के उल्लेख को भी जरूरी किया है। आरजीआई देश भर में जन्म और मृत्यु के डेटा का संधारण राष्ट्रीय स्तर पर करेगा। आरजीआई को राज्यों के चीफ रजिस्ट्रार से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियों के साथ को-ऑर्डिनेशन के अधिकार भी सौंपे गए हैं।

असामान्य बर्फबारी...

कैलिफोर्निया : अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बिग बेयर माउंटेन रिजॉर्ट में भीषण बर्फबारी का दौर अब तक जारी है। एक हफ्ते में इस क्षेत्र में दो फीट बर्फबारी हुई। यह असामान्य है, क्योंकि मार्च के आखिर तक बर्फबारी थमने लगती है। अभी आगे भी एक से दो दौर तक अच्छी बर्फबारी के आसार हैं। कैलिफोर्निया के मौसम विभाग के मुताबिक सर्दियों में जमकर बारिश हुई थी। उसके बाद अक्टूबर के आखिर से ही बर्फबारी होने लगी। यह घटनाएं भी असामान्य रहीं। आमतौर पर बर्फबारी नवंबर से शुरू होती है। ● एजेंसी

लाओस में अवैध काम में फंसे 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। जयशंकर ने कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है।

बता दें, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। विदेश मंत्रालय कहा था, कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं। लेकिन अब सभी भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लौट रहे हैं।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, जांच जारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने घटना की दी जानकारी

अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों की मौतें हो रही हैं। एक और अमेरिकी राज्य ओहियो में एक भारतीय छात्र की मौत की खबर आई है। इसकी जानकारी न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को दी। दूतावास ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है। हमारा भारत में परिवार के संपर्क में बना हुआ है। टीआरए सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है। वहीं, मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

वाणिज्य दूतावास ने कहा कि मृतक छात्र के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की गई है, वहीं, छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ओहियो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साईं गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों की मौतें बढ़ रही हैं। इससे पहले मार्च में, एक 25 वर्षीय भारतीय छात्र अमेरिका के क्लीवलैंड इलाके से लापता हो गया था, जिसके कुछ दिन बाद पीड़ित के परिवार से फोन करके फिरौती मांगी गई थी।

केरल में प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या 10 लोग गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुवातुपुझा में एक मॉब लिंचिंग का कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। मृतक नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुझा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसके मुताबिक, दास को एक खंभे में बांधकर पीटा गया। बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

विज्ञान नए शोध से हुआ खुलासा, हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट की होती है संभावना

ब्रह्मांड के सौवें हिस्से में हर सेकंड में होता है सुपरनोवा विस्फोट

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: सुपरनोवा विस्फोट से उत्पन्न होने वाले विकिरण से पृथ्वी पर जीवन के लिए खतरे की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। ब्रह्मांड में प्रत्येक सेकंड में सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है, जबकि हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट होने की संभावना रहती है।

हाल में हुए शोध में यह जानकारी सामने आई है। पृथ्वी बाहरी खतरों से कभी भी अछूती नही रही है। क्षुद्रग्रहों से अनगिनत मार सहती रही है। मगर इन सब में ऊपर एक बड़ा खतरा सुपरनोवा से है। जिससे उत्पन्न विकिरण पृथ्वी पर

सुपरनोवा विस्फोट के बाद का दृश्य।

जीवन के लिए भयानक खतरा हो सकता है। सुपरनोवा विस्फोट सूर्य से कई गुना बड़े तारों में होता है। यह विस्फोट तारे के अंत समय में होता है।

यानि विस्फोट के साथ उसकी मौत हो जाती है। सूर्य के आकार के बराबर तारों की बात करें तो उनके अंत समय के बाद वह सफेद बौना तारे में बदल जाते हैं, लेकिन सूर्य से आठ गुना विशाल तारे की मौत सुपरनोवा विस्फोट के साथ बेहद हिंसक रूप से होती है। सुपरनोवा विस्फोट से होने वाले खतरे की संभावना को लेकर किए अध्ययन के मुताबिक किसी भी आकाशगंगा में सुपरनोवा विस्फोट की घटना एक शताब्दी में केवल कुछ ही बार घटित होती है। ये हिंसक विस्फोट आम तौर पर इतने दूर होते हैं कि पृथ्वी पर लोगों को इसका पता ही नहीं चलता। किसी मरते हुए तारे का हमारे ग्रह पर जीवन पर प्रभाव डालने के लिए उसे पृथ्वी से 100 प्रकाश वर्ष के भीतर ये घटना होनी चाहिए।

यदि यह दूरी 30 प्रकाश वर्ष के भीतर हो तो पृथ्वी के जीवों के लिए बेहद खतरनाक हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ एस्ट्रोनॉमी व एरिज़ोना यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के सामुहिक शोध के अनुसार ब्रह्मांड में 100 अरब आकाशगंगाओं में कहीं न कहीं एक सेकंड के सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है।

2.5 मिलियन वर्ष पूर्व सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र में खोजे

खगोलविदों ने 300 प्रकाश वर्ष दूर एक सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र की गहराई से खोज निकाले हैं। यह विस्फोट 2 .5 मिलियन वर्ष पहले हुआ था। समुद्र तल की तलछट में फंसे रेडियोधर्मी परमाणु इस घटना के स्पष्ट संकेत हैं। विस्फोट में गामा किरणों के विकिरण ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस घटना ने जलवायु को ठंडा कर दिया होगा। जिससे कुछ प्राचीन प्रजातियाँ विलुप्त हो गईं।

जयपुर में बांग्लादेशी की किडनी निकाली फिर गुरुग्राम भेजा

गुरुग्राम। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को गुरुग्राम में किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया। यह रैकेट जयपुर में चलाया जा रहा था। टीम ने गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल के गेस्ट हाउस में छापा मारा तो एक बांग्लादेशी मो. शमीम नामक युवक मिला। इसकी किडनी जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में निकाली गई और फिर डे-केयर के लिए गुरुग्राम के होटल में रखा गया था।

टीम ने बाद में 4 और किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज पकड़े। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक रोहित सहित अन्य पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन चौधरी ने बताया कि एक होटल में किडनी प्रत्यारोपण रैकेट की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापा मारा गया।

बड़ी कंपनियां ट्रांसजेंडर कर्मियों की कर रहीं भर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील अब तक 120 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की कर चुकी है नियुक्ति

देश में टाटा स्टील, आरजे कॉर्प, पब्लिसिस सेपिएंट जैसी और अन्य बड़ी कंपनियां ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। कुछ कंपनियों ने इसके लिए अपनी पॉलिसी भी बदली है।

टाटा स्टील तो अब तक 120 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर चुकी है। कंपनी ने हाल ही में 50 नए ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की भर्ती की पहल की है। इसके लिए करीब 300 आवेदन आए। कंपनी ने इस कई कंपनियां अपनी नीतियों को ट्रांसजेंडरों के अनुकूल बना रही हैं। इसके लिए नियुक्ति नियमों में बदलाव शुरू किया है। कुछ लोग ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

हार्मोन थेरेपी के लिए ज्यादा स्टाइपेंड दे रही हैं। अधिकांश कंपनियां अब ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा लाभ दे रही हैं जिनमें हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के साथ-साथ लिंग परिवर्तन सर्जरी भी शामिल है।

बैच में 14 ट्रांसजेंडरों को नियुक्ति भी की है। डिजिटल सर्विस कंपनी पब्लिसिस सैपिएंट ने रेनबो इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को काम पर रखा है। ईएसएल स्टील भी प्रशासन/सुरक्षा कार्यों में ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना तैयार की है। पेप्सिको ने भी ऐसी योजना बनाई है।